रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर


हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 3 मार्च 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 192 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### खंडवा के सांसद और पूर्व प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष नंदकुमार सिंह का निधन



**भोपाल।** खंडवा से बीजेपी के सांसद नंदकुमार सिंह चौहान का निधन हो गया है। उन्होंने दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल में मंगलवार सुबह अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। गंभीर हालत में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था और वे कोरोना से भी संक्रमित थे। नंदकुमार सिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन चौहान ने नवभारतटाइम्स डॉटकॉम से उनकी पिता की मौत की पुष्टि की है। खंडवा के सांसद एवं पूर्व बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार सिंह चौहान पिछले लगभग 1 महीने से दिल्ली में भर्ती थे। 11 जनवरी को कोरोना पॉजिटिव होने के बाद के बाद भोपाल के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था । ज्यादा सीरियस होने की वजह से उन्हें दिल्ली के मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया गया था । बताया जा रहा है कि चौहान की पार्थिव देह आज दोपहर एयर एंबुलेंस से खंडवा हवाई पट्टी लाई जाएगी और वहां से बुरहानपुर ले जाई जाएगी। अंतिम संस्कार गृहनगर शाहपुर में होना संभावित है।

### फरवरी में निर्यात घटा

**नयी दिल्ली।** फरवरी 2021 में भारतीय वस्तुओं का निर्यात 0.25 प्रतिशत घटकर 27 अरब 67 करोड़ डालर दर्ज किया गया है जबकि इससे पिछले वर्ष के इसी माह में यह आंकड़ा 27 अरब 74 करोड़ डालर रहा था। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मंगलवार को यहां जारी एक आंकड़ों में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक कुल निर्यात 12.32 प्रतिशत गिरकर 255.92 अरब डालर रहा है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कुल निर्यात 291.87 अरब डालर था। फरवरी 2021 में कुल आयात 6.98 प्रतिशत बढ़कर 40 अरब 55 करोड़ डालर हो गया है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार तीसरे दिन टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में नरमी आने से घरेलू बाजार मे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज लगातार तीसरे दिन स्थिरता रही। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल अभी 91.17 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 81.47 रुपए प्रति लीटर पर है।

# देश के पर्यटन नक्शे पर महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में उभरेगा छत्तीसगढ़ का डोंगरगढ़ : सीएम भूपेश

**प्रशाद योजना में स्वीकृत 43.33 करोड़ रूपए लागत की मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ विकास परियोजना का भूमिपूजन**

- **मुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी वर्चुअल माध्यम से समारोह में जुड़े**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डोंगरगढ़ में पर्यटन सुविधाओं के विकास के स्वीकृत की गई 43.33 करोड़ रूपए की लागत की माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ विकास परियोजना के पूरा होने से छत्तीसगढ़ का डोंगरगढ़ देश के पर्यटन नक्शे पर महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में उभरेगा। इससे जहां पर्यटन विकास की संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री आज यहां विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष से डोंगरगढ़ में आयोजित माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ विकास परियोजना के भूमिपूजन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने की। पटेल भी वर्चुअल माध्यम से समारोह में शामिल हुए। डोंगरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भूमिपूजन किया।रायपुर में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशाद योजना की इस परियोजना के पूरे होने से डोंगरगढ़ आने वाले पर्यटकों को यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर की पहाड़ी और प्रज्ञा गिरी पहाड़ी को शामिल किया गया है। यहां चन्द्रगिरी में जैन तीर्थ भी बन रहा है। उसे भी इस परियोजना में जोड़ा जाना चाहिए, ऐसा होने से डोंगरगढ़ जैन, बौद्ध और सनातन धर्म के केन्द्र के रूप में उभरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चैत्र और शारदीय नवरात्रि में हजारों लोग डोंगरगढ़ आते है। सालभर में यहां लगभग 50 लाख श्रद्धालु जुटते हैं। यहां जन सुविधाओं के विकसित होने से पर्यटकों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास की काफी संभावनाएं हैं। केन्द्रीय पर्यटन राज्य मंत्री पटेल से मुख्यमंत्री ने यह आग्रह भी किया कि प्रशाद योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे अमरकंटक की स्वीकृत विकास परियोजना में छत्तीसगढ़ के कबीर चबूतरा, राजमेरगढ़ और उस क्षेत्र के शिव मंदिरों को भी शामिल किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ से सबसे ज्यादा संख्या में पर्यटक अमरकंटक जाते है। नर्मदा परिक्रमा की भांति लोग अमरकंटक परिक्रमा भी करते है। अमरकंटक परिक्रमा का आधा क्षेत्र छत्तीसगढ़ में पड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में अलग-अलग पर्यटन परियोजनाओं के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा 80 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इस बार प्रशाद योजना में डोंगरगढ़ के लिए 43 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। केन्द्रीय पर्यटन राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डोंगरगढ़ परियोजना में चन्द्रगिरी तीर्थ को भी शामिल किया जाना चाहिए। इसका लाभ क्षेत्र में पर्यटन में मिलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी। ताकि पर्यटन से संबंधित दूसरी परियोजनाओं के लिए राशि का आबंटित की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशाद परियोजना के अंतर्गत पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण ऐसे सभी स्थलों में विश्वस्तरीय जन सुविधाएं विकसित करने का काम किया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की स्वदेश योजना के अंतर्गत पर्यटन स्थलों के मध्य कनेक्टीविटी को बढ़ावा देने का लक्ष्य तय किया गया था। उन्होंने कहा कि पर्यटन ➢शेष पेज 8 पर

# असम में सत्ता में कांग्रेस आयी तो सीसीए निरस्त करेंगे : प्रियंका

वार्ता ◄ तेजपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू किए जाने पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर उनकी पार्टी असम में सत्ता में आती है तो इस कानून को निरस्त किया जाएगा। श्रीमती गांधी ने असम यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा,÷ पिछले विधानसभा चुनावों में उन्होंने कहा था कि वे जाति, माटी और बेटी की रक्षा करेंगे और आपने उन्हें वोट दिए, लेकिन आप देखिए कि उन्होंने सत्ता में आने के बाद क्या किया। उन्होंने सीएए को पारित किया लेकिन हम सत्ता में आए तो इस कानून को निरस्त करेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विश्वास का चुनाव है और राज्य की जनता को एक पार्टी ने पांच वर्ष पहले यह कहकर धोखा दिया कि 25 लाख लोगों को रोजगार दिए जाएंगे लेकिन उन्होंने इसके बदले सीएए पारित किया। कांग्रेस पार्टी खोखले वादे नहीं कर रही है लेकिन पांच गारंटी दे रही हैं। श्रीमती गांधी ने तेजपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा लोगों के साथ झूठे वादे कर उन्हें लालच दे रही है और उनके वादे कभी पूरे कभी नहीं किए गए। उन्होंने राज्य की जनता के समक्ष पांच वादे किए और यह भी कहा कि सत्ता में आने पर इन्हें पूरा किया जाएगा। इन वादों में सीएए निरस्त करना, पांच लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करना, चाय बागानों के श्रमिकों के भत्ते बढ़ाकर 365 रुपये करना, प्रत्येक आवास को प्रतिमाह 200 यूनिट मुफ्त बिजली मुहैया कराना और दो हजार रुपए प्रति परिवार आर्थिक सहायता प्रदान करना शामिल है। उन्होंने इन गारंटी के पीछे यह तर्क दिया है कि पार्टी ने 'असमबासाओंअहोक' यात्रा के दौरान पांच महत्वपूर्ण मसलों की पहचान की थी और अब जनता के समक्ष इनका समाधान पेश किया जा रहा है। इस रैली के साथ उनकी दो दिवसीय यात्रा का भी समापन हो गया है। इस दौरान वह राज्य के बेरोजगार युवकों से मिली तथा चाय बागानों का दौरा किया और वहां काम करने वाले श्रमिकों से भी मुलाकात की।

# मोदी का समुद्री क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समुद्री क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि विशाल तटीय भूभाग होने के कारण समुद्री उत्पादन क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं है इसलिए पूरे सामर्थ्य के साथ उनका इस्तेमाल करने की सख्त जरूरत है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां तीन दिन तक चलने वाले 'मैरीटाइम इंडिया शिखर सम्मेलन 2021' का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ करते हुए कहा कि भारतीय सभ्यताएं देश के विशाल समुद्री तटों पर फली फूली है जिसने हमारे समृद्ध समुद्री इतिहास को हजारों सालों से समुद्र तटों के जरिए दुनिया से जोड़े रखा है इसलिए इस परंपरा को अब पूरी ताकत के साथ और अधिक समृद्ध बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार समुद्री उत्पादों के भरपूर इस्तेमाल के जरिये देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है और इसके लिए समुद्री क्षेत्रों का तेजी से विकास किया जा रहा है। इस क्रम में सागरमाला जैसी परियोजनाएं 2016 में आरंभ की गयी जिनके माध्यम से बंदरगाहों को भूभाग से जोड़ने की महत्वकांक्षी योजना चलाकर बंदरगाहों का तेजी से विकास किया जा रहा है। मैरिटाइम क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे कई योजनाओं पर काम चल रहा है। शिखर सम्मेलन का आयोजन पोत परिवहन एवं जल मार्ग मंत्रालय कर रहा है जिसमें 24 देशों के 20 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। डेनमार्क सम्मेलन का सहयोगी देश है। सम्मेलन में 115 समुद्री क्षेत्रों के विशेषज्ञ अंतरराष्ट्रीय वक्ता हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना और देश को समुद्री उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

# टॉपर्स के बराबर नंबर, गलतियों में भी अंतर नहीं, मध्यप्रदेश व्यापम फिर चर्चे में

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्य प्रदेश में कृषि विभाग अधिकारी के लिए हुई परीक्षा में टॉप 10 स्थानों पर कब्जा जमाने वाले उम्मीदवारों को सामान्य ज्ञान की परीक्षा में ना केवल बराबर नंबर मिले हैं, बल्कि सबकी गलतियां भी एक जैसी हैं। मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) की ओर से 10 और 11 फरवरी को आयोजित प्रवेश परीक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं और आशंका जताई जा रही है कि यहां एक और व्यापम घोटाला हुआ है। 'संयोग' यहीं खत्म नहीं होते, व्यापम की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, इनकी जाति, कॉलेज और अकादमिक प्रदर्शन भी लगभग एक जैसे हैं। इससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन स्टूडेंट्स के बदले किसी और ने परीक्षा दी या अन्य तरीके से धांधली हुई है। 862 पदों पर हुई परीक्षा की आंसर शीट 17 फरवरी को जारी की गई है। साथ ही संभावित चयनित उम्मीदवारों की सूची भी जारी की गई है। इसके बाद परीक्षा की प्रमाणिकता पर संदेह उत्पन्न हुआ है। परीक्षा में शामिल हुए बहुत से स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया है कि यह राज्य में एक और भर्ती परीक्षा घोटाला हुआ है। यह 2013-14 में मेडिकल कॉलेज के लिए प्रवेश परीक्षा में धांधली के लिए कुख्यात है, जिसे व्यापम घोटाले के नाम से जाना जाता है। यह भी पूछा जा रहा है कि एक ही क्षेत्र और जाति के सभी कैंडिडेट कैसे सर्वोच्च अंक ला सकते हैं, जिनकी अकादमिक पृष्ठभूमि अच्छी नहीं है। बता दें, इस भर्ती में इंटरव्यू का कोई प्रावधान नहीं है। इंदौर से एक परीक्षार्थी रंजीत रघुनाथ ने कहा, यह तो घोटाले का छोटा हिस्सा है। सर्वोच्च 10 स्थानों पर रहे स्टूडेंट चंबल डिवीजन से हैं और इनमें से 9 एक ही जाति के हैं। इन्होंने बीएससी (कृषि विज्ञान) राजकीय कृषि कॉलेज ग्वालियर से की है। लगभग सभी स्टूडेंट्स ने चार साल की डिग्री को पांच या अधिक सालों में पूरा किया। स्टूडेंट ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने कॉलेज के कुछ पूर्व छात्रों को बताया था कि वे 100 फीसदी चयनित होने वाले हैं और उन्होंने परीक्षा से पहले ही यह बात कह दी ती। या तो उनके पास प्रश्नपत्र था या उनके लिए कुछ व्यापम घोटाले जैसा प्रबंध था। रघुनाथ ने कहा कि उन्हें 200 में से 195 और 194 अंक मिले हैं जोकि परीक्षा के इतिहास में सर्वाधिक है। सतना के एक और परीक्षार्थी सचित आनंद ने कहा, कैंडिडेट्स को सामान्य ज्ञान की परीक्षा में फुल मार्क्स मिले, लेकिन शक उस समय बढ़ गया जब व्यापम ने आंसर शीट जारी की और तीन सवालों के गलत जवाब दिए। दिलचस्प यह है कि टॉप स्कोरर परीक्षार्थियों ने भी उन्हीं तीनों सवालों के गलत जवाब दिए हैं। हम नहीं जानते कि यह संयोग है या साजिश, लेकिन यह कैसे संभव है कि उन्होंने समान गलत उत्तर दिए खासकर बेसिक सवाल का जो कक्षा 11 में पढ़ाया जाता है। आनंद ने कहा कि टॉप स्कोरर में से एक को गणित में फुल मार्क्स मिले है, लेकिन सांख्यिकी की परीक्षाम में कम से कम चार बार फेल हुआ था और 8 साल में उसकी डिग्री पूरी हुई।

**कृषि सुधार कानून किसानों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगे**

# किसान नेताओं ने किसानों पर राजनीति की है उनका भला नहीं किया : नड्डा

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा है कि किसान नेता किसानों के नाम पर वर्षों से राजनीति करते आये हैं, लेकिन उनका कभी भला नहीं किया। श्री नड्डा ने आज यहां भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान नेता किसानों को गुमराह करते आये हैं। उन्होंने कभी किसानों का भला नहीं किया, किसानों का भला श्री मोदी ने किया है। पहले खाद के लिये किसानों पर लाठीचार्ज होता था। श्री मोदी के आने के बाद स्थिति बदली है और किसानों के लिये नीम कोटेड यूरिया, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनायें लागू की गयीं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा इस मुद्दे पर वह किसी से भी बहस करने को तैयार हैं। कृषि सुधार कानून किसानों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगे। इस बात की पूरी गारंटी है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ये कानून वैकल्पिक हैं। वह किसानों से किसी भी समय वार्तालाप के लिये तैयार हैं। वे जो बतायेंगे इन कानूनों में उसी के अनुरुप सुधार करेंगे। श्री नड्डा ने कहा कि किसान अन्नदाता हैं, उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना हमारा काम हैं, लेकिन राजनीतिक लोग इस पर राजनीति की रोटियां सेंकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कैसी व्यवस्था है कि एक जिले का किसान दूसरे जिले में अपना उत्पाद नहीं बेच सकता। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पार्टी का संदेश घर घर जाकर लोगों तक पहुंचायें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी जो खेल में पाला बदलते ही रुख बदल लेती है। इसमें सुधार क्या करना हैं इस बारे में उन्हें कुछ पता नहीं। पंजाब में कांग्रेस ने ही कांट्रेक्ट खेती का कानून लागू किया था। उन्होंने ही अपने घोषणा पत्र में ऐसे कानून लागू करने का वादा किया था। अब इस कानून का वे विरोध कर रहे हैं इसका मतलब है कि 'तुम करो तो सच, हम करें तो झूठ।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच ऐसी है कि वे कुछ भी वायदा कर देते हें और करते कुछ भी नहीं है। श्री नड्डा ने कहा कि राजस्थान में दलितों पर अत्याचार इतने बढ़ गये हैं इस मामले में यह देश में दूसरे नम्बर पर आ गया है। बेरोजगारी बढ़ रही है, राज्य सरकार रोजगार देने के मामले में जीरो है। दुष्कर्म के मामले में राजस्थान एक नम्बर पर पहुंच गया है। राजस्थान में तेजी से अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने पार्टीजनों से कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। हमें मंडल, बूथ और पन्ना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर तक इन तीनों बिंदुओं पर पार्टी को मजबूत करना होगा। क्योंकि यही हमारी ताकत है। उन्होंने सूरत का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार देश में सर्वाधिक अंतर से जीता जबकि वहां पार्टी का कोई बड़ा नेता प्रचार करने नहीं गया। इसकी मुख्य वजह यही है कि वहां पार्टी का संगठन मंडल से लेकर पन्ना तक मजबूत है। इससे पहले भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डा् सतीश पूनिया ने बैठक में सम्बोधित करते हुए कहा कि पाटी सशक्त मंडल सशक्त बूथ और सशक्त पन्ना के संकल्प के साथ पार्टी का संगठन तैयार करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपराध बेतहाशा बढ़ गये हैं। राजस्थान अपराधग्रस्त राज्य बन गया है। बेरोजगारी बढ़ गयी है। संविदाकर्मी आंदोलन कर रहे हैं क्योंकि उन्हें नियमित करने का कांग्रेस ने वायदा किया था। डा् पूनिया ने कहा कि पार्टी कांग्रेस की नीतियों के विरोध में छह से 14 मार्च तक हल्ला बोल आंदोलन छेड़ेगी।

# केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पिछड़ रहा बंगाल : योगी

वार्ता ◄ मालदा
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर कथित तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा दिये जाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश गरीबों और किसानों के लिए केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के मामले में पिछड़ रहा है। अल्पसंख्यक बहुल जिले मालदा के गाजोली में रैली को संबोधित करते हुए श्री आदित्यनाथ ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने बंगलादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आये लोगों को भारत की नागरिकता देने के लिए कानून पारित किया है लेकिन ममता बनर्जी सरकार ने केंद्र के इस कदम का विरोध किया है। उन्होंने राज्य सरकार पर स्थानीय लोगों के विकास में रोड़ा बनने का यह कहते हुए आरोप लगाया कि जब केंद्र सरकार बंगाल से अवैध विदेशी नागरिकों को हटाने की योजना बना रही थी , तब इसका विरोध किया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार राज्य में 'जयश्री राम' का उदघोष किये जाने का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं बंगाल सरकार और ममता दीदी को बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में एक सरकार ने अयोध्या में भगवान राम के भक्तों पर गोलियां चलवायी थी। आप देख सकते हैं कि अब सरकार की क्या स्थिति है। अब बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार की बारी है। श्री आदित्यनाथ ने 'लव जिहाद' के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश में 'लव जिहाद' के खिलाफ कानून बनाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य सरकार गौ तस्करी और लव जिहाद को रोकने में असमर्थ है तथा आने वाले समय में ऐसी खतरनाक गतिविधियों के परिणाम दिखाई देंगे।

# प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सीजीएमएससी द्वारा अमानक दवा की सप्लाई का मुद्दा उठा

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-अमानक पाये जाने पर अमोक्सीसिलीन दवा के वितरण पर तत्काल रोक लगाई गई

### भाजपा सदस्य सौरभ सिंह ने उठाया मामला

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को भाजपा विधायक सौरभ सिंह ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सीजीएमएसीसी द्वारा अमोक्सीसिलीन ओरल अमानक दवा की सप्लाई करने का मामला उठाया। ध्यानाकर्षण के जरिए भाजपा सदस्य द्वारा उठाये मामले में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने इससे इंकार किया कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में बीमार बच्चों के ईलाज में सीजीएमएससी से भेजी गई अमानक अमोक्सीसिलीन ओरल सस्पेंशन दवा का इस्तेमाल किया जाता रहा और किसी को पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि यह दवा मूलतः 6/11/2019 के क्रय आदेश के आधार आपूर्ति की जाकर 13फर/2020 को मानक पाये जाने के उपरांत ही 18/फर/2020 से 13/जून/2020 तक स्वास्थ्य इकाईयों को वितरित की जाकर उपयोग में लाई गई थी। कुछ समय बीतने के बाद 31/अग/2020 को शिकायत आने पर इसके वितरण पर तत्काल 01/सिंत/2020 को रोक लगाते हुए पुनः गुणवत्ता परीक्षण पूर्व में भेजे गये प्रयोगशाला से भिन्न, एक अन्य अधिकृत प्रयोगशाला से कराया जाकर आगे की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह आरोप भी गलत है कि चार दिन पहले सीजीएमएससी ने इस दवा के बैच नंबर एमएपी 9014 वाले पीस सभी अस्पतालों व सीएमएचओ से वापस मंगाने का पत्र लिखा है। जबकि वास्तविकता यह है कि 22/10/2020 को उक्त बैच को अमानक घोषित करते हुए, संबंधित फर्म को अमानक पाये गये औषधि के उपलब्ध स्टाक को वापस उठाव किये जाने के लिए निर्देशित किया गया एवं साथ ही भुगतान राशि की वसूली किये जाने की कार्यवाही की गई।






सिंहदेव ने इससे भी इंकार किया सिर्फ अम्बिकापुर मेडिकल अस्पताल में ही इस बैच की 70 फीसदी से ज्यादा दवा बीमार बच्चों को दी जा चुकी है। वास्तविकता यह है कि उक्त बैच की कुल 19800 दवा में से केवल 600 अम्बिकापुर मेडिकल अस्पताल को उपलब्ध कराया गया था, जिसमें से कुल 458 दवा अम्बिकापुर मेडिकल कालेज द्वारा सीजीएमएससी को वापस कर दिया गया है। इस प्रकार उक्त बैच का मात्र 0.72 प्रतिशत (संख्या 142) का उपयोग अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने स्वीकारा कि अमोक्सीसिलीन ओरल ऑपरेशन एक एंटीबायोटिक दवा है और सर्दी, बुखार खांसी में इस्तेमाल करने की सलाह डॉक्टरों द्वारा दी जाती है। किंतु इससे इंकार किया कि इस दवा की कुल मात्रा और क्वालिटी टेस्ट से पहले अस्पतालों में इस्तेमाल के लिए सप्लाई कर दिया जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि दवा की आपूर्ति के पूर्व प्रत्येक बैच में से रैण्डम सैम्पिलिंग के आधार पर दवा के नमूनों की गुणवत्ता की जांच के लिए सीजीएमएससी के अधिकृत प्रयोगशालाओं से कराई जाती है एवं मानक गुणवत्ता प्रतिवेदन प्राप्त होने पर ही स्वास्थ्य इकाईयों को वितरित की जाती है। दवा के अमानक पाये जाने पर दवाओं की आपूर्ति तत्काल रोक दी जाती है एवं संबंधित फर्म के विरूद्ध निविदा में उल्लेखित प्रावधानों/शर्तो के अनुरूप कार्यवाही की जाती है।

उन्होंने कहा कि अमोक्सीसिलीन ओरल सस्पेशन दवा की द्वितीय बर किये गये गुणवत्ता परीक्षण में, अनामक पाये जाने का कारण एएसएसएवाई पैरामीटर में औषधि के स्ट्रेन्थ/एफिकेसी में कमी होना पाया गया। आज दिनांक तक उक्त औषधि के उपयोग से किसी भी प्रकार के जनजानि/स्वास्थ्य हानि/दुष्प्रभाव होने की सूचना/शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। आपूर्तिकर्ता फर्म के विरूद्ध अनुबंध अनुसार, वित्तीय हानि की वसूली की कार्यवाही की जा चुकी है एवं उक्त बैच को दवा वितरण प्रणाली साफ्टवेयर में स्वास्थ्य इकाई स्तर तक रोक दिया गया है एवं भविष्य में ऐसे प्रकरणों की पुरावृत्ति न हो इसके लिए साफ्टवेयर में केन्द्रीकृत रोक किये जाने का प्रावधान लागू कर दिया गया है तथा इससे जनता में रोष और आक्रोश व्याप्त नहीं हैं।

## 13 माह में ईओडब्ल्यू में 276 अधिकारियों के विरूद्ध नामजद शिकायत दर्ज-बघेल






मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में सत्ता पक्ष के वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण शर्मा के प्रश्नों के लिखित में उत्तर में जानकारी दी कि राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में वर्ष 2020-21 से लेकर 31 जनवरी 2021 तक 276 अधिकारियों के विरूद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई। बघेल ने बताया कि कुल 345 पंजीबद्ध शिकायतों में से 60 शिकायतों को संबंधित विभाग, इकाईयों को जांच आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया है, वहीं 01 शिकायत पर अपराध एवं 05 शिकायतों पर प्रारंभिक जांच पंजीबद्ध होकर जांच-विवेचना में है। उन्होंने यह भी बताया कि 36 शिकायतों को अप्रमाणित पाये जाने पर नस्तीबद्ध किया गया है, जबकि 42 शिकायतों में विभागों से पूर्वानुमोदन अपेक्षित है। शेष 201 शिकायत में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## बस्तर में अभिरक्षा में महिला आत्महत्या का मामला सदन में गूंजा



छत्तीसगढ़ विधानसभा में बस्तर में कथित नक्सली महिला की आत्महत्या का मामला का सदन में गुंजा । भाजपा सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव लाकर इस मामले में चर्चा कराए जाने की मांग की। सभापति ने प्रस्ताव की सूचना देरी से मिलने पर इसे विचाराधीन बताया। इसके बाद भाजपा सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया इस बीच सभापति ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी। शून्यकाल में आज भाजपा सदस्यो ने बस्तर में पोलिस अभिरक्षा में कथित महिला नक्सली की आत्महत्या का मामले में स्थगन प्रस्ताव लाकर इस स्वीकार कर तत्काल सदन में चर्चा कराये जाने की मांग की। भाजपा सदस्य शिव रतन शर्मा ने कहा की बस्तर के एक महिला सहित कुछ लोगो को नक्सली बताकर उठाकर ला लिया जाता है। अभिरक्षा में दिनभर रखने के बाद महिला ने आत्महत्या करने की जानकारी उसके परिवार को दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि बस्तर में सरेंडर कराने का नाटक कराया जा रहा है। अजय चंद्राकर ने इस मामले कहा कि मृतका के पिता खुद कह रहे है कि उसकी बेटी नक्सली नही है।सुबह से शाम तक पिता को उसकी बेटी से मिलने नही दिया जाता है और फिर उसकी आत्महत्या की खबर दी जाती है। सौरभ सिंह ने आरोप लगाया कि बस्तर में सरेंडर करने का फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है।अन्य भाजपा सदस्यो ने भी इस मामले में अपनी बातें रखते हुए सभापति से स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार कर तत्काल इस पर चर्चा कराये जाने की मांग की। सभापति ने भाजपा सदस्यो की बात सुनने के बाद स्थगन की सूचना देरी से दिए जाने का हवाला देते हुए स्थगन प्रस्ताव को विचाराधीन बताते हुए सदन की कार्यवाही आगे बढ़ा दी।

## पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने सदन में उठाया किराये पर हेलीकॉप्टर लेने का मामला



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूछा किराए पर लिए गए हेलीकॉप्टर को लेकर सवाल पूछा। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पूछा प्रदेश सरकार द्वारा किराए पर हेलीकॉप्टर लिए जाने के लिए क्या नियम और प्रावधान है? 1 जनवरी 2019 से 31 जनवरी 2021 तक राज्य शासन द्वारा कब-कब कितनी समय अवधि के लिए किन किन कंपनियों से हेलीकॉप्टर किराए पर लिया गया? इसके लिए किन किन कंपनियों को किस दर पर भुगतान किया गया? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका जवाब दिया उन्होंने बताया कि वित्त एवं योजना विभाग के वित्त निर्देशक 30 ऑब्लिक 2013 द्वारा हेलीकॉप्टर किराया में लिए जाने के लिए विमानन विभाग को वित्तीय अधिकार दिया गया है। 1 जनवरी 2019 से 31 जनवरी 2021 तक कुल 6 कंपनियों को हेलीकॉप्टरों के प्रकार के आधार पर प्रति उड़ान घंटे स्वीकृत दर जीएसटी और हैंडलिंग चार्ज के अनुसार भुगतान किया गया। 1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2019 तक विभिन्न कंपनियों को हेलीकॉप्टर भुगतान के रूप में कुल 14 करोड़ 40 लाख 26 हजार 684 का भुगतान किया गया। जबकि 1 जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2020 तक आठ करोड़ 21 लाख 77 हजार 100 रुपए का भुगतान किया गया। वर्ष 2021 में 31 जनवरी तक एक करोड़ 30 लाख 64 हजार 382 का भुगतान किया गया है. विमानन कंपनियों को एक करोड़ 72 लाख 98 हजार 310 का भुगतान किया जाना शेष है।

## छुईखदान विखं अंतर्गत आंगनबाड़ी में गुणवत्ताहीन रेडी टू ईट खाद्य सामग्री वितरण का मामला सदन में उठा



छत्तीसगढ़ विधानसभा में राजनांदगांव जिले के आंगनबाड़ी में गुणवत्ताहीन रेडी टू ईट खाद्य सामग्री वितरण का मामला उठा। विधायक देवव्रत सिंह ने ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए यह मामला उठाते हुए कहा कि जिला राजनांदगांव के विकासखण्ड-छुईखदान के अंतर्गत छुईखदान, साल्हेवारा, पैलीमटा एवं गंडई परिक्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए पौष्टिक पोषक आहार सामग्री रेडी-टू-ईट का वितरण किया जा रहा है, किन्तु प्रभारी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, छुईखदान के चलते उक्त परिक्षेत्रों में गुणवत्ताहीन रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है, इसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत में की है, जिस पर कोई समुचित कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि विकासखण्ड-छुईखदान के अंतर्गत छुईखदान, साल्हेवारा, पैलीमेटा एवं गंडई परिक्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए पौष्टिक पोषक आहार के स्तरहीन व गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री के वितरण से बच्चों में अपचन एवं उल्टी की शिकायतें हुई है, इस स्तरहीन व गुणवत्तीहीन रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री के वितरण की शिकायतों पर बिना जांच कराए रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री की आपूर्ति कराई जा रही है जिससे स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों में काफी रोष व्याप्त है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने इसका जवाब में कहा कि यह सही है कि जिला राजनांदगांव के विकासखण्ड छुई खदान के अंतर्गत छुईखदान, साल्हेवारा, पैलीमेटा एवं गंडई परिक्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए पौष्टिक आहार सामग्री रेडी-टू-ईट का वितरण किया जा रहा है पर यह यह सही नहीं है कि उक्त परिक्षेत्रों में गुणवत्ताहीन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में प्रेषिक नमूनों में से कोई भी नमूना अमानक नहीं पाया गया। रेडी-टू-ईट गुणवत्ता के संबंध में स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत में किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गई है।

## अवैध रेत उत्खनन का मामला



विधानसभा में बिलासपुर जिले में अवैध रेत उत्खनन का मामला उठा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अवैध रेत उत्खनन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं अवैध रेत उत्खनन हो रहा है तो प्रक्रिया के तहत शिकायतें करें उसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक रजनीश कुमार सिंह ने बिलासपुर जिले में रेत घाट से अवैध रेत उत्खनन का मामला उठाते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि घोषित स्थान को छोड़कर करीब एक-दो किलोमीटर दूर तक अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री से जांच कराये जाने की मांग की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि जहां-जहां शिकायतें आई वहां कार्रवाई होती है। अगर सदस्य को लगता है कहीं अवैध उत्खनन हो रहा है तो वे प्रक्रिया में आकर शिकायत करें उसकी जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी। भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर इस मामले में कहा कि विधायक खुद सदन में यह बात कह रहे है फिर अलग से शिकायत की क्या जरूरत है। चंद्राकर ने मुख्यमंत्री से कहा कि विधायक सदन में इस बात को बोल रहे है तो इसे ही शिकायत मानकर जांच की घोषणा कर दें। मुख्यमंत्री ने इस पर फिर कहा कि सदस्य प्रक्रिया के तहत शिकायत कर दें जांच और कार्यवाही की जायेगी।

## मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश के किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण घोषणा सदन में की



प्रदेश के किसानों के लिए एक और महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्थायी विद्युत कनेक्शन हेतु लंबित 35 हजार 161 कृषि पम्पों के ऊर्जीकरण करने की विधानसभा में घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा उपरांत विद्युत कनेक्शन हेतु लंबित सभी कृषि पम्पों को वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्थायी विद्युत कनेक्शन देने की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। इस वर्ष प्रदेश में 10 हजार 504 पम्पों को विद्युत कनेक्शन प्रदाय किया गया है। प्रदेश में किसानों द्वारा दो फसल लेने की शुरूआत की गई है, जिससे कृषि पम्पों के विद्युत कनेक्शन की मांग में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसे दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने किसानों के हित में लंबित कृषि पम्पों के ऊर्जीकरण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने की घोषणा की।

# जब संकरी गली में कार नहीं जा पाई तो मंत्री डहरिया स्कूटी चलाते पहुंचे लोगों के द्वार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



वैसे तो अपने विधानसभा क्षेत्र आरंग में नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया आए दिन विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और लोगों के सुख-दुख वाले कार्यक्रमों में शिरकत करते रहते हैं। ऐसा कोई सप्ताह नहीं रहता, जिसमें उनका क्षेत्र में भ्रमण और कार्यक्रम न हो। भले ही भारी व्यस्तता हो, समय कम हो, रात ज्यादा हो जाए, वे किसी की परवाह न करते हुए हर दूसरे, तीसरे दिन अपने आरंग विधानसभा के किसी न किसी गांव में किसी न किसी के घर और कार्यक्रम में पहुंच ही जाते हैं। आरंग के कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम करते हैं। अपने क्षेत्र के लोगों से मिल रहे प्यार और स्नेह का नतीजा है कि वे लोगों को सौगात देना भी नहीं भूलते। मंत्री डॉ. डहरिया इस क्षेत्र में अक्सर कार में आते-जाते दिखते हैं, लेकिन आज जब क्षेत्र के लोगों ने मंत्री डॉ. डहरिया को कार की जगह स्कूटी चलाते हुए सादगी के साथ अपने घरों के सामने चलते हुए देखा तो सभी आश्चर्य चकित थे। अचानक से स्कूटी में चलते हुए अपने क्षेत्र के विधायक को पाकर लोगों ने उनकी खूब प्रशंसा की और कहा कि मंत्री हो तो शिवकुमार डहरिया जैसे। गौरतलब है कि मंत्री की पहल से आरंग विधानसभा क्षेत्र में 300 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। रायपुर जिले के आरंग विधानसभा के विधायक और प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने आरंग क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। गौरव पथ सहित अन्य कई विकास कार्यों का अवलोकन तो उन्होंने कार से ही किया, लेकिन नगर पालिका परिषद के ऐसे कई इलाके हैं, जिसमें कार का जा पाना संभव नहीं है।

रामू पान ठेला से अग्रसेन चौक होते हुए उन्हें जब अन्य कुछ गलियों में होकर कांक्रीटीकरण और निर्माण कार्य आदि को पास से निहारना था और एक कार्यक्रम में जाना था तो उसके वाहन चालक ने संकरी गलियों को देखकर अपनी असमर्थता व्यक्त कर दी। इस बीच मंत्री डॉ. डहरिया कार से उतरे और कुछ दूर पैदल ही चलने लगे, वे कुछ कदम पैदल ही चले थे।

# जे.एस.पी.एल. में मनाया जा रहा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

**सुरक्षा हमारी प्राथमिकता ही नहीं बल्कि हमारा मूल्य है : अरविंद तगई**

**कार्यक्रम के दौरान प्लाट, गृह और सड़क सुरक्षा से संबंधित अनेक प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन**

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) मशीनरी डिवीजन के यूनिट हेड अरविंद तगई ने आज कहा कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता ही नहीं बल्कि हमारा मूल्य है। स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए प्लांट के साथ-साथ गृह एवं सड़क सुरक्षा भी हमारी नीतियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जेएसपीएल कर्मचारियों के साथ-साथ सामुदायिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। तगई राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रमों के शुभारंभ के अवसर पर अपने विचार प्रकट कर रहे थे। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में तगई ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हमारे जीवन में जागरूकता न होने या ध्यान न देने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है, लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

प्रत्येक वर्ष 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इसी कार्यक्रम को विस्तार देते हुए जेएसपीएल 1 से 8 मार्च तक अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इसके तहत मुख्य रूप से औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव के तौर-तरीकों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। तगई ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत हम उन सेनानियों का भी अभिनंदन करते हैं जिनके कारण हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। यह उन बलिदानियों को समर्पित है, जिन्होंने अपना रक्त देकर देश की सुरक्षा की। पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों को भी हम धन्यवाद देते हैं, जिनकी वजह से हम सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। 4 मार्च 1966 को नेशनल सेफ्टी काउंसिल की स्थापना के बाद से ही हमारा देश राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मना रहा है और जीवन के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जेएसपीएल राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। इस सप्ताह जेएसपीएल सुरक्षा नारा लेखन, सुरक्षा पोस्टर चित्रांकन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, स्वच्छता, शून्य क्षति प्रबंधन, नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। नुक्कड़ नाटक का आयोजन 8 मार्च की शाम जेएसपीएल प्रांगण में स्थित हेरिटेज पार्क में होगा। इन कार्यक्रमों का आयोजन अरविंद तगई के नेतृत्व में गठित एक कमेटी की देखरेख में होगा, जिसमें मुकेश तिवारी,सुनील गुप्ता, सूर्योदय दुबे और शैलेंद्र कुमार प्रसाद सदस्य बनाए गए हैं। इन प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

**स्वदेशी मेला - 2021: विविध राज्यों की कलाकृतियों को मंच दे रहा**

# मेले में राजधानीवासियों की रूझान, लोग कर रहे है जमकर खरीदी






पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

हर साल की तरह इस साल भी स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले स्वदेशी मेला का आयोजन चल रहा है। रायपुर के साइंस कालेज ग्राउंड में स्वदेशी मेला लगातार राजधानीवासियो का रूझान स्वदेशी मेला की ओर है। स्वदेशी जागरण मंच जिस तरह से चाइना व विदेशी वस्तुओ का विरोध कर रही है ठीक उसी तरह प्रदेशवासी भी चीनी वस्तुओ के विरोध में उतर कर स्वदेशी अपनाने लगे है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण स्वदेशी मेले में देखने को मिल रहा है। मेले में देष के विभिन्न राज्यों की कारीगरी और कलाकृतियों को लोगों का भरपूर सराहना मिल रही है। चाहे खाद्य पदार्थ हो, वस्त्र, औषधि आदि क्यों ना हो लोगों को अनूठी सामग्रियों के साथ ही राज्यों की वस्तुओं को मंच भी मिल रहा है। मेले में सोमवार को स्वदेषी जागरण मंच के अखिल भारतीय सहसंगठक सतीष का आगमन हुआ। दोपहर 3 बजे प्रांतीय कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और एकजुट होकर कार्यों के प्रति समर्पित भावना रखने की बात कही। इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक मोहन पवार, स्वदेषी जागरण मंच की अखिल भारतीय सह महिला प्रमुख शीला शर्मा उपस्थित थीं। मेले के संयोजक प्रवीण मैशेरी ने बताया कि इस मेले में देशभर के कई राज्यो से 300 से ज्यादा स्टॉल लगे है जो लोगो को खरीदने को लेकर लुभा रहे है। सोमवार को स्वदेशी मेले में केश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रथम-कबीर सोनी द्वितीय-कमाक्षा मिसार तृतीय-नम्रता श्रीवास केष सज्जा प्रतियोगिताः- प्रतियोगिता प्रमुख श्रीमती निधि झा, अनिता दुबे, लक्ष्मी जिलहरे, विशेष सहयोग था। इस प्रतियोगिता के जज रूना शर्मा रहीं। इसी कड़ी में सांस्कृतिक संध्या मे विद्यायलयीन एवं महाविद्यायलयीन के छात्र-छात्राओं द्वारा समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देश-भक्ति से ओत-प्रोत गानों में मनमोहक प्रस्तुति दी गई, साथ ही साथ लावणी, क्लासिकल डांस।

### पापड़ों और आलू के बवंडर का लजीज स्वाद

मेले में पंजाब प्रांत द्वारा आलू, प्याज, कॉर्न, चीज सहित कई सामग्रियों से निर्मित लजीज व्यजंन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। वहीं फूड स्टॉल में नौजवान कैफे में मिलने वाला खाद्य आइटम आलू का बवंडर लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

### स्टूडेंट्स की स्टार्ट-अप कंपनी लोगों को बना रही आत्मनिर्भर

एनआईटी के स्टूडेंट्स द्वारा स्पान यूनिवर्सल प्राय.लिमिटेड कंपनी के तहत स्टार्ट-अप कंपनी बहुत चर्चा का विषय रही है। हाल ही में युवाओं द्वारा तैयार किया गया रोबोट कोरोना काल से ही अस्पताल में आकर्षण केंद्र रहा है। इनके द्वारा विज्ञान, कला, चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत सी तकनीकों का प्रयोग कर जनमानस को नया आयाम प्रदान किया जा रहा है।

## रोजगार सह कौशल मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर जिला के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए काउंसिलिंग हेतु रोजगार सह कौशल मेला का आयोजन जिला मुख्यालय एवं सभी विकास खंड मुख्यालय में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जा रहा है। इसके तहत 8 मार्च को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जोरा रायपुर, 12 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सड्डू रायपुर, 15 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धरसीवां (मंगसा), 18 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आरंग, 22 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अभनपुर और 25 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिल्दा में रोजगार कौशल मेला का आयोजन किया जाएगा। 8 मार्च 2021 को आयोजित रोजगार सह कौशल मेला मुख्यतः महिलाओं के लिए रहेगा। अन्य रोजगार सह कौशल मेला में युवक एवं युवती दोनों शामिल होंगे। इन मेलों का आयोजन समय सुबह 11 बजे से 3 बजे तक रहेगा।

इस रोजगार सह कौशल मेला में निजी नियोजकों के साथ उपसंचालक रोजगार एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायपुर उपस्थित रहेंगे। इन आयोजनों में कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु युवाओं के काउंसिलिंग का कार्य सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज रायपुर एवं चुन्नीलाल शर्मा सहायक परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता प्राधिकरण रायपुर द्वारा किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### मनोज पांडेय ने बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री



**किरन्दुल।** दक्षिण बस्तर के स्थानीय कलाकार एवं एनएमडीसी हॉस्पिटल में कार्यरत मनोज पांडे द्वारा लगातार आदिवासी बच्चे जिन्हें पढ़ाई सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाती ऐसे जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित कर रहे है।इसी क्रम में दिनांक 02 मार्च मंगलवार प्रातः 09 बजे मनोज पांडेय द्वारा किरंदुल ग्राम पंचायत को?नार पटेलपारा के 20 स्कूली बच्चों को कॉपी,किताब,पेन,ड्रॉइंग शीट प्रदान किया गया तथा पाठ्य सामग्री मिलने पर बच्चे काफी प्रसन्न हुए और इस सेवा कार्य के लिए पटेलपारा के ग्रामीणों ने मनोज को धन्यवाद देने के साथ ही उनकी सराहना की।

# "मावा कोण्डानार" योजनांतर्गत तालाबों का सौंदर्यीकरण एवं नगर स्वच्छता का चलाया जाएगा अभियान

- झिल्लियों में सामग्री विक्रय, भवन निर्माण सामग्री के सड़कों पर फैलाने पर होगा जुर्माना
- नगरों में वृक्षारोपण के साथ सड़कों पर अतिक्रमण एवं पुरानी गाड़ियों की पार्किंग पर होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में ''मावा कोण्डानार'' के कार्य में प्रगति लाने के लिये समीक्षा बैठक आहुत की गई। कलेक्टर ने बैठक में सर्वप्रथम स्वच्छ भारत सर्वे के तहत् स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए प्रत्येक 02 दिवस में एक बार निरीक्षण करने हेतु वार्डवार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जावेगी। इसके अतिरिक्त प्लास्टिक झिल्लीयों पर पूर्णतः बैन लगाया गया है। ऐसी झिल्लीयों में सामग्री विक्रय करने वालों के विरूद्ध एफआईआर किया जावेगा एवं जुर्माना वसूल किया जाएगा साथ ही सड़कों पर डिवाइडर एवं दोनों ओर वृक्षारोपण किया जाना है। मावा कोण्डानार के तहत् दुकानों, ठेलों के आगे गंदगी होने पर दुकानदारों के विरूद्ध भी कार्यवाही एवं सभी वार्डो में निरंतर साफ-सफाई की जाएगी। कई स्थानों पर भवन निर्माण सामग्री जैसे रेत, मिट्टी या बजरी सड़कों पर डाल दी गई है ऐसे स्थलों पर जाकर 02 दिवस में सभी वार्डो में जब्ती की कार्यवाही की जाएगी जुर्माना भी वसूल किया जावेगा। नालियों में कचरा डालते पाये जाने पर जुर्माना लिया जाएगा साथ ही प्रत्येक वार्डो में 15 दिनों में एक बार लार्वा हिट, सप्ताह में एक बार फौगिंग कराई जायेगी तथा नालियों के उपर बने दुकानों को हटाया जायेगा और वहां गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर अतिरिक्त सामान रखने पर सामान की जब्ती एवं सड़क पर रखे पुराने वाहनों की जब्ती कर उनकी निलामी कर दी जावेगी। उन्होंने नगर स्थित पार्को की निरंतर साफ-सफाई, बाजारों को व्यवस्थित करने सीमांकन एवं मछली, मुर्गा, मटन की दुकानें जो नगर में यत्र-तत्र लगाई जा रही हैं उन्हें एक स्थल पर लगाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा बाजारों में बचे सब्जियों के अवशेषों को बाजार स्थल पर फेकने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

नगरों में डिवाइडरों के जगह-जगह पर खुले रहने से दुघर्टनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में यातायात के नियमों के अनुरूप अनावश्यक जगहों को बंद किया जाएगा। तालाबों के स्त्रातों को बंद कर किये गये अवैध अतिक्रमणों को हटाते हुए सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में तालाबों के सीमांकन के साथ सौंदर्यीकरण एवं उनकी साफ-सफाई की जावेगी। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डीएन कश्यप, डीएफओ उत्तम गुप्ता, एसडीएम कोण्डागांव बीआर ध्रुव, एसडीएम केशकाल डीडी मण्डावी, एसडीएम फरसगांव डीआर ठाकुर, नगरपालिका सीएमओ सूरज सिदार, नगर पंचायत केशकाल सीएमओ नामेश्वर कावड़े सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश का बजट गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के मूल मंत्र को पूरा कर रहा है : ज्योति कुमार

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



भूपेश बघेल के तीसरे बजट को ऐतिहासिक निरूपित करते हुए कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की मुख्य थीम पर आधारित बजट गांव, गरीब और किसान के साथ समाज के सभी वर्गों के हितों का बजट है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण के लिए कांग्रेस सरकार शुरू से ही कटिबद्ध रही है और इसकी झलक लगातार हर साल के बजट में दिखलाई पड़ रही है।

कांग्रेस की सरकार किसानों से धान की खरीदी सही दर से किए जाने के वायदे पर लगातार खरी उतरी है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी लगातार की है। राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से किसानों को सहायता राशि देकर उनके आर्थिक आधार को मजबूती प्रदान की है। गोधन न्याय योजना भी इसी दिशा में ऐतिहासिक कदम है। गाँवों की क्रय शक्ति बढ़ाने का ही परिणाम है कि शहर के व्यापार, उद्योग में ब?ोतरी हुई। परिणामस्वरूप देश में छत्तीसगढ़ ही एकमात्र ऐसा राज्य रहा जिसने कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ को आर्थिक मंदी से बचाए रखा। ग्रामीण अंचल में रोजगार सृजन के लिए सरकार जहां मनरेगा योजना, वनोपज की ख़रीदी और कृषि पर विशेष ध्यान दे रही है वही स्वसहायता समूहों के माध्यम से चल रहे गोधन न्याय योजना जैविक कृषि को बढ़ाने के साथ साथ ये रोज़गार देने का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है जो बजट से स्पष्ट हो रहा है। यह बजट इसलिए भी ऐतिहासिक है कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास के अलावा समग्र विकास की परिकल्पना को समाहित किया गया है, इसलिए भूपेश सरकार का यह तीसरा बजट प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाला बजट है। यह बजट बीजापुर जैसे ज़िलों के विकास को एक नई दिशा देगी।

# अवैध रेत उत्खन्न, उड़नदस्ता दल के माध्यम से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



मंगलवार को कलेक्टर रजत बंसल ने अवैध रेत उत्खन्न कार्यों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके लिए राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम तथा उड़नदस्ता दल का गठन कर कार्यवाही करने कहा। जिला कार्यालय के प्रेरणा हॉल में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर बंसल ने उक्त निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम तिरिया और कोलेंग क्षेत्र में सभी विभागों की शासकीय योजनाओं तथा आवश्यक संसाधनों की व्यवस्थाओं पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंद्रजीत चन्द्रवाल, अपर कलेक्टर अरविन्द एक्का सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर बंसल ने समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित की जा रही दिव्यांगजनों के लिए सामर्थ्य विकास कार्यक्रम शिविर का समीक्षा करते हुए दिव्यांगजनों के चिकित्सयी प्रमाणीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में बुजुर्ग, वृद्धाजनों, पेशनरों का कोरोना टीकाकरण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में आकांक्षी जिला एंडीगेटर पर विभागवार प्रगति लाने के निर्देश दिए। गुहार एप्प में प्राप्त आवेदनों पर विभागों द्वारा किए गए कार्यवाही, समय सीमा के प्रकरणों पर विभागवार चर्चा कर निराकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर बंसल ने व्यक्तिगत, सामुदायिक, वनअधिकार मान्यता पत्र के लिए प्राप्त निरस्त आवेदनों पर पुनःरिक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई, तथा अन्य विभागों से समन्वय कर कार्य में प्रगति लाने हेतु चर्चा किया गया। कलेक्टर बंसल ने आगामी दिनों में आयोजित की जाने वाली चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की। चित्रकोट महोत्सव के लिए विभिन्न जिलों से आने वाले खेल प्रतिभागी, लोकनृत्य दल व लोक सांस्कृतिक दल फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों की तैयारियों और व्यवस्था का संज्ञान लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## किरंदुल कोविड सेंटर में लगाई जा रही है द्वितीय चरण का कोरोना टीका



**किरंदुल।** कोविड केयर सेंटर में द्वितीय चरण का कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।बता दें आज 02 मार्च मंगलवार को एनएमडीसी कर्मचारी एवं शासकीय कर्मचारी कुल 42 लोग को एवं सीनियर सिटीजन समाज सेवक के ए पापाचन समेत कुल 17 लोगों को कोविशील्ड टीका लगाया गया।इस वैक्सीनेशन में डॉ पी एस पटेल,राजेश बेहेरा, पारसमणि मौर्या, संगीता राकेश लाल द्वारा सेवा दी जा रही है।

# 75 वर्ष पुराने 36 क्वार्टर को किया गया जमींदोज

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



जगदलपुर शहर को सुव्यवस्थित एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रजत बंसल के नेतृत्व में जिला प्रशासन बस्तर द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। दलपत सागर उन्नयन, चैपाटी, बाजार स्थल को व्यवस्थित करना हेरिटेज वाक के अंतर्गत पुराने मंदिरों का उन्नयन एवं अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोगों को आधुनिक एवं सर्वसुविधा युक्त मकान उपलब्ध कराने के लिए शहर के हृदय स्थल महारानी वार्ड में 1946-47 में निर्मित 36 क्वार्टर को जर्जर होने के कारण डहा दिया गया। यह कार्यवाही लगातार 3 दिन चली जिसमें सभी मकान सुरक्षित तरीके से गिरा दिए गए। इस स्थल में हाउसिंग बोर्ड द्वारा बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जाएगा। जिसमें समाज के सभी वर्गो के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। तहसीलदार नजूल ने जानकारी दी कि 36 क्वार्टर गिराने के दौरान शासकीय नजूल भूमि से अतिक्रमण भी हटाया गया। दो मंजिला मकान बनाकर शासकीय भूमि में अतिक्रमण किया गया था जिसे हटाया गया। शासन द्वारा नजूल भूमि में 20 अगस्त 2017 के पुर्व के कब्जाधारियों को कलेक्टर गाइड लाइन दर के 152 प्रतिशत पर व्यवस्थापित कर भूमि स्वामी हक दिया जा रहा है। भूमिस्वामी बनने पर व्यक्ति जमीन का बिना किसी शर्तो के उपभोग कर सकता है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। नजूल शाखा द्वारा वृहद सर्वे कर कब्जाधारियों को नोटिस दिया गया है। इनमें से जिन्होंने आवेदन दिया है उनके व्यवस्थापन की कार्यवाही जारी है। जिन्होंने नोटिस दिए जाने पर भी आवेदन नहीं किया है उन्हें चिन्हांकित कर कब्जा हटाये जाने की कार्यवाही की जाएगी।

# कोरोना काल में 250 लाख से अधिक विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम ने 250 लाख से अधिक विकास कार्यो का किया लोकर्पण व भूमिपूजन किया। कोरोना काल में महामारी होते हुए भी छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के द्वारा छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहाई गयी। शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल संबंधी सभी समस्याओं को दूर करते हुए छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। वहीं पर विधायक द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत केरावही में समुदायिक भवन लोकार्पण।

ग्राम पंचायत गारे में नवीन प्राथमिक शाला, सामुदायिक भवन का भूमि पूजन, ग्राम पंचायत तारगांव में आंगनबाड़ी लोकार्पण, ग्राम पंचायत ठेमगांव में आहाता निर्माण, नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य, एवं सोडसिवनी में रोड पुलिया निर्माण कार्य का लोकार्पण व भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि मोहन मरकाम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमेटी व विधायक कोंडागाँव, विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र राठौर संग्राम मरकाम, शंकर मंडावी अध्यक्ष ब्लॉक



कांग्रेस माकड़ी, रामकुमार कश्यप जिला उपाध्यक्ष कोंडागाँव, विनोद शोरी महामंत्री जिला कोंडागाँव, मोतीबाई नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत माकड़ी, गौतम साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत माकड़ी, राजेंद्र नेताम सरपंच मारारागांव, जनपद सदस्य वाडेराम शोरी, नितिन नेटी, घुडवु राम पांडे, ललित शोरी युवा कांग्रेस अध्यक्ष माकड़ी मानकु नेताम, गोकुल प्रधान सह मीडिया प्रभारी जिला कोंडागाँव, क्षेत्रीय सरपंच गण पंच गण एंव ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित हुए।

## सड़क दुर्घटना से मौत, खिलाड़ियों को 30 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दे सरकार : कमलेश झाड़ी

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद लोगों को कई उम्मीद जागी थी कि जो वादे चुनावी घोषणा पत्र में किए गए थे वो पूरा करने में अब ये सरकार खरी उतरेगी पर ऐसा 2 वर्षों में कुछ भी नजर आते नही



दिखता। बल्कि पूरे बस्तर में क्रिकेट टूर्नामेंट से युवाओं को असल मुद्दे से भटका रही है सरकार। वही सरकार में बैठे स्थानीय विधायक, विक्रम शाह मंडावी और, उधोग मंत्री कवासी लखमा के द्वारा बस्तर में स्थानीय युवाओं को अपने वादे से भटकाने के लिए क्रिकेट के नशे में झोंक दिया है। ताकि युवा वर्ग अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष के रास्ते से भटक जाए। वही बीजापुर जिले के भोपाल पटनम ब्लाक में अन्तर्राजीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया था।जिसके समापन कार्यक्रम में, विधायक विक्रम शाह मंडावी व उधोग मंत्री कवासी लखमा जी ने शिरकत की थी।उसी कार्यक्रम से लौट रहे दो युवा अविनाश और मोहन लेकाम ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठे । जिसका जिम्मेदार खुद सरकार है। सरकार में बैठे लोग हैं। जिसको लेकर सीपीआई जिला कमेटी बीजापुर परिवार के लोगों के सात दुःख व संवेदना प्रकट करती है और सरकार से माँग करती है कि दुर्घटना में मृतक परिजनों को उचित मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी दे।

# वन विभाग मजदूरों के हक पर मार रहा है डाका



पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

- तालाब खुदाई मजदूरों से ना कराके कराया जा रही जेसीबी मशीन से

जिले के वन परिक्षेत्र बेनूर के अंतर्गत आने वाले टीमनार और देवगांव इलाके में वन विभाग द्वारा कैम्पा मद से तालाब का निर्माण कार्य किया जा रहा है लेकिन तालाब निर्माण कार्य मे ग्रामीण मजदूरों की मजदूरी पर विभाग द्वारा डाका डाला जा रहा है । जहां ग्रामीण मजदूरों से तालाब की खोदाई का कार्य होना चाहिए वहां पर जेसीबी से तालाब की खोदाई का कार्य किया जा है । कुछ ग्रामीण मजदूरों को तालाब में जेसीबी से खोदाई किये गए कार्य को गोदी कार्य की तरह दिखाने के लिए लगाया गया उक्त बातें ग्रामीणों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों की मजदूरी पर डाका डालना कमीशन खोरी की तरफ इशारा करता नजर आ रहा है वही जब अधिकारियों से उक्त मामले पर सवाल किया गया तो गोलमोल जवाब देते हुये दिखवाते है और जिसकी तालाब खोदाई कार्य मे ड्यूटी लगी है उसे फटकार लगाने की बात कहकर पल्ला झाड़ते अधिकारी नजर आए।

### पूजा कर क्षेत्र में शांति व खुशहाली की कामना

# रामाराम मेले में दिखी आस्था की झलक

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com

भले ही आज कोरोना के दंश से पूरा देश परेशान है लेकिन रामाराम में आस्था की झलक देखने को मिली। माता के दर्शन करने आसपास के अलावा दूर-दराज से भक्त पहुँचे। मेले में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। देर शाम को माता की डोली फिर से राजवाड़ा आएगी। यह मेला दक्षिण बस्तर का प्रसिद्ध मेला है। जिला मुख्यालय से महज 8 किमी दूर स्थिति रामाराम मंदिर धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व रखता है। यही वजह है कि यहां का मेला दक्षिण बस्तर का प्रसिद्ध मेला है। सुबह 10 बजे जमीदार परिवार के सदस्यों ने मंदिर पहुँच कर देवी की पूजा



अर्चना की। और उसके बाद चारो और परिक्रमा लगाई। वही उसके बाद भक्तों की भीड़ माता के दर्शन करने उमड़ पड़ी। साथ ही दूर-दराज से आए देवी-देवता को वीराजमान कराया गया। और ग्रामीण इलाकों से सरिया, पुजारी भी मंदिर में माता के दर्शन करने पहुँचे। मंदिर के प्रांगण में ढोल व मादर में भक्त नृत्य करते नजर आए। मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है।

**मेले में सजी दुकानें-** वही मंदिर के सामने वाले मैदान में मेला सजकर तैयार था। मिठाई व नाश्ता की दुकानें सजी हुई थी। तो वही बच्चो के लिए खिलौना व कपड़े की दुकानों में लोग खरीदारी करते नजर आ रहे थे। वही मेले में झूला जो आकर्षक का केंद्र था।

**यहां भगवान राम ने की थी पूजा-** ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान श्रीराम ने भू देवी की पूजा की थी। और उसके बाद दक्षिण की और आगे बढ़े थे। इसलिए यहां का नाम रामाराम रखा गया था। प्रदेश सरकार ने भी रामगमन वन पथ में शामिल कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा कर चुका है।

**मान्यता ऐसी भी,यहां तीन बहनों का होता है संगम-** 84 परगना मिलकर रामाराम मेले में भाग लेते है। साथ ही यहां तीन बहने माता चिटमिटिन, रामारामिन, मुजरिया छिंदगढ़ का मिलन होता है। और 600 साल से यहां मेले का आयोजन हो रहा है। देर शाम को वापस माईजी की डोली राजवाड़ा आएगी और कल सुकमा में मेले का आयोजन होगा। रामाराम मंदिर के ट्रस्टी व जमींदार मनोज देव ने रामाराम मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले में हर साल की भांति आसपास के लोग शामिल हुए है हालांकि कोरोना के कारण भीड़ कम है लेकिन भक्तों में उत्साह काफी है।

# प्रेरक पंचायत संघ ने नियमितीकरण की मांग को लेकर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

- रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ संघर्षशील प्रेरक पंचायत संघ के आदेशानुसार कोंडागांव प्रेरक पंचायत संघ द्वारा अपनी नियमितीकरण की मांग की ओर सरकार का ध्यान आकर्षण करने के उद्देश्य से रावनभाठा मैदान में एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन देते हुए रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। साथ ही जल्द से जल्द मांगें पूरी न होने पर 8 मार्च से जिलास्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है। इस विषय पर प्रेरक पंचायत संघ के जिलाध्यक्ष सम्पत सेठिया ने बताया कि केशकाल के रावण भाठा मैदान में हमने एकदिवसीय सांकेतिक धरना व रैली प्रदर्शन किया है। जिसमे हमारा मुख्य उद्देश्य है कि पिछली सरकार ने वर्ष 2018 में हमारे पद को समाप्त कर हमें बेरोजगार कर दिया गया था। वहीं कांग्रेस सरकार ने चुनावी जनघोषणा पत्र में हमे पुनः रोजगार देने का वादा किया गया था।

पिछले दो वर्षों से हम सरकार से आस लगाए बैठे हैं लेकिन अभी तक सरकार के द्वारा हमारी ओर ध्यान नही दिया गया है न ही रोजगार देने को लेकर कोई पहल की गई है। आज हमने सोई हुई भूपेश सरकार को जगाने के लिए एकदिवसीय सांकेतिक धरना व रैली प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से केशकाल विधायक संतराम नेताम व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपा है। यदि सरकार हमारी मांगों को पूरा नही करती तो आगामी 8 मार्च से जिला स्तर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया जाएगा जिसकी पूरी जवाबदेही सरकार की होगी। प्रेरक संघ की सदस्य विनीता देवांगन ने बताया कि चूंकि वर्ष 2018 से हम बेरोजगार हैं जिसके चलते हमें अपना जीवन यापन करने में आर्थिक के साथ साथ मानसिक रूप से भी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। हमारा सरकार से निवेदन है कि जल्द से जल्द हमें नियमित किया जाए ताकि हम भी सरकार के निर्देशानुसार कार्य करें और प्रदेश के विकास में सहभागी बनें।

# जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन हुआ सफलतापूर्वक

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उन्नत गौपालको का उत्साहवर्धन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि के रूप में संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने पशुपालको किसानो, महिला स्व सहायता समूह एवं आम जनता को संबोधित करते हुए पशुपालन एवं कृषि आजीविका का साधन बनाने हेतु प्रेरित किया। इसी तरह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषक कल्याण परिषद् अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा सभी को पशुधन की उपयोगिता एवं महत्ता के साथ स्वरोजगार में कैसे सहायक होगा उस बारे में विस्तृत से समझाया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य परेश्वर यदु,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विक्रम पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. सी. के.पाण्डेय ने संबोधित करते हुए पशुपालको को विभागीय योजनावो से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम मेंइस कार्यक्रम में 75 से अधिक पशुपालको ने हिस्सा लिया जिसमे 200 से अधिक पशु पक्षी प्रदर्शनी में सम्मिलित हुए, जिनमे अलग अलग श्रेणी जैसे दुधारू गाय, दुधारू भैंस, भैंसा, बैल जोड़ी, सांड, संकर बछिया, स्वस्थ बछड़े, बकरा, सुकर ,कड़क नाथ मुर्गिया, देशी मुर्गे,मुर्गिया,बतख ने हिस्सा लिया पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालको का उत्साहवर्धन हेतु अलग अलग श्रेणी के तहत पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया जिसमे दुधारू गाय श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जागेश्वर प्रसाद पटेल की साहिवाल गाय को, द्वितीय पुरस्कार लखन यादव एवं तृतीय अंजोर कोसले की गाय को प्राप्त हुआ। दुधारू भैंस की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार खिलेश्वर यादव की मुर्रा भैंस को,द्वितीय माया राम पैकर की भैंस एवं रामकुमार ध्रुव की भैस को तृतीय पुरस्कार मिला है। संकर नस्ल बछिया की श्रेणी में प्रथम सुखचंद साहू की बछिया, द्वितीय नरेश अग्रवाल एवं तृतीय विक्रम पटेल की बछिया को प्राप्त हुआ है। बैल जोड़ी की श्रेणी में प्रथम दुलेश कोसरिया के बैलो को,उमराव सिंह पैकरा एवं तृतीय दुखुराम यादव के बैल जोड़ी को मिलाद्य साज सज्जा में, जिन पशु पालको ने अपने पशुधन को प्रदर्शनी में लाये थे उनको भी पुरस्कार दिया गया जिनमे प्रथम पुरस्कार रघु ध्रुव के बैल जोड़ी,द्वितीय महासिंह निषाद के बैल जोड़ी एवं हरिचन्द्र यादव की गाय को तृतीय से सम्मानित किया गयाद्य इसी प्रकार सभी श्रेणियों में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार वितरण कर प्रशस्ति पत्र दिया गया एवं सभी पशु पंजीकृत पशु पालको को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। पशु प्रदर्शनी एवं मेला में स्व सहायता समूह की महिलाओ ने भी हिस्सा लिया मोडल गोठान पुरेना खपरी के जय माँ दुर्गा महिला स्वसहायता समूह, गोठान सकरी के दीप ज्योति महिला स्वसहायता समूह, गोठान कंजी के दीप गंगा स्वसहायता समूह द्वारा पाले जा रहे लगभग 300 कडकनाथ मुर्गी में से 35 मुर्गियों का भी प्रदर्शनी में सम्मिलित किया गया इसके अलावा जाग्रति महिला स्वसहायता समूह पुरेना खपरी द्वारा स्व-निर्मित साबुन व चप्पल भी स्टाल सामिल किये गए थे। संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने साबुन एवं चप्पल खरीद कर उनका उत्साह वर्धन किया।उन्नत सेवा प्रदाता समूह, रवान द्वारा बकरी के मल मूत्र से निर्मित जैविक खाद हेतु भी स्टाल लगाया गया जिसका लाभ पशु पालको एवं जनप्रतिनिधियों ने भी लिया। इस दौरान डॉ. एस. एन.अग्रवाल डॉ. एल. एन. जायसवाल, डॉ. सी. के. गायकवाड, डॉ. एस.एन. जायसवाल, डॉ. संतोष साहू, डॉ, नीलकमल कोसरिया, डॉ निर्मल चेलक,डॉ तरुण सोनवानी, डॉ वंदना रात्रे व अन्य पशु चिकितसा सहायक शल्यो के साथ-साथ विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# सेमरा बी के रोजगार सहायक की शिकायत, जांच के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं



पायनियर संवाददाता ✓ कुरूद
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत सेमरा बी के रोजगार सहायक की शिकायत, जांच के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने तथा अल्टीमेटम दिये जाने के बावजूद उन्हें नहीं हटाने से नाराज पंचों ने पंचायत कार्यालय में तालाबंदी कर जनपद सीईओ को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। जिससे गांव, क्षेत्र सहित प्रशासन में हड़कंप मच गया है। सोमवार को कुरूद विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेमरा (भखारा) के 20 वार्डो के 19 पंचों ने सुबह 11 बजे पंचायत कार्यालय में ताला जड़ दिया। जिसके बाद सभी जनपद पंचायत पहुंच सीईओ एस एल वर्मा को सामूहिक इस्तीफा व चाबी के साथ मांग पत्र सौंपा। पंचों का कहना है कि पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक महेन्द्र कुमार ध्रुव द्वारा अभद्रतापूर्वक व्यवहार किया जाता है। यही नहीं पूर्व में जनपद, जिला से लेकर कलेक्टर तक को कई बार शिकायत किया जा चुका है। जिसकी जांच में शिकायत सही पाया गया है। बावजूद रोजगार सहायक पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। जबकि रोजगार सहायक को यहां से हटाने हेतु पंचायत एवं ग्राम सभा में प्रस्ताव कर उक्त कार्यालयों को दिया जा चुका है। पंचों ने एक सप्ताह के भीतर रोजगार सहायक को हटाकर नये नियुक्ति किये जाने की मांग करते हुए 15 फरवरी को जिला पंचायत में ज्ञापन दे अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। जिससे नाराज 19 पंचों उपसरपंच पवन कुमार ध्रुव, पंच कृष्णकुमार साहू, खूबलाल साहू, कुशराज साहू, त्रिवेणीबाई, तुलसी साहू, देवंतिन ध्रुव, इन्द्राबाई यादव, पुष्पा सिन्हा, गोदावरी, अशोक कुमार, नरेश साहू, लीला सिन्हा, अदिती सिन्हा, तुलूराम विश्वकर्मा, मोहेन्द्र साहू, होमेन्द्र सिन्हा, बिनेश्वरी सिन्हा, लताबाई साहू ने जनपद पंचायत पहुंच मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अपना सामुहिक इस्तीफा सौंपा है। इस दौरान जिला योजना समिति सदस्य भानु चन्द्राकर भी मौजूद थे। क्या कहते हैं अधिकारी - इस संबंध में सीईओ एस एन वर्मा का कहना था कि 1 मार्च को सेमरा बी पंचायत के पंचों ने पंचायत भवन की चाबी साथ सामुहिक इस्तीफा दिये हैं। जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया। नाराज पंचों की मांग पर कार्यवाही करते हुए रोजगार सहायक महेन्द्र ध्रुव को सिलघट पंचायत स्थानांतरित किया गया है।

# श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में पहुंची शकुंतला साहू

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com




ग्राम पंचायत सिरियाडीह में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू शामिल हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा की आरती उतारी एवं क्षेत्र के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की, साथ ही वृंदावन धाम से पधारे व्यासपीठ पर विराजमानप पं. श्याम जी महाराज जी से चरन छूकर आशीर्वाद प्राप्त की। महराज जी ने सभी अतिथियों को श्री कृष्ण- राधे जी अंकित विशेष गमछा देकर सम्माननित किया। बच्चों द्वारा भी इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण -राधे एवं गोपियों की मनोरम झांकी प्रस्तुत की गई।इस मौके पर उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए विधायक जी ने कहा कि प्रभु भक्ति से मनुष्य का मन हल्का होता है, कथा सुनने से मन को शांति मिलती है।सुख की प्राप्ति तभी होती है जब व्यक्ति अपने स्वार्थ को छोड़कर निष्काम भाव से दूसरों की सेवा करता है, निःस्वार्थ भाव से अपने तन मन धन से दूसरों का सहयोग करता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से मन निर्मल हो जाता है, जिससे भक्ति का उदय होता है जो सभी प्रकार से कल्याणकारी होता है।प्रभु की भक्ति से ही हम मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं। अतः ऐसे आयोजन सभी गांवों में होते रहने चाहिए। श्रीमद्भागवत महापुराण सभी वेदों का सार है, ज्ञान का भंडार है , जिससे मिली सिख को हमे अपने जीवन मे आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक जी ने मेन रोड से मुक्तिधाम तक सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु 7 लाख की घोषणा की उपस्थित जनमानस को परमेश्वर यदु पदमेश्वरी साहू एवं मोनिका पटेल ने भी संबोधित कर समस्त ग्रामवासियों को भागवत कथा आयोजित करने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य बलोदा बाजार, गुरुदयाल यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन पद्मेश्वरी साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मोनिका पटेल जनपद सदस्य बलोदा बाजार, कोमल प्रसाद वर्मा जनपद सदस्य बलोदा बाजार, देवीलाल बारवे पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन, प्रताप डहरिया जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला कांग्रेस कमेटी बलोदा बाजार मृत्युंजय वर्मा कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे सरपंच खैन्दा, रज्जू वर्मा, पद्मा शंकर पटेल उर्फ देवा, देव कुमार यादव सरपंच सिरियाडीह, जय यादव, संतोष साहू, बी आर पटेल , गणेश राम साहू अध्यक्ष भागवत समिति, भारत रजक सुनीता पटेल पदुम पटेल बिमलेश्वरी साहु नोहर साय साहु छोटेलाल पटेल, संजय कुमार साहू ,रोहित कुमार साहू , डाकेश साहू, मीना पटेल ,कौशल्या कैवर्त्य, किशन बाई यादव समस्त पंच गण ,गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भूपेश सरकार का यह तीसरा बजट प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाला बजट : दिलीप सिन्हा

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप सिन्हा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तीसरे बजट को ऐतिहासिक निरूपित करते हुए कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की मुख्य थीम पर आधारित बजट गांव, गरीब और किसान के साथ समाज के सभी वर्गों के हितों का बजट है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण के लिए कांग्रेस सरकार शुरू से ही कटिबद्ध रही है और इसकी झलक लगातार हर साल के बजट में दिखलाई पड़ रही है। कांग्रेस की सरकार किसानों से धान की खरीदी सही दर से किए जाने के वायदे पर लगातार खरी उतरी है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी लगातार की है। राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से किसानों को सहायता राशि देकर उनके आर्थिक आधार को मजबूती प्रदान की है। गोधन न्याय योजना भी इसी दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

गाँवों की क्रय शक्ति बढ़ाने का ही परिणाम है कि शहर के व्यापार, उद्योग में बढ़ोतरी हुई। परिणामस्वरूप देश में छत्तीसगढ़ ही एकमात्र ऐसा राज्य रहा जिसने कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ को आर्थिक मंदी से बचाए रखा। ग्रामीण अंचल में रोजगार सृजन के लिए सरकार जहां मनरेगा योजना, वनोपज की ख़रीदी और कृषि पर विशेष ध्यान दे रही है वही स्वसहायता समूहों के माध्यम से चल रहे गोधन न्याय योजना जैविक कृषि को बढ़ाने के साथ साथ ये रोज़गार देने का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है जो बजट से स्पष्ट हो रहा है। यह बजट इसलिए भी ऐतिहासिक है कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास के अलावा समग्र विकास की परिकल्पना को समाहित किया गया है, इसलिए भूपेश सरकार का यह तीसरा बजट प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाला बजट है। यह बजट गरियाबंद जैसे ज़िलों के विकास को एक नई दिशा देगी।

# 29 से भी ज्यादा महिला स्व सहायता समूह हुई धोखाधड़ी का शिकार



पायनियर संवाददाता ✓ कुरुद
www.dailypioneer.com

कुरुद जनपद क्षेत्र की लगभग 29 से भी ज्यादा महिला स्व. सहायता समूह हुई धोखाधड़ी का शिकार, जालसाज ने समूहों की महिलाओं के बताये अनुसार लगभग 14 लाख से भी ज्यादा रुपये समूहों के हड़प रखे है।

गौरतलब हो कि जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव की महिला समूहों को शासकीय योजनाओं का लाभ और प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनने की दिशा पाने वाले महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओ को ठगा ,उजास वाशिंग पावडर बना लाभ कमाने का झाँसा देकर एजेन्ट रामशरण टंडन ने 1888000 रु लिए थे , और समान देने से लेकर मार्केटिंग तक का करार किया था, परन्तु उनके द्वारा विगत 11 माह से इन समूहों को छला गया।

जिस पर आज जय माँ लक्ष्मी, बागवानी, जय सतनाम, सोनपुर एकता से लेकर आदर्श श्रद्धालु, नीलिमा ध्रुव, जय मां संतोषी महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने उक्त ठगी का ज्ञापन क्रमशः जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्यनारायण वर्मा एवम कुरुद थाना प्रभारी रामनरेश सिंह सेंगर को सौंपा। इस दौरान जिला कार्ययोजना समिति के सदस्य भानु चन्द्राकर तथा भावना बैस नीलिमा ध्रुव, अन्नपूर्णा साहू सहित महिला समुहों की लगभग सौ से भी ज्यादा लोग थे।



# जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी विमल साहू ने असम चुनाव प्रचार में योगदान दिया

**लवन।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विनोद वर्मा के निर्देशानुसार विमल साहू पहुंचे आसाम चुनाव में प्रचार प्रसार करने। अपनी टीम के साथ दिन-रात प्रचार कर रहे हैं असम विधानसभा में 126 सीटें है।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वहां के पर्यवेक्षक हैं। सभी विधानसभा में माननीय बजे साहब ने अपनी अपनी टीम छोड़ रखी है जो दिन राजपूती स्तर पर कार्य कर रहे हैं। विमल साहू एवं उनकी टीम को विधानसभा के बारपेटा की जिम्मेदारी मिली है। वर्तमान में यहां असम गण परिषद का विधायक है। विमल साहु की टीम दिन रात मेहनत में लगे हैं और यह सीट कांग्रेस की झोली में दिलाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। विमल साहू ने हमारे वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त को मोबाइल पर चर्चा करते हुए कहा कि आसाम प्रदेश के बरपेटा विधानसभा जीताना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है।

# जनघोषणा पत्र में किए वायदे की झलक बजट में कहीं भी नहीं : अनिल चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के लिए यह बजट पूरी तरह से निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनघोषणा पत्र में जनता से जो वायदा किए थे, उसकी झलक इस बजट में कहीं नजर नही आ रही है। बल्कि केंद्र सरकार की योजनाओं को बजट में शामिल करके वाहवाही लूटने का प्रयास किया गया है। चंद्राकर ने कहा कि सीमांत किसान इस बजट से गायब हैं, जिससे किसानों में रोष देखा जा रहा है। आशाजनक और उम्मीद का बजट कहीं से भी नजर नही आ रहा है। छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के लिए बजट में कोई खास प्रावधान नहीं किया गया है। इस बजट से आमजनता को निराशा हाथ लगी है। वहीं बेरोजगार युवक इस उम्मीद में थे कि रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान बजट में होगा, लेकिन इन्हें भी निराशा का सामना करना पड़ा है। राज्य सरकार का यह तीसरा बजट था, जिसमें छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को लेकर बजट पेश नहीं किया गया है। गरियाबंद जिले को लेकर बजट में कुछ भी नया नहीं है। जिससे कि यहां के लोगों में राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जनता से किए वायदों को यह सरकार भूल गई है। महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर्ज माफी के इंतजार में हैं। आखिर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार कब स्व-सहायता समूह की कर्ज माफ करेगी।

## एसपी ऐलेसेला के कड़े निर्देश के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई

# ग्राम गणेशपुर के दो शराब कोचियों को अवैध शराब परिवहन करते पुलिस ने पकड़ा

दिलीप माहेश्वरी ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




पेट्रोलिंग अवैध जुआ शराब रेट करवाई हेतु पुलिस दल के एएसआई ईश्वर टोप्पो अपने हमराह स्टाफ के आरक्षक धर्मेंद्र यादव, केशव भट्ट, कृष्णा यादव के साथ रवाना हुए था, जिन्हें मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम गणेशपुर के दबलंग मसीह एवं लाल तिल्दा तरफ से अवैध रूप से स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 22 टी 58 19 में अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना पर गवाहों को साथ लेकर घेराबंदी कर आरोपियान दबलंग समीह पिता अरूण मशीन उम्र 30 वर्ष तथा आकाश लाल पिता प्रदीप लाल उम्र 23 वर्ष साकिन गणेशपुर के स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 22 5819 में एक सफेद रंग के कार्टून के अंदर रखे 50 फ ॉर देसी मसाला शराब प्रत्येक पाव में 180 एम एल शराब भरी हुई शीलबंद जुमला 9 लीटर कीमती 4500 रुपए एवं स्कूटी एक्टिवा कीमती 70,000 कुल जुमला कीमती 74,500 को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा गठित करना सबूत पाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण ऐलेसेला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के बी द्विवेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरेश चौहान के कुशल नेतृत्व में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34;02 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।

1 अवैध शराब बिक्री करने वाली 01 महिला आरोपी गिरफ्तार ।
2 अवैध शराब बिक्री हेतु अधिक मात्रा मे रखी थी शराब।
3 आरोपी के घर से कुल 5,400 ब्लक लीटर शराब जप्त किया गया।
4 जप्त शराब कीमत 2700 रूपये जब्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक एलेसेला बलौदाबाजार के द्वारा अवैध शराब जुआ ,सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे जिस पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन पर थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर निरीक्षक विजय चौधरी के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिये गया था कि दौरान पेट्रोलिंग भ्रमण के जरिये मुखबीर सूचना मिली कि भगत सिंह वार्ड के सरोजनी सोनवानी अपने घर में बेचने के लिए अधिक मात्रा में शराब रखी है तथा अभी बिक्री कर रही है कि सुचना पर तस्दीक हेतु हम स्टाफके भगत सिंह वार्ड

1 भाटापारा शहर पुलिस के द्वारा 01 स्टोरी पर की गई कार्रवाई
2 सट्टा पटटी खिलाने वाला 01 आरोपी गिरफ्तार
3 सटोरियों से कागज में अंको सटटा पट्‌टी एवं एक डाट पेन जप्त
4 सटोरी से नगदी रकम 810 रू को जप्त किया गया

पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार आई के एलेसेला के द्वारा अवैध शराब जुआ, सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे जिस पर वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन पर थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर निरीक्षक विजय चौधरी के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु थाना के स्टाप व मुखबिर को निर्देश दिये गया था सूचना मिली की सदर वार्ड मछली मार्केट में मनोज यादव रूपये पैसो का हार जीत का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है जिसे रंगे हाथ पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक कोरे कागज मे लिखा अंको का सटटा पटटी जिसमे अंको के सामने रूपये पैसा लिखा हआ एक डाट पेन एवं सटटा पटटी का नगदी रकम 810 रूपये को समक्ष गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी मनोज यादव पिता विवलाल यादव उम्र 37 साल साकिन सदर वार्ड भाटापारा' का कृत्य अपराध धारा 4 (क) जुआ एक्ट का घटित करना पाए जाने से धारा 4; क जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया।

# कर्णेश्वर मेला महोत्सव में पाँचवें दिन भी रही रौनक



पायनियर संवाददाता ✓ नगरी
www.dailypioneer.com

कर्णेश्वर मेला महोत्सव के पाँचवें दिन भी मेला में रौनक रही। बाजार में दूर दूर से आये लोग खरीददारी करते व मीना बाजार, हवाई झूले आदि का आनंद लेते दिखे। सोमवार रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम हुआ जिसे दर्शकों ने लुत्फ उठाया। कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, कैलाश पवार, रवि दुबे, निकेश ठाकुर, नागेन्द्र शुक्ला ,शिव कुमार परिहार, रामप्रसाद मरकाम रामगोपाल साहू, अंजोर निषाद, योगेश साहू, रामभरोसे साहू, सुरेश सार्वा, कलम सिंह पवार, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, मदन साहू, मोहन पुजारी, उत्तम साहू, महेंद्र कौशल आदि मेला व्यवस्था में लगे रहे।

## नगरपालिका आम निर्वाचन फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के प्रेक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त

**कोरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर एसएन राठौर ने बताया कि नगरपालिका आम निर्वाचन 2021 के तहत बैकुण्ठपुर एवं षिवपुर-चरचा की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के प्रेक्षण कार्य हेतु अपर कलेक्टर सूरजपुर एनएन मोटवानी की प्रेक्षक के रूप में नियुक्ति कर दी गई है। मोटवानी 13 मार्च तक कोरिया जिले के भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान यदि किसी मतदाता को नाम, जोड़ने, काटने, संषोधन करने में किसी प्रकार की कठिनाई, आपत्ति हो तो वे प्रेक्षक के मोबाईल नंबर 9009133003 से संपर्क कर सकते हैं।

## उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश चयन परीक्षा 7 मार्च को

**कोरिया।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि वर्श 2021-22 में पं जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत चयनित उत्कृश्ट प्राइवेट स्कूलों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 7 मार्च 2021 को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के समीप ओड़गी नाका के पास स्थित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में आयोजित किया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने वाला, तो भाजपाइयों ने कहा निराशाजनक बजट

दिलीप माहेश्वरी ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट पेश किया । इसको लेकर समाज के विभिन्न वर्ग के लोगो की मिश्रित प्रति या रही। कांग्रेसियों ने बजट की मुत्कंकंठ से सराहना की । वहीं भाजपाइयों ने बजट को छलावा व आंकड़ो का माया जाल बताया । हमारे नगर के पायनियर के संवाददाता दिलीप माहेश्वरी ने बजट पर विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों से प्रतिक्रिया जाना।

**जनकराम वर्मा:** पूर्व विधायक जनक राम वर्मा ने



कहाकि यह बजट नया छत्तीसगढ़ गढ़ने वाला बजट है। छग की संस्कृति और परंपराओं को आगे ले जाने बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। देवगुड़ी संरक्षण के लिए पांच लाख रूपए तक के अनुदान का प्रावधान किया गया हैं। राम वन गमन पथ के विकास के लिए 30 करोड़ रूपए का प्रावधान है। बजट में गोधन न्याय योजना, सुराजी ग्राम योजना सहित गरीब, किसान व मजदूरों से जुड़े कई कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं।

**हितेन्द्र ठाकुरः** चौमुखी विकास वाला बजट है



हितेंद्र ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तीसरे बजट को ऐतिहासिक निरूपित करते हुए कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की मुख्य थीम पर आधारित बजट गांव, गरीब और किसान के साथ समाज के सभी वर्गों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्ति करण के लिए कांग्रेस सरकार शुरू से ही कटिबद्ध रही है और इसकी झलक लगातार हर साल के बजट में दिखलाई पड़ रही है। कांग्रेस की सरकार किसानों से धान की खरीदी सही दर से किए जाने के वायदे पर लगातार खरी उतरी है। हमने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी लगातार की है। राजीव न्याय योजना के माध्यम से किसानों को सहायता राशि देकर उनके आर्थिक आधार की मजबूती प्रदान की है। गोधन न्याय योजना भी इसी दिशा में ऐतिहासिक कदम है। गांव की क्रय शक्ति बढ़ाने का ही परिणाम है कि शहर के व्यापार, उद्योग में बढ़ोतरी हुई। परिणामस्वरूप देश में छत्तीसगढ़ ही एकमात्र ऐसा राज्य रहा जिसने कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ को आर्थिक मंदी से बचाए रखा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण अंचल में रोजगार सृजन के लिए सरकार जहां रूलर इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना करने का निर्णय लिया है, वहीं परंपरागत ग्रामीण व्यवसायिक कौशल को पुनर्जीवित करने के लिए तेलघानी, चर्म शिल्पकार, लौह शिल्पकार एवं रजककार, विकास बोर्ड गठित करने का फैसला किया। कृषि एवं वनोपज आधारित उत्पाद शिल्प के वि य के लिए सी मार्ट स्टोर की स्थापना कर उन्हें नई पहचान देने का काम किया है। नये बजट में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना के अंतर्गत 119 अंग्रेजी स्कूल, नवा रायपुर में राष्ट्रीय स्तर के बोर्डिंग स्कूल की स्थापना, 7 नवीन महाविद्यालय तथा 3 कन्या महाविद्यालय की स्थापना, 14 महाविद्यालयों में स्नातक तथा 15 महाविद्यालयों में पीजी पाठ्य म प्रारंभ, 9 बालक एवं 9 नवीन कन्या छात्रावास की स्थापना, 6 नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण, 2 नवीन आईटीआई की स्थापना, 12 नये रेल्वे ओवरब्रीज, 151 नवीन पुल, 585 स?कों के निर्माण के लिये कुल 504 करोड़ का नवीन मद प्रावधान,11 नई तहसीलें एवं 5 नये अनुविभागों की स्थापना, कन्या छात्रावास एवं आश्रमों में महिला होमगार्ड के 2200 नवीन निर्माण किया हैं।

**सीएम ने रखा सभी वर्गो का ध्यानः सतीश शर्मा**



कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतीश शर्मा ने इस बजट को आम आदमी का बजट बताया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे उसके लिए छोटी छोटी बातो को ध्यान रख कर बजट प्रस्तुत किया हैं। शिक्षा,स्वास्थ्य सिंचाई ,पर्यटन आवागमन पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में 119 नए अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोलने जा रहे हैं। वहीं उच्च शिक्षा के लिए नए कॉलेज आइटीआई खोलने का प्रस्ताव हैं। आवागमन को सुलभ बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 100 करोड़ खर्च किए जाएंगे। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी न मिले उसके लिए 4 बड़ी योजनाओ मे 200 करोड़ से ज्यादा की राशि का प्रावधान रखा गया हैं। पर्यटन के क्षेत्र में राम वन गमन पथ सहित हसदेव बांगो, सतरेंगा को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के रूप् मे विस्तार किए जाने की कार्ययोजना है। ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार के अवसर मिले उसके लिए रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क बनाये जाएंगे।

**शिवरतन शर्माः** भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा



ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2021-2022 के आम बजट को एक दिशा हीन तथा राज्य को पीछे ले जाने वाला बजट बताया। उन्होने कहा कि यह बजट अत्यंत ही निराशाजनक है। इस बजट में किसानों, नौजवानों तथा समाज के किसी भी तबके के लिए उल्लेखनीय प्रावधान नहीं किया गया हैं। इस बजट में सिर्फ योजनाओं का नाम रखा गया है उसके लिए राशि का आबंटन नही है। उन्होने इस बजट को अत्यंत ही निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें विकास की किरणें दिखाई नही देती।

**विजय केशरवानीः** विजय केसरवानी (प्रदेश



कार्यकारिणी सदस्य छग भाजपा किसान मोर्चा) भूपेश बघेल सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 21-22 छत्तीसगढ़ को पीछे ले जाने वाला बजट है, जो डूबगे नवा छत्तीसगढ़ पर आधारित बताते हुवे भाजपा नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय केसरवानी ने कहा कि यह बजट गांव गरीब एवं किसान मजदूर एवं बेरोजगारों के लिए अहित कारी है, क्योंकि इनके लिए नया कुछ भी नहीं है, जो है वो केंद्र के योजनाओं पर आधारित है। पिछले वर्ष किसानों द्वारा बेचे गए धान का पूरा भुगतान अभी तक नही हुआ है, साथ ही इस वर्ष का भुगतान कब होगा इसके बारे में बजट में कुछ नहीं कहा गया है। पिछली भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तवित बलौदा बाजार रेल लाइन हेतु बजट में कोई योजना नहीं है। इस बजट से विकास धीमा होगा।

**डागेश्वरी नामदेवः** बलौदाबाजार कांग्रेस पार्षद



डागेश्वरी नामदेव ने कहाकि बजट में स्कूलए शिक्षाए उच्च शिक्षा से लेकर खेती किसानी पर पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। कानून व्यवस्था से लेकर गोधन न्याय योजनाए गरीबए मजदूर और तृतीय लिंग के लोगों की चिंता भी सरकार ने की है। नया छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में यह बजट मिल का पत्थर साबित होगा।

**विक्रम पटेल :** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम



पटेल ने कहाकि कांग्रेस सरकार का बजट में समग्र विकास का ध्यान रखा गया है। इसमें सबके लिए शिक्षाए अधोसंरचना विकास, संवेदनशील प्रशासन, स्वस्थ तन सबसे बड़ा धन और जनता के लिए बदलाव को केंद्र बिंदू में रखा गया है। शहरों के आधुनिकी करण का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री मितान योजना के लिए दस करो? का प्रावधान बजट में है। एसएलआरएम सेंटर का उन्नयन करते हुए गोधन न्याय सह गोबर य केंद्र बनाया गया है। मोर मकान मोर चिन्हारी योजना के तहत सबको आवास का प्रावधान किया गया है।

**पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू :** लोक



लुभावन कपोल कल्पित आंकड़ो का पिटारा है,गरीब किसान युवाओं को छलने का प्रयास किया गया,स्वास्थ्य, शिक्षा के उत्थान के लिये कोई सराहनीय कार्य नही, छोटे उद्योगों के लिए कोई सब्सिडी या ऋण की योजना नही,इस वर्ष की धान खरीदी के भुगतान को क्लियर नहीं किया ।

**बलौदाबाजार जिला के निवासियों को नहीं मिली सौगातः प्रमोद शर्माः** लोक प्रिय तेज तर्राट बलौदाबाजार के विधायक प्रमोद शर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बलौदाबाजार हाईटेक बस स्टैंड , दुर्ग पाटन नया रायपुर बलौदाबाजार में शिवरीनारायण खरसिया रेवले लाइन बलौदाबाजार में केंद्रीय विद्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार में छग गृह निर्माण मण्डल कार्यालय, लोक निर्माण विभाग का अधीक्षण यंत्री कार्यालय, बलौदाबाजार में राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यालय बलौदाबाजार में आयुर्वेदिक महाविद्यालय तथा हास्पिटल बलौदाबाजार में पर्यटन तथा पुरातत्व विभाग का कार्यालय ,उद्यानिकी महाविद्यालय, बलौदाबाजार में सिटी को प्रारंभ करने ,बलौदाबाजार मे आधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर प्रारंभ करने तथा बलौदाबाजार में नर्सिग महाविद्यालय को प्रारंभ करने का पूर्ण प्रयास करूगा। जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क की स्थापना बलौदाबाजार के सराफा व्यापारी मुकेश सोनी ने कहा पंडरी रायपुर 350 करोड़ की लागत में बनी जेम्स एवं, ज्वेलरी पार्क की स्थापना होने से सोना चांदी के व्यापारियों को लाभ मिलेगा तथा सराफ का व्यापार बढ़ेगा।

### पत्रकारों को दुर्घटना बीमा 5 लाख देने की घोषणा

बलौदाबाजार पत्रकार संघ ने खुशी जाहिर करते हुए भूपेश सरकार को धन्यवाद दिया जिसमें पत्रकार रामाधार पटेल ,पुरूषोत्तम नत्थानी ,करूणा शंकर तिवारी, निरज बाजपेयी, अभिषेक मिश्रा, तारा पारसवानी, दिलीप माहेश्वरी, दलजीत चावला, नरेश गनसानी, उमेश बाजपेयी, संजय श्रीवास ज्ञात हो कि सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री ने बजट पेश किया जिसमें छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की। इस घोषणा में कहा गया कि यदि किसी पत्रकार की आकस्मिक दुर्घटना से दुखद निधन हो जाता है तो उस पत्रकार के परिवार को 5 लाख रूपए की बीमा राशि सहायता के रूप में शासन की ओर से प्रदान की जाएगी।

## विपत्तिग्रस्त परिवार को 25 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कवर्धा।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पंडरियार द्वारा 1 विपत्तिग्रस्त परिवार को 25 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृत दी गई है। पंडरिया तहसील के ग्राम कापादाह निवासी श्रीमती रनियाबाई की 11 मई 2020 को ग्राम किशुनगढ़ पेन्ड्री चौक के पास मिक्कर मशीन अनियंत्रित होकर पलट जाने के कारण सड़क दुर्घटना में घायल होने तथा ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर इनके विपत्तिग्रस्त बिपतराम को 25 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत दी गई है।

# हरे चारे की चिंता दूर, साइलेज देगा भरपूर

**मवेशी पालकों को गर्मी में भी चारे के लिए नहीं होना पड़ेगा परेशान**

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

मवेशी मालिकों के लिए खुशखबरी। अब एक बेहद सरल विधि की मदद से वे अपने मवेशियों को पूरे साल हरा और पौष्टिक चारा उपलब्ध करवा सकेंगे। साइलेज नाम है उस विधि का जिसके जरिए हरा चारा का. भंडारण सुनिश्चित किया जा सकेगा यही भंडार सूखे दिनों में चारा की चिंता दूर करेगा। बढ़ते गोधन, आती शासकीय योजनाएं और इसे अपनाते मवेशी पालकों की हमेशा से चिंता रही है हरा चारा की आसान उपलब्धता। खासकर गर्मी के मौसम में यह समस्या सबसे ज्यादा देखने में



आ रही है जब हरा चारा के लिए मवेशियों और पालकों को लंबी दूरी तय करते देखा जाता है। ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए वरदान बनकर आया है 'साइलेज'। इसकी मदद से गर्मी के दिनों में भी हरा चारा हासिल किया जा सकेगा।

**क्या है साइलेजः** ज्वार, मक्का ,नेपियर और बरसीम घास जैसे पौष्टिक पशु आहार को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर नमक व सुझाए गए पोषक तत्वों के मिश्रण का नाम है साइलेज। सही मात्रा में सूक्ष्म पोषक तत्व और सही कार्बोहाइड्रेट के लिए जई, लूटसन, लोबिया, रिजका, लेगुम्स, जवी, बाजरा, गिन्नी व अंजन की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इसकी कटाई करे। ध्यान रखें कि नमी की मात्रा 60 से 65 से ज्यादा ना आने पाए।

**ऐसे करें गुणवत्ता की जांचः** जितने भी प्रकार के घास का मिश्रण बनाया गया है यदि उसका रंग हल्का हरा, हल्का सुनहरा, और हल्का भूरा रंग का आ रहा है याने यह उत्तम साइलेज बन गया है। रंग से पहचान की जा सकती है साइलेज की गुणवत्ता की।

**साइलेज बनाने यह जरूरीः** साइलेज बनाने के लिए साइलोपीट का निर्माण करना होगा। 8 फीट की गहराई और 4 फीट चौड़ाई वाला गड्ढा बनाना होगा। बारिश का पानी ठहर ना पाए इसके लिए निकास द्वार जरूर बनवाएं। चारों तरफ से दीवार बनाकर पहले से तैयार साइलेज का मिश्रण इसमें डालकर ढक दें। तीन माह बाद यह गड्ढा खोलें। अब तैयार है साइलेज के रूप में उत्तम और पौष्टिक हरा चारा।

> साइलेज एक उत्तम पशु आहार है। इसे भंडारण करके गर्मी के दिनों में हरा चारा के रूप में दिए जाने से दुग्ध उत्पादन की मात्रा बढ़ाने में मदद मिलती है।
> **-डॉ.बीके गोयल,** प्रोफेसर एंड हेड, कॉलेज ऑफ़ डेयरी साइंस एंड फूड टेक्नोलॉजी, रायपुर

## दवानबोड एवं टिकुलिया में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा के ग्राम दवानबोड एवं टिकुलिया में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के समापन पर विधायक शिवरतन शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। ग्राम दवानबोड में दवानबोड विजेता टीम रही वही लक्षमणा ढाबाडीह उपविजेता टीम और ग्राम टिकुलिया में भी दवानबोड विजेता टीम रही टिकुलिया उप विजेता रही। कार्यक्रम के उपरांत विधायक शिवरतन शर्मा ने दवानबोड में बनने वाले महिला स्व सहायता समूह भवन के लिए भमिपूजन किया। मौक पर विधायक ने खिलाड़ियों से हमेशा खेल को खेल भावना से खेलने की अपील की, उन्होंने कहा कि खेल से न केवल मनोरंजन होता है बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। साथ ही खेल हमें अनुशासित होना सीखाता है। विधायक शर्मा ने आगे कहा की स्वामी विवेकानंद कहते थे कि खेलकूद से युवाओं का शरीर ही नहीं मस्तिक भी स्वस्थ रहता है। स्वस्थ्य युवा ही देश की धरोहर होता है। आगे सभी को विधायक शर्मा ने कहा कि गांव देहात क्षेत्रों में क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन होने पर यहां के खिलाड़ीयों को अपना खेल दिखाने का मौका मिलता है।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ भाटापारा की बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

स्थानीय विश्राम गृह में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ भाटापारा की आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में आगामी तारीखों में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी का आगमन होना है जिनके स्वागत एवं अन्य कार्यक्रमों की संरचना बनाने बैठक में चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों को जिन्हें संगठन का परिचय पत्र कार्ड प्राप्त नही हुआ था उन्हें कार्ड एवं डारेक्टरी प्रदान की गई। वही संगठन एवं संगठन से जुड़े पत्रकारो के हित में संगठन अनुशासन के पालन के लिये उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि संगठन की बैठक आयोजित होने पर उपस्थित होना अनिवार्य है, अगर उपस्थित नही हो पाते है तो संगठन ब्लाक अध्यक्ष एवं सचिव को जानकारी देना आवश्यक है, अगर संगठन के सदस्य बिना किसी सूचना के लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहते है तो संगठन के द्वारा ऐसे सदस्यों पर उचित करवाही की जाएगी। आवश्यक जारी बैठक में संगठन के विस्तार को देखते हुए नए सदस्यों को श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता प्रदान की गई जिसमें देव भारद्वाज, समीर वर्मा एवं राजू साहू संगठन के सदस्य बने। इस बैठक में संगठन के संरक्षक मुकेश शर्मा, अध्यक्ष प्रशान्त वर्मा, उपाध्यक्ष अब्दुल मन्नान बांठिया, सौरभ बरवाड़, सचिव संतोष साहू, सहसचिव अजय यादव, संगठन प्रभारी लक्ष्मीनारायण सोनी, कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता, कार्यालय प्रभारी बजरंग ध्रुव एवं सदस्यों में कोमल शर्मा, सत्यनारायण पटेल, अमृत साहू, नदीम खान, पिंटू रजक, समीर वर्मा, देव भारद्वाज, राजू साहू उपस्थित रहे।

# देशी शराब दुकान सिनोधा रोड से हटाने धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

देशी शराब दुकान सिनोधा रोड को हटाने के लिए उमड़ा जनसैलाब जो कि सुबह 10.00 बजे से महिलाएं व स्कूली छात्र व बच्चे वह जनप्रतिनिधि अनिश्चितकालीन धरना के लिए शराब दुकान के सामने बैठे धरना प्रदर्शन पर जोकि बड़े शांति के साथ अपने बातों को लोगों के सामने रखा गया जिसमें महिलाओं के द्वारा देसी शराब दुकान को हटाने के लिए दिन भर नारेबाजी करते हुए धरना दिया महिलाओं की मुख्य मांग है की देशी शराब दुकान को वार्ड और नगर से कहीं दूर संचालित किया जाए यह मुख्य रास्ते पर होने के कारण स्कूल की छात्र छात्राओं वह आस-पास के राइस मिलो अपने परिवार के भरण पोषण के लिए मजदूरी पर जाने वाली महिलाओं को बहुत ज्यादा मुख्य रोड में शराब दुकान होने के कारण तकलीफों का सामना करना पड़ता है वहां पर बैठे हुए शराब पीते हुए असामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा उनके साथ गंदा सब्दो के साथ टिप्पणी किया जाता है जिसके कारण महिलाएं उस रास्ते पर गुजरने के लिए बहुत ज्यादा डरते हैं और अकेले आने जाने की तो हिम्मत ही नहीं कर पाते हैं तिल्दा नेवरा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक हफ्ता पहले ही ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय में दिया गया था जिसमें उन्होंने शराब दुकान को हटाने के लिए कुछ बिंदुओं के साथ ज्ञापन सौंपा था साथ ही पत्र में लिखा गया था कि अगर 7 दिनों के अंदर कोई उचित कार्रवाई या उसकी मांगों को पूरी नहीं किया जाता है तो नगर के निवासियों के साथ नेवरा शराब दुकान पर धरना दिया जाएगा और शासन प्रशासन के द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं किए जाने के स्थिति में जन आंदोलन किया गया उक्त आंदोलन में किसी भी प्रकार का किसी राजनीतिक पार्टी का बैनर पोस्टर का उपयोग नहीं किया गया यह जन आंदोलन मैं सभी जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी एवं महिलाओं के समूह ने इस धरना प्रदर्शन में भाग लिया और शासन प्रशासन से निवेदन किया कि यह शराब दुकान मुख्य रास्ता से हटा लिया जाए धरना दे रहे लोगों को धरना समाप्त करने की निवेदन लेकर प्रभारी एवं नया तहसीलदार नंद कुमार सिन्हा सुबह 12.00 बजे पहुंचे जहां उनकी बातों से महिलाएं संतुष्ट नहीं हुआ जिसके कारण लगातार आंदोलन जारी रहा इस शराब दुकान हटाओ आंदोलन में नगर के कई वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि भाग लिए जिसमें अनिल अग्रवाल, नगर पालिका के उपाध्यक्ष विकास शुखवानी मनीष शर्मा पत्रकार समाजसेवी संदीप वर्मा ग्राम पंचायत खत्री के सरपंच रामनारायण मिर्जा महिलाओं की सामाजिक सेवा समूह के नेत्री रमा वर्मा ग्राम पंचायत टोहड़ा के सरपंच खूबदास वैष्णव विष्णु शर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा भागबली साहू मंडल अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा किसान नेता मोहन साहू गोंडवाना समाज के अध्यक्ष पुरइन ध्रुव, ग्राम पंचायत सिनोधा से राम कुमार गोस्वामी पार्षद दुर्गा पटेल पार्षद राजकुमार पार्षद सुधा चौबे किसान नेता कृपाराम पटेल पार्षद सतीश निषाद पार्षद मनोज निषाद सभी ने कार्यक्रम को संबोधित किया एवं इनके द्वारा शराब दुकान हटाओ आंदोलन का नेतृत्व किया गया शाम को 6.00 बजे के आसपास प्रभारी तहसीलदार ने आकर सभी प्रदर्शन कर रहे सामाजिक सेवा के प्रमुख हुआ महिलाओं को एवं जनप्रतिनिधियों को उनके द्वारा एवं आबकारी विभाग के अधिकारी अरविंद कुमार साहू के द्वारा लोगों को मौखिक एवं लिखित में आंदोलन कर रहे लोगों को 1 महीने की अंदर इस देसी शराब दुकान को किसी अन्य जगह स्थानांतरण करने की बात पर सहमति बनी जिसमें जन आंदोलन कर रहे महिलाएं एवं जनप्रतिनिधियों ने सहमति जताते हुए आंदोलन को 1 महीने के लिए स्थगित किया गया है।

## तहसीलवार लेखा परीक्षण की तिथि निर्धारित

**बेमेतरा।** आंतरिक लेख परीक्षण दल द्वारा जिले के सभी पांच तहसीलों का वित्तीय वर्ष के हिसाब से वित्तीय वर्ष 2012-13 से 31 जनवरी 2021 तक के कैशबुक का लेखा परीक्षण किया जायेगा। कलेक्टर बेमेतरा द्वारा जारी आदेश के मुताबिक दल मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लेखा अधिकारी अनिल वैष्णव एवं सहायक कोषालय अधिकारी अश्वनी साहू रहेंगे। 01 एवं 09 मार्च 2021 को तहसील साजा, 04 एवं 10 मार्च को तहसील बेरला, 06 एवं 12 मार्च को तहसील नवागढ़, 08 एवं 15 मार्च को तहसील थानखम्हरिया, 17 एवं 18 मार्च को तहसील बेमेतरा शामिल हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी तहसीलदार उक्त वित्तीय वर्ष 2012-13 से 31 जनवरी 2021 तक कैशबुक का संधारण कर बैंक पासबुक एवं संबंधित व्हाउचर सहित अन्य पंजी संधारित कर लेखा परीक्षण दल को उपलब्ध करायेंगे।

**विधायक गुलाब कमरो का मास्टर स्ट्रोक नागपुर में महाविद्यालय खोलने सहित क्षेत्र की वर्षो पुरानी मांगों को बजट में मिली स्वीकृति**

# बजट में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र को मिली 8564 लाख की बड़ी सौगात

पायनियर संवाददाता ‹ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया व वित्तमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को छत्तीसगढ़ की विधानसभा में वर्ष 2021-22 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया जिसमें भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र का खासा ख्याल रखा गया। सीएम भूपेश बघेल ने अपने प्रस्तुत किए गए बजट में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के लिए 8564 लाख का प्रावधान कर एक बड़ी सौगात दी है जिसको लेकर विधानसभा क्षेत्र वासियों ने क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के प्रति आभार प्रगट किया है! विधायक गुलाब कमरों के प्रयासों से भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र को बजट में 8564 लाख रुपए की सौगात मिली है ध्यान देने वाली बात यह भी है कि इस बजट में बहुत से ऐसे कार्यों को स्वीकृति मिली है जिनकी मांग क्षेत्र की जनता के द्वारा कई वर्षों से की जा रही थी। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो जब से



विधायक बने हैं तब से क्षेत्र के विकास के लिए अपने आप को समर्पित कर दिया है ना थका ना रुका सिर्फ क्षेत्र का विकास किया है ! विधायक गुलाब कमरो अपने आप को भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के जनता के लिए समर्पित कर लगातार विकास की गति को आगे बढ़ाते हुए कई बड़ी सौगात दी है। जब विधानसभा में बजट सत्र की तैयारी की जा रही थी तो विधायक गुलाब कमरो रायपुर में डेरा डालकर जनता की वर्षों पुरानी मांग को बजट में जुड़वा कर बड़े-बड़े कार्यों को स्वीकृत कराया है उसी का परिणाम है कि कर्म योगी विधायक गुलाब कमरो के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत किए गए अपने वार्षिक बजट में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र को 8564 लाख रुपए की बड़ी सौगात दी है । विधायक गुलाब कमरो के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में नागपुर महाविद्यालय की स्थापना एवं संकाय प्रारंभ राशि 110 लाख, ग्राम घुघरा के हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन एवं वेतन भत्ता 223 लाख, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालन ग्राम जनकपुर 220 लाख, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालन ग्राम सोनहत 220 लाख, सीरियाखोह डायवर्सन योजना में मुख्य नहर में सीसी चैनल निर्माण कार्य 180 लाख,शंकरगढ़ डायवर्सन योजना के मुख्य नहर में पत्थर के खुदाई एवं सीसी चैनल निर्माण 216 लाख, सोनहत बांध में सलुस निर्माण एवं सिटी चैनल निर्माण 201 लाख, रजौली बांध में सलूस निर्माण एवं सीसी चैनल निर्माण 216 लाख, गोपद व व्यपवर्तन 200 लाख, ओहनिया व व्यपवर्तन 100 लाख, हल्फरी व्यपवर्तन 190 लाख, सनबोरा व्यपवर्तन 150 लाख, दुलही धार वयपवर्तन 180 लाख, हसिया नाला डायवर्सन योजना 500 लाख, 15 तरतोरा जलाशय के मुख्य नहर में सीसी चैनल निर्माण एवं आवश्यक सुधार कार्य 120 लाख,उदल कछार व्यपवर्तन 195 लाख, सोनवाही एनिकट 300 लाख,अमृतधारा पर्यटन स्थल में हसदो नदी पर स्टॉप डेम निर्माण 120 लाख, स्टॉप डेम निर्माण सरभोका बस्ती से डोंगरी टोला मार्ग का निर्माण लगभग 2 किलोमीटर 220 लाख, मुख्य सड़क से होकर चौघडा मार्ग का निर्माण लंबाई 4 किलोमीटर राशि 440 लाख, सलगवां कला से खुटरापारा सड़क का निर्माण लंबाई 3 किलोमीटर 330 लाख, पेंड्री चौक से मटुकपुर 6.50 किलोमीटर 800 लाख, मसोरा से कुदरा मार्ग निर्माण लंबाई 5 किलोमीटर 550 लाख, पसौरी से कोतमा मार्ग पर बने नदी में पुल निर्माण एक सौ पचास लाख, सोनहत से छिगुरा मार्ग पर हसदो नदी में पुल निर्माण 110 लाख, घाघरा लवाहोरी मार्ग पर रापा नदी में पुल निर्माण 200 लाख, साल्ही कर्मघोंघा पहुंच मार्ग 2 किलोमीटर राशि 220 लाख, एनएच 43 से 18 वीं बटालियन चैनपुर पहुंच मार्ग निर्माण लंबाई 3 किलोमीटर राशि 400 लाख, पूंजी से छीरहाटोला मार्ग का निर्माण पुल पुलिया सहित लागत राशि 230 लाख, घुघरा काचरडॉंड से मजौरा पहुंच मार्ग का निर्माण 5 किलोमीटर राशि 500 लाख, बीहि नाला व्यपवर्तन योजना में शीर्ष कार्य एवं नहर कार्य में सुधार कार्य 80 लाख, घुटरा डायवर्सन में मुख्य नहर में सीसी चैनल निर्माण 200 लाख, ओदारी डायवर्सन के मुख्य नहर 5700 मीटर से 9800 मीटर सीसी चैनल एवं माइनर नहर निर्माण कार्य 216 लाख, बिहार पुर डायवर्सन योजना बांध एवं नहर निर्माण कार्य 200 लाख, पसौरी स्टाप डेम निर्माण 100 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

# जिले में 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का टीकाकरण प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ कोरिया
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम के लिए दूसरे चरण का टीकाकरण अभियान एक मार्च से प्रारंभ हो गया। कलेक्टर एसएन राठौर ने आज जिला चिकित्सालय में टीकाकरण अभियान का निरीक्षण किया। बैकुंठपुर स्थित जिला चिकित्सालय में सुबह 10.30 बजे से टीकाकरण प्रारंभ किया गया। जहां पहला टीका निवासी रेखा जायसवाल को लगाया गया। टीकाकरण से पूर्व पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई और टीकाकरण उपरांत उन्हें आब्जर्वेशन में भी रखा गया। अस्पताल में उपस्थित 60 वर्ष से अधिक उम्र के देवेंद्र कुमार, राम प्रसाद, मोती देवी तिवारी, नमिता चक्रवर्ती, भागीरथी तिवारी, गुलाब चैहान ने भी टीका लगवाया। टीकाकरण के प्रथम दिन 1 मार्च को कुल 123 नागरिकों का टीकाकरण हुआ। जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 61 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया। इसी तरह 45 से 59 आयु वर्ग के कोमार्बीड वर्ग में 62 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर सीएमएचओ डॉ. रामेश्वर शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले में वैक्सीनेशन हेतु तीन साइट्स का चयन किया गया है जिनमें जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहिल चिरमिरी तथा श्रीराम हॉस्पिटल मनेंद्रगढ़ शामिल हैं। लाभार्थियों को टीकाकरण सेशन साइट पर पहचान पत्र लाना आवश्यक है। जो दस्तावेज मान्य होंगे, उनमें आधार कार्ड, ईपिक, एनपीआर स्मार्ट कार्ड,

संपादकीय

# बंगाल चुनाव, जटिल परिस्थिति

**चुनाव** जीतना आसान नहीं है और यह बात निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल जैसे राज्य के लिए सही है। इसके लिए सावधानी से बनाई योजना तथा वोटों की फसल काटने के लिए विभिन्न प्रकार की गणित का संतुलित प्रयोग जरूरी होगा। चुनाव में उतरी सभी राजनीतिक पार्टियां यह फार्मूला जानती हैं, पर अंतर इस बात से पड़ेगा कि वे विभिन्न आयामों का किस सफलता से प्रयोग कर सकती हैं। निर्वाचन आयोग-ईसी द्वारा राज्य में अभूतपूर्व ढंग से आठ-चरण वाले चुनाव की घोषणा होते ही टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने उस पर पूर्वाग्रही भूमिका अपनाने का आरोप लगाया जिससे भाजपा को लाभ होगा।

कुछ चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार, चरणबद्ध चुनाव में शुरुआती चरणों में मतदान की प्रवृत्ति का प्रभाव बाद वाले चरणों पर भी पड़ता है। आमतौर से बाद वाले चरणों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले लोगों में उस पार्टी या गठबंधन को वोट देने की इच्छा पैदा होती है जो शुरुआती चरणों में आगे होता है। लेकिन अक्सर यह भी देखने में आता है कि अंतिम या बिल्कुल अंतिम चरणों में मतदाताओं का जोश कम हो जाता है जिससे उस पार्टी को लाभ होता है जिसका वर्चस्व इन क्षेत्रों में न हो। इसके साथ ही चुनावों के माइक्रो-प्रबंधन में अनेक अन्य कोण व संवेदनशील चीजें शामिल होती हैं। यदि हम ममता बनर्जी के कथन पर विचार करें तो सवाल पैदा होता है कि क्या इस बहु-चरणीय चुनाव से भाजपा लाभ उठाने का प्रयास कर सकती है।

ममता बनर्जी एक परिपक्व नेता हैं और वे जानती हैं कि भाजपा अब 'मोदी लहर' या 'राष्ट्रवाद' के रथ पर सवार नहीं है। भले ही पेट्रोल व डीजल पर केवल एक रुपया टैक्स की राहत दी गई हो, पर इससे स्पष्ट होता है कि वे तेल व एलपीजी मूल्यों में हालिया वृद्धि के भाजपा के मतों पर पड़ने वाले असर को जानती हैं तथा उन्होंने सत्ता-विरोधी रुझान कम करने का प्रयास किया है।

इसके बावजूद ममता को भाजपा के बढ़ते उभार से चिन्ता है जो सत्तारूढ़ टीएमसी को हटाने के लिए 'ईसी की सहायता से गुणा भाग' में परिवर्तन कर लाभ उठा सकती है। इस बीच भाजपा नागरिकता संशोधन कानून-सीएए, हिंदू एकजुटता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई केन्द्र की कल्याणकारी योजनाओं तथा टीएमसी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों का लाभ उठाना चाहती है। वह अपने कार्ड बहुत सावधानी से खेल रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि ईसी प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आदेशों पर काम करती है। उन्होंने यह जानकारी होने का दावा किया कि चरणबद्ध चुनाव की भाजपा कार्यालय में मौजूद सूची पूरी तरह ईसी द्वारा घोषित सूची से मेल खाती है। दूसरी ओर ईसी का तर्क ज्यादा समझ में आने वाला है।

उसने कहा है कि हालिया आरोपों प्रत्यारोपों के बीच उसे बलों के आवागमन पर भी विचार करना था। बंगाल एक संवेदनशील राज्य है और वहां चुनावों में हिंसा होती रही है। राज्य में चुनाव करवाना दूसरे राज्यों की तरह नहीं है। ईमानदारी से देखा जाए तो ईसी के तर्क उचित लगते हैं। 2016 के राज्य विधानसभा चुनाव भी सात चरणों में हुए थे तथा 2019 के लोकसभा चुनाव में भी राज्य में मतदान सात चरणों में हुआ था। यदि ममता बनर्जी के पास सचमुच अपने दावों के पक्ष में कोई प्रमाण मौजूद हैं तो उनको अनुमानों के आधार पर आरोप लगाने के बजाय अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। अपने दावों के पक्ष में समुचित प्रमाणों के अभाव में केवल शोर मचाना उनके लिए लाभदायक नहीं होगा।

# खिलौना उद्योग को नई रफ्तार देने की कवायद में मील का पत्थर साबित होगा 'भारत खिलौना मेला-2021'

- **कंचन ज्वाला कुंदन** (आलेख में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं)




हाथों में मोबाइल लेकर पैदा होने वाली हमारी नई नस्ल, हमारे नए पौध में खिलौनों से वास्ता लगातार कम होता जा रहा है. बच्चे ऑनलाइन खेल और खिलौनों की ओर बेतहाशा बड़ रहे हैं. बच्चे सबसे ज्यादा समय वीडियो गेम और मोबाइल के अन्यान्य गतिविधियों में बिताने लगे हैं. खेल और खिलौनों का भौतिक रूप से कम होना चिंता का विषय है. ऐसे समय में भारत खिलौना मेला की प्रासंगिकता और ज्यादा बड़ जाती है।

पीएम मोदी ने इस विषय के दूरगामी परिणाम को सोचते हुए पहली बार भारत खिलौना मेला (द इंडिया टॉय फेयर-2021) का शुभारंभ किया है. भारत खिलौना मेला आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल का एक अहम हिस्सा है. वैसे तो भारत में 1.5 अरब डॉलर का खिलौना बाजार है. मगर चिंता का विषय यह है कि इसमें से 80 प्रतिशत खिलौने विदेश से आते हैं. दशकों से उपेक्षित भारतीय खिलौना निर्माताओं ने खिलौनों से लगभग दूरी बना ली है. ऐसे समय में खिलौना मेला ने खिलौना विनिर्माताओं में नई स्फूर्ति का संचार किया है. भारतीय खिलौनों का बाजार में एक बार फिर रूतबा और दबदबा बढ़ेगा. खिलौनों की दुनिया में भारत को आत्मनिर्भर बनाने शंखनाद हो चुका है.

इसे कुछ यूँ कहा जाए कि खिलौना उद्योग को नई रफ्तार देने की नए सिरे से कवायद शुरू हो चुकी है. पीएम मोदी ने भारत खिलौना मेला-2021 का उद्घाटन कर खिलौना उद्योग जगत में नया प्राण प्रतिष्ठापित किया है. भारतीय खिलौनों को बढ़ावा देने के मकसद से आयोजित यह वर्चुअल मेला 27 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा. भारत को खिलौना निर्माण का वैश्विक हब बनाने के प्रयासों की कड़ी में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा. इस वर्चुअल मेले के जरिए ग्राहक, खिलौना निर्माता और डिजाइनरों को एक मंच पर लाने की कोशिश की जा रही है. इसमें देशभर के 1,000 से ज्यादा खिलौना निर्माताओं के खिलौनों को देखने और उन्हें खरीदने का मौका मिलेगा. इस वर्चुअल प्रदर्शनी में भारतीय खिलौनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक टॉय समेत तमाम तरह के खिलौने दिखाए जाएंगे।

करीब एक साल पहले खराब गुणवत्ता वाले खिलौने, आयात किए जा रहे सस्ते खिलौनों से भारतीय खिलौना उद्योग पर बुरा असर पड़ने की शिकायतें मिली थीं. नकली चीनी खिलौनों पर संसदीय समिति भी चिंता जता चुकी है. भारत में खिलौनों का बाजार 12,769 करोड़ रुपए का है. दुनिया के खिलौना बाजार में भारतीय खिलौनों की हिस्सेदारी 2 फीसदी से भी कम है और भारत के करीबी 90 फीसदी खिलौना बाजार पर चीन का कब्जा है. पीएम मोदी ने 30 अगस्त 2020 को प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में भी भारतीय खिलौनों को बढ़ावा देने की बात कही थी. उसी दिशा में भारत खिलौना मेला अहम कदम है.

पीएम मोदी ने भारत खिलौना मेला के वर्चुअल शुभारंभ में कहा कि भारतीय खेल और खिलौनों की ये खूबी रही है कि उनमें ज्ञान होता है विज्ञान भी होता है मनोरंजन होता है और मनोविज्ञान भी होता है. खिलौने एक बच्चे के दिमाग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बच्चों में साइकोमोटर और संज्ञानात्मक कौशल को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं. अगस्त 2020 में अपने मन की बात संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि खिलौने न केवल गतिविधि में वृद्धि करते हैं, बल्कि आकांक्षाओं की उड़ान के लिए भी जरूरी हैं. एक बच्चे के समग्र विकास में खिलौनों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने पहले भी भारत में खिलौना निर्माण को बढ़ावा देने पर जोर दिया है. खिलौना मेला के इस अवसर पर हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इस ऊर्जा को आधुनिक अवतार दें, इन संभावनाओं को साकार करें. अगर आज मेड इन इंडिया की डिमांड है तो आज हेंड मेड इन इंडिया की डिमांड भी उतनी ही बढ़ रही है. देश ने खिलौना उद्योग को 24 प्रमुख क्षेत्रों में दर्जा दिया है. राष्ट्रीय खिलौना कार्य योजना भी तैयार किया गया है. इसमें 15 मंत्रालयों और विभागों को शामिल किया गया है ताकि ये उद्योग प्रतियोगी बने, देश खिलौनों में आत्मनिर्भर बनें और भारत के खिलौने दुनिया में जाएं. खिलौनों का जो वैज्ञानिक पक्ष है, बच्चों के विकास में खिलौनों की जो भूमिका है, उसे अभिभावकों को समझना चाहिए और अध्यापकों को स्कूलों में भी उसे प्रयोग करना चाहिए. इस दिशा में देश भी प्रभावी कदम उठा रहा है. व्यवस्था में जरूरी कदम उठा रहा है. हमारी परंपराओं, खानपान, और परिधानों में ये विविधताएं एक ताकत के रूप में नजर आती है. इसी तरह भारतीय खिलौना उद्योग भी इस अद्वितीय भारतीय परिप्रेक्ष्य को, भारतीय विचारबोध को प्रोत्साहित कर सकती है.

इस लेख में खेल और खिलौनों की दुनिया में छत्तीसगढ़ के संदर्भ में भी बात करना समीचीन होगा. आर्थिक रूप से अन्यान्य बड़े राज्यों से पिछड़ा और कमजोर छत्तीसगढ़ प्रदेश खेल और खिलौनों की दुनिया में बहुत अग्रणी रहा है और अग्रणी है भी. छत्तीसगढ़ में खेलों की विविधता है. छत्तीसगढ़ ने कई राज्यों के खेल और खिलौनों को परिष्कृत और परिमार्जित कर नए-नए रूपों में आत्मसात किया है. छत्तीसगढ़ के खेल और खिलौनों में बित्ता कूद, डंडा कोलाल, परी-पत्थर,अमरित-बिस, गिल्ली डंडा, गोटी (पचवा ), नदी-पहाड़,अंधियारी-अंजोरी, बाँटी-भौंरा इत्यादि प्रमुख हैं. देश में पहली बार आयोजित भारत खिलौना मेला को लेकर छत्तीसगढ के लोगों में भी बेहद उत्साह का माहौल रहा. रायपुर के खिलौना कारोबारी पवन कुमार मंसहानी ने इसमें पंजीकरण कराया और शामिल हुए. खिलौना कारोबारी पवन मंसहानी ने केंद्र सरकार के इस अभिनव पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की.

गलवान घाटी में तनाव के बाद से भारत में चीनी बाजार ने पांव समेटना शुरू कर दिया है. कोरोना काल में भी चीन की नकारात्मक छवि के कारण भारतीय बाजार में चीनी उत्पादों और खिलौनों की मांग घटी है. इसका लाभ अब भारतीय खिलौना निर्माताओं को मिल रहा है. भारत खिलौना मेला को लेकर द टॉय असोसिएशन ऑफ इंडिया (TTAI) के पदाधिकारी भी बेहद उत्साहित नजर आये. TTAI के मुताबिक दिल्ली और आसपास के शहरों में ही खिलौनों से जुड़ी छोटी-बड़ी यूनिट मिलाकर करीब 1000 यूनिट हैं. भारत खिलौना मेला का एक बड़ा उद्देश्य यह भी है कि भारतीय बच्चों के हाथों से चीनी खिलौने छिन लेने होंगे।

क्योंकि भारतीय खिलौनों से ही बच्चों की हँसी और देश की खुशी में अग्रोत्तर इजाफा होगा. भारत खिलौना मेला आयोजन के निष्कर्ष में हम कह सकते हैं कि खिलौना उद्योग को नई रफ्तार देने की कवायद में यह शुभारंभ मील का पत्थर साबित होगा।

# युगों के दौरान पंथनिरपेक्षता की उत्पत्ति



**नदीम पार्चा**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पिछले पांच वर्षों में यूरोप, अमेरिका, तुर्की और भारत के विभिन्न अकादमिक मंच से निकला विश्लेषण बताता है कि दुनिया पंथनिरपेक्ष युग में प्रवेश कर चुकी है। लेकिन इस थीसिस के आलोचकों को डर है कि यह अपने सबसे सरल रूप में पंथनिरपेक्षता की कल्पना कर रहा है। पंथनिरपेक्षतावाद अत्यधिक जटिल तरीके से विकसित हुआ है, जैसा कि मानवविज्ञानी तलाल असद और दार्शनिक चार्ल्स टेलर द्वारा प्रदर्शित किया गया है। दोनों ने पंथनिरपेक्षता को मध्य युग के दौरान सुधार की प्रक्रिया से निकलते देखा, ताकि अंधविश्वास से मुक्त समाज का निर्माण हो सके। असद की समग्र स्थिति यहां पर यह है कि पंथनिरपेक्षता की उत्पत्ति को पूरी तरह से एक ही घटना के लिए नहीं रखा जा सकता है, जबकि टेलर का कहना है कि ईसाई धर्म के विध्वंस ने एक बार अंधविश्वासी आम आदमी को धर्मग्रंथों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद की। प्रोटेस्टेंट और कैल्विनवादी जैसे ईसाई संप्रदायों ने एक पुण्य के रूप में उद्यमी स्वभाव देखा, जब तक कि इसने मानवता को लाभ पहुंचाया। इसने न केवल मानवतावाद के विचार को जन्म दिया, इसने उन विचारों को भी जन्म दिया जिन्होंने आधुनिकता के तंत्र को तैयार करने में योगदान दिया।

असद के अनुसार, ईसाई पंथ का आध्यात्मिक वादा कि ''मसीह की मृत्यु संपूर्ण मानवता को बचाने के लिए हुई थी'' को एक राजनीतिक वादे में बदल दिया गया था कि दुनिया को मसीह के लिए बदलना चाहिए। इसलिए, टेलर और असद दोनों ही पंथनिरपेक्षता के विचार के उद्भव को पंथ के प्रति प्रतिकूल प्रतिक्रिया से नहीं, बल्कि तेजी से विकसित हो रहे मील के पत्थर में सुधार के आग्रह से देखते हैं। असद के लिए, भले ही ईसाई पंथ के भीतर असंतोष की प्रक्रिया ने सुधारवादी विचारों को स्वीकार करते हुए देखा, उदाहरण के लिए, ईसाई नैतिकता की पारंपरिक धारणाएं वास्तव में दूर नहीं हुईं। असद लिखते हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र से धर्म को पूरी तरह से निष्कासित नहीं किया गया था। वास्तव में, इसे निजी क्षेत्र में वापस कर दिया गया था, लेकिन पंथ जो तर्कसंगत बहस में हिस्सा लेने और नए पंथनिरपेक्ष प्रतिमान को स्वीकार करने के लिए तैयार थे, सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने के लिए स्वागत किया गया।

आधुनिकता के विस्तार के साथ, पंथनिरपेक्षतावाद का विचार यूरोप से अन्य क्षेत्रों में जाकर फैल गया। लेकिन इसने गैर-पश्चिमी वास्तविकताओं को समायोजित करने के लिए उत्परिवर्तन का काम किया। उदाहरण के लिए, हालांकि यह एक समावेशी विचार के रूप में आया है, जो एक तर्कसंगत राष्ट्रवादी संपूर्ण के निर्माण के रूप में पवित्र और निजीकरण को अपवित्र के निजीकरण की वकालत करता है, कम्युनिस्ट सेट-अप में यह पूरी तरह से धर्म को कट्टरता से कठोर बना देता है। लेकिन यह कठोरता फ्रांस में भी मौजूद थी।

टेलर के अनुसार, जबकि यूरोप में पंथनिरपेक्षता कहीं और बड़े पैमाने पर सुधारित ईसाई पंथ से उभरा था, फ्रांस में यह धर्म के खिलाफ विद्रोह (18 वीं शताब्दी की फ्रांसीसी क्रांति के दौरान) के रूप में प्रकट हुआ था। लैसाइटी 'के रूप में जाना जाने वाला यह सार्वजनिक क्षेत्र में धर्म के किसी भी प्रदर्शन को मुश्किल से सहन करता है। अमेरिका और यूरोपीय देशों में समावेशी पंथनिरपेक्षता के विपरीत, जहां राज्य धर्म के प्रति अवैयक्तिक रहता है, जब तक कि वह उदार-लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरे में नहीं डालता, लाओत्से ने सार्वजनिक क्षेत्र में धर्म को हतोत्साहित करने के लिए आक्रामक रूप से हस्तक्षेप करने का प्रतिबंध लगाया। दिलचस्प बात यह है कि यह पंथनिरपेक्षता का भी रूप है जिसे तुर्की ने 1922 में गणतंत्र बनने के बाद अपनाया था।

ज्यादातर उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलनों ने भी अपने राष्ट्रवाद के अनुरूप इसे संशोधित करके पंथनिरपेक्षता को अपनाया। उदाहरण के लिए, अरब राष्ट्रवाद ने पंथनिरपेक्षता को अपनाया क्योंकि इसने अपने उपनिवेशवाद विरोधी धार्मिक समकालीनों को प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा। इसने समावेशी पंथनिरपेक्ष संस्करण को अपनाया, भले ही अरब राष्ट्रवादी शासन तानाशाह थे और अक्सर धार्मिक समूहों के नेताओं को जेल में डाल दिया, जिन्होंने अरब राष्ट्रवादी कथा को चुनौती दी थी। फ्रांसीसी राजनीतिक वैज्ञानिक क्रिस्टोफ जाफरलॉट के अनुसार, औपनिवेशिक भारत में पंथनिरपेक्षता का एक अनूठा परिवर्तन हुआ। जाफरलॉट का कहना है कि 19 वीं सदी के भारतीय मुस्लिम विद्वान सैयद अहमद खान के अनुयायियों ने मुस्लिम लीग का गठन करके अपने सुधारवादी इस्लामी कथा का राजनीतिकरण किया। आखिरकार, पार्टी एक अलग मुस्लिम-बहुमत वाले राज्य की मांग करने लगी।

सैयद, और फिर 20 वीं सदी के आरंभिक दार्शनिक और कवि मुहम्मद इकबाल और, आखिरकार, बैरिस्टर मुहम्मद अली जिन्ना ने यह कहा कि तलाल असद को सांस्कृतिक पंथनिरपेक्षता कहा जाता है। धर्म को राजनीति से अलग करने के बजाय, उन्होंने सांस्कृतिक अलगाववाद की राजनीतिक विचारधारा बनाने के लिए इस्लाम की सांस्कृतिक गतिशीलता को विश्वास के धार्मिक और अनुष्ठानिक आयामों से अलग किया।

जाफरलॉट के अनुसार, उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र में इस्लाम को सांस्कृतिक पहचान-चिह्न के रूप में रखा, जबकि विश्वास के धार्मिक और धार्मिक पहलुओं को निजी क्षेत्र में धकेल दिया गया। यही कारण है कि पाकिस्तान के संस्थापक वास्तव में कभी भी अपनी धार्मिकता (या इसके अभाव) को लेकर प्रदर्शनकारी नहीं थे। वे मुस्लिम राष्ट्रवाद को एक आधुनिक मुस्लिम-बहुल राज्य के सांस्कृतिक और राजनीतिक विचार के रूप में समझते थे, लेकिन जो इस्लाम के पंथशास्त्रीय / कर्मकांड के पहलुओं के प्रति अवैयक्तिक रहेगा।

जाफरलॉट लिखते हैं कि, 1974 में, द्वितीय संशोधन के पारित होने के कारण पाकिस्तान में इस्लाम को बहिष्कृत कर दिया गया। फिर, 1979 और 1991 के बीच विभिन्न अध्यादेशों ने इस्लाम के समावेशी विचार को लगभग पूरी तरह से समाप्त कर दिया। इसने विभिन्न दूर-दराज के धार्मिक समूहों को राज्य द्वारा चुनौती दिए बिना, सार्वजनिक क्षेत्र में खुद को मुखर करने का समर्थन किया।

पंथनिरपेक्षता संकट में है, लेकिन ज्यादातर विकासशील देशों में ऐसा नजर आता है। पिछले कुछ समय से ऐसा ही है। भारत अपवाद है, जहां यह संकट अपेक्षाकृत हाल का है। विडंबना यह है कि भारत में इस संदर्भ में संकट को पंथनिरपेक्षता के इलाज के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि यह 1974 में पाकिस्तान में इलाज किया गया था। परिणाम विनाशकारी थे, क्योंकि वे भारत में भी होंगे।

## फरमाया



**येदियुरप्पा** जी ने अपना जीवन किसानों के कल्याण एवं गरीबों के सशक्तीकरण में लगा दिया। उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कोरोना वायरस** के खिलाफ सम्मिलित प्रयासों व एकजुटता संबंधी सभी बयानों के बावजूद व्यवहार में स्थिति विपरीत नजर आती है।

**- इल्हाम अलियेव**
अजरबैजान के राष्ट्रपति



**सिधाना** को गिरफ्तार न करके व मुख्तार अंसारी को यूपी स्थानांतरित न करके पंजाब के मुख्यमंत्री ने साबित किया है कि गैंग्सटरों के मामले में उनका रवैया चयनात्मक है।

**- विनीत जोशी**
पंजाब भाजपा नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## लाकडाउन का खतरा

कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पिछले साल लगाए गए लॉकडाउन के दौरान समूचे विश्व के लोगों की आमदनी में कमी आई है। आमदनी में कमी आने का मुख्य कारण नौकरियां जाना और कार्य की अनुपलब्धता ही थी। हर पांचवें व्यक्ति को भोजन खरीदने के लिए पैसा नहीं होने के कारण भूखे रहने पर मजबूर होना पड़ा था। बहरहाल केंद्र ने देश में कोविड-19 महामारी के कारण पिछले साल मार्च में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसके कुछ महीने बाद प्रतिबंधों में धीरे-धीरे ढील दी गई थी लेकिन लॉकडाउन हटने के पांच महीने बाद तक उनकी स्थिति ऐसी ही रही और अब एक बार फिर से कोविड़-19 के मामलों में इजाफा हो रहा है। आलम तो यह है कि अब फिर से कई राज्यों में लॉकड़ाउन का ऐलान भी किया जा चुका है परन्तु चिंताजनक स्थिति यह है कि लॉकडाउन से पहले ही करीब 70 प्रतिशत लोगों की मासिक आय सात हजार रुपए थी और शेष लोगों की मासिक आय तीन हजार रुपए थी। पहले से ही इतनी कम आय में भी गिरावट इस बात को रेखांकित करती है कि संक्रमण का इन लोगों पर कितना बुरा असर पड़ा है। केवल 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं, जिनकी आय लॉकडाउन से पहले वाले स्तर पर पहुंची है।

**- निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

## गुमनाम कोरोना योद्धा

**भारत** में एक मार्च से कोरोना टीकाकरण का तीसरा चरण शुरू हो चुका है जो की बीमारों और वृद्ध नागरिकों के लिए है। प्रधानमंत्री जी स्वयं टीका लगवाकर इस चरण का शुभारम्भ कर चुके हैं। इससे पहले के दो चरण स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स के लिए थे क्योंकि उन्हें ही कोरोना से लड़ाई में सबसे अहम माना गया था। लेकिन इन दोनों चरणों में एक बड़ा वर्ग छूट गया। लॉकडाउन के दौरान किराना दुकानदार, घर-घर किराना पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉयज, आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में लगे ट्रकों के चालक, परिचालक और मज़दूर, क्वारंटाइन केंद्र में तब्दील होटलों का स्टाफ, अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के यहाँ काम करने वाली घरेलू सहायिकाएं जैसे लाखों और लोग भी काम कर रहे थे। ये सभी असंगठित और गैर सरकारी क्षेत्र के लोग थे मगर कोरोना से लड़ाई में इनका महत्वपूर्ण रोल था। कोरोना के खिलाफ कंधे से कंधा मिला कर लड़ने के बावजूद ये लोग ना तो कोरोना योद्धाओं की गिनती में आये और ना ही किसी चर्चा या तारीफ के हक़दार बने। मुफ्त या प्राथमिकता वाले टीकाकरण के किसी चरण में भी इनका नाम नहीं था। सोचिए क्या भूखे पेट स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस कर्मी आदि कोरोना से लड़ पाते?

**- बृजेश माथुर,** बृज विहार, गाज़ियाबाद

## विकास बनाम पर्यावरण

**यह** पत्र - ज़रूरत है पर्यावरण हितैषी विकास की, के संदर्भ मे है। 2013 की केदारनाथ की शोक पूर्ण घटना हम सबके आंखों के सामने आज भी ताज़ा है। और चमोली जिले मे ग्लेशियर टूटने के बाद की घटना ने एक बार फिर हम सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है की प्रकृति की मार बड़ी भयावह होती है। इस घटना जिसमे 100 से ज़्यादा कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स गायब हो गये हैं इससे एक बार फिर यह विषय कि क्या पनबिजली के प्रोजेक्ट ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों मे होने चाहिए क्योंकि एनटीपीसी और ऋषि गंगा प्रोजेक्ट मे भारी नुकसान हुआ है, को हमारे समक्ष रखा है। इसके अलावा हमे मालूम है की चार धाम यात्रा, और भी कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं वहां विकसित हो रही हैं और ज़रूरी भी हैं। वहाँ के स्थानीय लोगों के लिए, मगर उनसे होने वाले पर्यावरण को नुकसान को भी बिल्कुल नज़रंदाज़ नही किया जा सकता है। अब ऐसी दुविधापूर्ण स्थिति में सरकार के सामने एक बड़ा सवाल है की कैसे इस पारिस्थितिकी संतुलन को बनाया जाए?

**- बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

## श्री पद्धति अपनाने से धान की उत्पादन में हुआ वृद्धि

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ अंतर्गत ग्राम धोबघट्टी निवासी चंद्रभान सेन गत वर्षो से परम्परागत खेती कर रहा था, जिससे उनकी आय व उत्पादन (35-38 क्वि.प्रति हेक्टेयर) कम थी। कृषि विभाग में संचालित आत्मा योजना से जुड़ने के बाद उन्होंने धान की वैज्ञानिक पद्धति से खेती प्रारंभ की जिससे उत्पादन व आय दोनो में वृद्धि हुई। एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजना के माध्यम से उनको कृषि वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन और सूचना प्राप्त हुआ, जिससे वह कृषि से संबंधित नई-नई तकनीक के बारे में जान पाया और अपने अमल में लाया। मिट्टी की जाँच करवाकर मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट की अनुशंसा के अनुसार संतुलित खाद व उर्वरक का उपयोग प्रारंभ किया। धान की खेती के लिए परम्परागत पद्धति को छोड़कर पद्धति को अपनाया जिसके फलस्वरूप उपज में वृद्धि (58-62 क्वि.प्रति हे.) हुई। एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजना नवागढ़ के द्वारा उनको श्री पद्धति के बारे में समय-समय समस्त जानकारी उपलब्ध करवाई गई एवं कृषि मेलो व सफल किसानो के प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया।

# अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ का सम्मेलन, विधायक गुरुदयाल ने भवन के लिए दिए 6.50 लाख

### शाकाहार और आध्यात्मिकता को अपने जीवन की विशिष्टता बनाएं : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवागढ़ में अखिल भारतीय वैष्णव ब्राम्हण (चतु. सम्प्रदाय) सेवा संघ छत्तीसगढ़ का प्रथम जिला स्तरीय सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर एवं राम मंदिर नवागढ़ में रखा गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे ,संसदीय सचिव छ. ग. शासन एवं विधायक नवागढ़ थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता लाल जे. के. वैष्णव छोटे राजा छुईखदान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छ. ग. वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ ने की,अतिविशिष्ट अतिथि प्रज्ञा निर्वाणी जिला पंचायत सदस्य बेमेतरा थी, एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर तिलक घोष,अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़ रजनीश वैष्णव (प्रदेश महासचिव), मनीष वैष्णव प्रदेश उपाध्यक्ष, रूपप्रकाश यादव एल्डर मेन न.प., अमित जैन एल्डर मेन न.प. नवागढ़, वीरेंद्र जायसवाल (एल्डर मेन न. प. नवागढ़) उपस्थित रहे। हितेश वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में हनुमान जी का पठ पूजन पश्चात राम मंदिर तक वैष्णव जनों द्वारा फेरी निकली गयी, अतिथियो द्वारा भगवान लक्ष्मी नारायण का पूजा अर्चना एवं दीप प्रजलन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, नवागढ़ विधायक संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने समाज के भवन के लिए 6.50 लाख की राशि की घोषणा की,उन्होंने कहा कि वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ अपने संस्कारो और सेवा भावना से सदा से अन्य समाज का पथ प्रदर्शन करते आ रहे हैं, भगवान विष्णु के सेवा में अपना सर्वस्व जीवन जीने की परंपरा वैष्णवो की है, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे छुईखदान रियासत के छोटे राजा लाल जे के वैष्णव ने बताया कि राजनादगांव के वैष्णव राजा दिग्विजय दास जी ने अपनी 1800 एकड़ की भूमि राजनांदगांव शहर में कालेज और स्टेडियम के लिए दान कर दी,रायपुर के राजकुमार कॉलेज निर्माण में 80प्र योगदान राजा दिग्विजय दास का था, त्याग और समाज की सेवा की परंपरा और गृहस्थ रहते हुए वैरागी रहना वैष्णवो की पहचान है, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि अन्य समाज के लोगो द्वारा दिया जाने वाला सम्मान सिर्फ और सिर्फ कर्मो और संस्कारों के वजह से है अतः अपने आराध्य के पूजन और शाकाहार और अध्यात्म को अपने जीवन की विशिष्टता बनाये। सम्मेलन को डॉ. सौरभ निर्वाणी,रितेश शर्मा जनपद उपाध्यक्ष नवागढ़,रजनीश वैष्णव ने भी संबोधित किया, वैष्णव युवक युवती का परिचय एवं भगवताचार्य लोगों का विशेष सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला बेमेतरा आयोजक टीम नवागढ़ इकाई के समस्त पदाधिकारीगण और दूर दूर से आये हुए समस्त वैष्णव ब्राम्हण (चतु.सम्प्रदाय) लोगो की अहम भूमिका रही इसमें मुख्य रूप से अरुण वैष्णव, रज्जू वैष्णव, हवेंद्र वैष्णव जनपद सदस्य, अंकुश वैष्णव, कविता वैष्णव, धन्ना वैष्णव, दिनेश शाष्त्री, हेमंत वैष्णव जनपद सदस्य बेरला, गोपी वैष्णव बेमेतरा, संतुष्टि महाराज राघवेंद्र दास वैष्णव,सुमंत वैष्णव, प्रदीप वैष्णव एवं राम मंदिर नवागढ़ के महंत मधु दास का विशेष योगदान रहा।

वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के जिला प्रवक्ता अंकुश वैष्णव ने बताया कि अगला सम्मेलन साजा विधानसभा में मई महीने में रखा जाएगा, मोहन दास वैष्णव ने सभा संचालन करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट : फिरोज

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पांडातराई नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान ने सरकार के बजट पर कहा कि बजट हर वर्ग के लिए बेहतर है इस बजट में सामाजिक संतुलन वित्तीय प्रबंधन, और छत्तीसगढ़ के बेहतर भविष्य एवं समग्र विकास के संकल्प की स्पष्ट छाप दिखाने वाला जन कल्याणकारी बजट है और गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है। नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा निश्चित ही सराहनीय बजट पेश किया गया है इस बजट से आमजनों को बेहतर लाभ मिल सकेगा उन्होंने हर वर्ग को ध्यान में रखकर यह बजट पेश किया है ,इस बजट में सरकार ने पत्रकारों की दुर्घटना जन्य आकस्मिक मौत पर परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता का प्रवधान कर चौथे स्तंभ के प्रति अपना सकारात्मक व मानवीय पहल किया गया है। इसी प्रकार कौशल्या मातृत्व योजना के लिए दूसरी बच्ची होने पर 5000 हजार एवं स्वछता दीदियों के मानदेय 1 हजार बढ़ाकर 5 हजार से 6 हजार किया गया है। साथ ही नगरीय निकायों को राहत देने के लिए अधोसंरचना विकास के लिए 482 करोड़ तथा जल आवर्धन योजना के लिए 120 करोड़ प्रवधान रखा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान जी ने बजट की प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल जो चालू वित्त वर्ष में 52 नए खोले गए है उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रस्तावित बजट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का प्रवधान किया गया है। सड़क ,स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ साथ सिचाई परियोजनाओं व प्रशासनिक सुविधा बढ़ाने के लिए 11 तहसील और 5 नए अनुविभागो का प्रवधान बजट में किया गया है। शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, हाट बाजार क्लिनिक ,सरकारी पैथोलॉजी लैब सहित छत्तीसगढ़ कला और संस्कृति के विकास पे जोर दिया गया है निश्चित ही बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है बस्तर टाईगर के नाम से सुदूर बस्तर के युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती के नए अवसर के साथ ही नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में भी बेहतर परिणाम मिलेंगे। इस बजट से छत्तीसगढ़ के विकास कार्य को नई दिशा मिलेगी।नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान जी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बेहतर बजट पेश किया छत्तीसगढ़ के विकास में इस बजट सामाजिक एवं वित्तीय प्रबंधन को बेहतर लाभ होगा।

# निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन देवकर के वार्ड क्र. 7 में होगा उप निर्वाचन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत मारो में आम निर्वाचन 2021 एवं देवकर वार्ड क्र.07 में उप निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचक नामावली तैयार/ पुनरीक्षण करने के संबंध में जारी कार्यक्रम अनुसार मारो एवं देवकर में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 01 मार्च 2021 को किया गया। निर्वाचक नामावली कार्य के लिए आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक बी.बी.पंचभाई, अपर कलेक्टर दुर्ग ने गत दिवस नगर पंचायत मारो का भ्रमण कर निर्वाचक नामावली की तैयारी संबंधी कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

स्थानीय निर्वाचक शाखा बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिनका नाम विधानसभा निर्वाचन की प्रचलित निर्वाचक नामावली में है, किन्तु नगर पालिका का निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन में छूट गया है या जिनका नाम गलत वार्ड में प्रकाशित हो गया हो वे प्रारूप क में आवेदन प्राधिकृत कर्मचारी के समक्ष कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। जिनका विवरण निर्वाचक नामावली में त्रुटिपूर्ण हो, वे प्रारूप ख में तथा किसी मतदाता अथवा स्वयं के निर्वाचक नामावली में नाम होने पर आपत्ति हो तो उसके विलोपन हेतु प्रारूप ग में आवेदन कर सकते है। दावा आपत्ति अंतिम तिथि 09 मार्च 2021 को दोपहर 03.00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय मारो एवं देवकर में की जा सकती है।

यदि किसी मतदाता का नाम नगर पालिका की प्रारंभिक प्रकाशित निर्वाचक नामावली एवं विधानसभा की प्रचलित निर्वाचक नामावली, दोनो में नही है तो पहले विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाकर प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 13 मार्च 2021 तक आवेदन कर सकते है।

प्रारंभिक निर्वाचक नामावली के अनुसार नगर पंचायत मारों मे कुल 4428 मतदाता है, जिसमें 2249 पुरूष एवं 2179 महिला है। इसी प्रकार नगर पंचायत देवकर के वार्ड 07 में प्रारंभिक मतदाता संख्या 302 है, जिसमें 145 पुरूष एवं 157 महिला है।

## निःशुल्क आयुष्मान कार्ड वितरण का शुभारंभ

**कवर्धा।** जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा द्वारा आपके द्वार आयुष्मान उक्त निःशुल्क आयुष्मान कार्ड वितरण का शुभारंभ किया गया। उन्होंने इसकी तैयारियों व अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सीएमएचओ डॉ मंडल से विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनहित के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का शासन व जिला प्रशासन स्तर पर हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। इस योजना से भी जनता को इलाज के लिए भरपूर लाभ मिल पायेगा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र कुमार मंडल, डीपीएम नीलू धृतलहरे एवं आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक सैय्यद असलम अली भी उपस्थित थे एवं हितग्राही को कार्ड वितरित किया गया।

# भाजपाइयों ने बजट को बताया निराशाजनक

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com







जिला भाजपा ने सरकार के इस बजट को निराशाजनक बताया और कहा यहां 15 साल से विकास का एक मॉडल डॉ रमन सिंह ने बनाया था उसे प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार ने पूरी तरह भ्रष्ट कर दिया, बालोद में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री का स्थानीय विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद जिले को कुछ ना दिला सके वहीं इसी जिले से संसदीय सचिव है जो बड़ी बड़ी बातें करते हैं, वो भी जिले को कुछ ना दिला सके।

अध्यक्ष जिला भाजपा कृष्णकांत पवार ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार के पास तो पैसा ही नहीं है, सारा काम केंद्र के पैसे में कर रही है, सरकार को बजट में बोनस का प्रावधान करना चाहिए। इस बजट को छत्तीसगढ़ के विकास में बाधक व विजन रहित करार दिया। पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, राजेंद्र राय ने कहा छत्तीसगढ़ बीते 2 वर्षों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आर्थिक रूप से खोखला हो चुका हैं। प्रदेश में कर्ज लेकर घी पीने वाली सरकार ने छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को चैपट कर दिया हैं, जिसका उदाहरण आज पेश किए गए बजट में साफ देखने मिला। पूरा विश्व, भारत सरकार सहित देश के तमाम राज्य जहां कोरोना के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में लगे हैं वहीं छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी की दिशा में ठोस प्रयास कर पाने में विफल रही हैं। प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा पवन साहू ने कहा नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का दावा करने वाले सीएम बघेल को बताना चाहिए कि कैसे गढ़ेंगे नवा छत्तीसगढ़ ऐसे विजन रहित दिशाहीन बजट से यदि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ गढ़ने चले हैं तो वे समझ ले छत्तीसगढ़ की जनता और आने वालों पीढ़ी कांग्रेस को माफ नहीं करेगी।

भाजपा जिला महामंत्री किशोरी साहू, सुदेश सिह, देवेन्द्र जायसवाल, ने कहा बजट देख कर लगता हैं की लोकलुभावन वादा कर सत्ता में काबिज कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य बनाने का निर्णय ले लिया हैं। बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों, बुजुर्गों के लिए कोई ठोस नीति नजर नहीं आती। रोजगार, बेरोजगारी भत्ता पर कोई ठोस निर्णय नहीं दिखता। भाजपा उपाध्यक्ष राकेश यादव छोटू ने कहा ग्रामीण सड़के खस्ता हाल है, उसे छोडकर खेतों का मार्ग पक्का करने से अच्छा होता करोना काल के तारणहार अन्नदाता किसानों के लिए फोकस किया बजट होता।

जिला उपाध्यक्ष नरेश यदू, जिला मंत्री शरद ठाकुर, जयेश ठाकुर, नरेश साहू, राजीव शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार का बजट उद्योग, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्टर, रोजगार, शिक्षा, मूलभूत सुविधा, महिला, बुजुर्ग, किसान, कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, आदिवासी क्षेत्रों के विकास, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास, सिंचाई, आवास हर मोर्चे पर निराशाजनक रहा हैं।

# भारतीय थल सेना भर्ती रैली का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में आज से 12 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

भारतीय थल सेना भर्ती रैली का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में 3 मार्च 2021 से 12 मार्च 2021 तक किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस रैली में नया आवेदन आंमत्रित नहीं किया जा रहा है। इस भर्ती रैली में वे आवेदक भाग ले सकते हैं जिसने थल सेना भर्ती रैली हेतु 16 फरवरी 2020 से 31 मार्च 2020 तक आवेदन ऑनलाईन किया हैं। उन्होंने बताया कि यह थल सेना भर्ती रैली कवर्धा जिले में 16 अप्रेल 2020 को आयोजित होनी थी किन्तु कोविड-19 के कारण आयोजित नहीं की जा सकी। उन्होंने बताया कि थल सेना भर्ती रैली में भाग लेने हेतु आवश्यक दस्तावेज:- लेजर प्रिंटर से गुणवत्ता युक्त पेपर पर सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जारी किया गया प्रिंटेड एडमिट कार्ड, नवीनतम खीचा हुआ 20 पासपोर्ट कलर फोटोग्राफ सफेद बैकग्राउंड में होना चाहिए। मान्यता प्राप्त विद्यालय/ महाविद्यालय/ बोर्ड/ विश्विद्यालय से जारी 8वीं/ 10वी/ 12वीं/ स्नातक की अंकसूची, प्रोविजन/ ऑनलाईन शैक्षणिक प्रमाण-पत्र का संबधित शैक्षणिक संस्था के प्रमुख के द्वारा सत्यापित होना चाहिए। ओपन स्कूल से हाईस्कूल उत्तीर्ण आवेदको को स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी/ जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षर करवाना होगा। तहसीलदार/ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/ कलेक्टर द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, तहसीलदार/ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/ कलेक्टर द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, विद्यालय/ महाविद्यालय के हेडमास्टर/ प्राचार्य द्वारा जारी स्कूल चरित्र प्रमाण-पत्र, गांव के सरपंच/मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा जारी फोटो युक्त चरित्र प्रमाण पत्र, एन.सी.सी. प्रमाण पत्र यदि हो तो, जिला/ राज्य/ राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने का खेल प्रमाण-पत्र यदि हो तो, 10 रूपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉप पेपर पर निर्धारित प्रपत्र में नोटरी से एफिडेविट, सरकारी अस्पताल से जारी कोविड-19 के संबंध में चिकित्सा प्रमाण पत्र, 48 घंटे के भीतर का चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी कोविड-19 फ्री/ एसिम्पटोमेटिक सर्टिफिकेट, निर्धारित प्रपत्र में पिता/अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित नो-रिस्क प्रमाण पत्र।

# कबीरधाम जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने तीन ब्लैक और छ ग्रे स्पॉट्स चिन्हांकित

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के निज सहायक किर्तन शुक्ला, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के. एसडीएम विनय सोनी, संयुक्त कलेक्टर अनिल सिदार, डिप्टीकलेक्टर संदीप ठाकुर, डीएसपी बी.आर. मंडावी, जिला परिवहन अधिकारी सीएल देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी महिलांगे, सिविल सर्जन एसके तिवारी, लोक निर्माण विभाग के जिला कार्यपालन अभियंता,एसडीओ राष्ट्रीय राजमार्ग एसके सुर्यवंशी सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कबीरधाम जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय सड़क मार्ग और राज्यकीय सड़क मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। पिछले वर्ष हुए सड़क दुर्घटनों के सतत निगरानी, मॉनिटिरंग के रिपोर्ट के आधार पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वर्ष 2021 के लिए तीन ब्लैक स्पॉट्स और छः ग्रे-स्पॉट्स का चिन्हांकन किया गया। चिन्हांकित ब्लेक स्पॉट्स में दुल्लापुर से रानी सागर तक, पुलिस चौकी के सामने दशरंपुर से पंचायत भवन तक और पाण्डातराई के समीप गंडई चौक से फोंक नदी पुल के आगे तक शामिल है। इसी प्रकार छः ग्रे-स्पॉट्स के लिए कवर्धा नगर पालिका के भीतर मिनी माता चौक से भोरमदेव मार्ग, साई मंदिर के सामने से राजनांदगांव तिराहा तक, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल से सिंघनपुरी पेट्रोल पंप तक पिपरिया के बालाजी पेट्रोल पंप से बस स्टेण्ड इंदौरी तक, पंडरिया के एसडीओपी कार्यालय के सामने से अभिजित पेट्रोल पंप तक और लोहारा के बिडोरा चौक को चिन्हांकित कर संयुक्त विभागीय समन्व से इन क्षेत्रों में सडक दुर्घटना में कमी लाने के लिए कार्ययाजना बनाए जाएंगे। चिन्हांकि इस क्षेत्रों में दुर्घटना जन्य क्षेत्र और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभागों के समन्वय से सुधार कार्य और सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्णय लिया गया है। बैठक में इसके अलावा कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के भीतर होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर रोकने के लिए मिनीमाता चौक,रानी दुर्गावती चौक को और अधिक सुगम और बेहतर बनाने के लिए चौक की चौड़ाई कम करते हुए घेरा छोटा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिले के प्रमुख मार्गों में लगे सांकेतिक बोर्ड सही करने और सड़क किनारे उगे छोटे पौधों की साफ-सफाई करने पर चर्चा की गई। सांसद पांडेय ने नगर पलिका अध्यक्ष शर्मा के प्रस्ताव पर सहमति देते हुए मुख्यमार्ग, मुख्य बाजारों में दुकानों के सामान सड़कों पर सजाने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करने कहा। साथ ही शहर के अंदर व्यापारिक प्रतिष्ठानों, शॉपिंग मॉल अथवा अन्य मॉल जहां पार्किंग की व्यवस्था की गई है, लेकिन वहां वर्तमान में उनका उपयोग नहीं किया जा रहा है, ऐसे मालिकों को समझईश देते हुए पार्किंग की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए कहा है। सांसद श्री पांडेय ने कहा कि शहर के भीतर लगातार मुख्यमार्गों पर अवैध रूप से ठेला, गुमठियां और दुकानें लगाई जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटना होने की आंशका बनी रहती है।

### आरक्षक अविनाश चंद्रवंशी की पत्नी संगीता चंद्रवंशी को सम्मान पूर्वक अनुकंपा नियुक्ति दिया गया

# निरीक्षक सुमीता यादव एवं सहायक उपनिरीक्षक चंपालाल को भावभीनी विदाई दी गई

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के थाना कुकदुर में पदस्थ निरीक्षक सुमिता यादव एवं थाना तेरेगांव में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक चंपालाल जुरेसिया के सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। निरीक्षक सुमीता यादव वर्ष 16/फर1982 में महिला आरक्षक के पद पर जिला राजनांदगांव में कार्यभार ग्रहण किये। इस दौरान विभिन्न जिला राजनांदगांव, बेमेतरा, दुर्ग, कवर्धा के पांडातराई और कुकदुर थाना में पदस्थ रहकर अपनी बेहतर सेवाएं दी हैं, विभाग में अपने बेहतर सेवायें देते हुये आरक्षक से प्रधान आरक्षक , सहायक उप निरीक्षक, उप निरीक्षक तथा निरक्षक के पद पर पदोन्नत होकर जिला कबीरधाम के थाना कुकदुर में पदस्थ होकर अपनी सेवायें दे रहे थे। इसी प्रकार सहायक उप निरीक्षक चंपालाल जुरेसिया जिला राजनांदगांव में आरक्षक के पद पर 21/जून1984 में भर्ती होकर जिला राजनांदगांव, महासमुंद कबीरधाम जिले के यातायात शाखा, थाना पांडातराई एवं थाना तरेगांव में पदस्थ होकर अपनी सेवायें देते हुये जिला कबीरधाम में सेवानिवृत्त हुये। अपने सेवा अवधि में दोनो अधिकारियों को किसी प्रकार की विभागीय जॉच या किसी प्रकार का विभाग द्वारा सजा नही मिला जो उनके उत्कृष्ट कार्य कुशलता का प्रमाण है। कानून व्यवस्था की ड्यूटी में बहुत ही शान्तिपूर्वक ड्यूटी सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दोनों ही अधिकारी अपने कार्य क्षेत्रअंतर्गत आम नागरिकों के बीच बहुत ही मैत्री पूर्ण संबध रहा जिससे आम नागरिकों के दिल में भी अपना स्थान बनाने में कामयाब रहे हैं । अपने कर्तव्यों के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अन्तर नहीं समझते हुए सबकी परेशानियों को अपने परेशानियों की तरह समझकर सहयोग की भावना रखते हुए अपना कार्य पूरा किये हैं एवं अपने स्टाफ के मध्य सामंजस्य स्थापित करने में सफल रहे। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा एवं उप पुलिस अधीक्षक बी.आर. मण्डावी, अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला अजीत ओगरे ने सेवानिवृत्त निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक के कार्यकुशलता और उतकृष्ट कार्यो की प्रशंसा करते हुए इनके कार्यो की जमकर सराहना किये तथा मंगलमय जीवन की कामना की, साथ ही सम्मान पूर्वक श्रीफल, साल एवं प्रतीक चिन्ह और सेवा सम्मान भेंट कर भावभिनी विदाई दी गई।

साथ ही कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा कबीरधाम पुलिस के अधिकारी जवानों के आकस्मिक/दुर्घटना या अन्य कारणों से पुलिस विभाग में सेवा देते हुए शहीद हो जाते हैं या आकस्मिक कारण से मृत्यु हो जाती है तो विभागीय प्रक्रिया के तहत उच्च कार्यालय से प्राप्त अनुकंपा नियुक्ति पत्र को सा सम्मान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों के समक्ष उक्त अनुकंपा नियुक्ति धारक महिला पुरुष तथा बालक बालिकाओं को दीया जाने का निर्णय लिया गया है ताकि उन्हें किसी प्रकार की नियुक्ति संबंधी समस्या ना हो इसी तारतम्य में स्वर्गीय आरक्षक अविनाश चंद्रवंशी के आकस्मिक निधन के पश्चात उनकी पत्नी संगीता चंद्रवंशी को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सम्मान पूर्वक देकर पुलिस विभाग में स्वागत किया गया, इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक बी.आर.मण्डावी, अनुविभागीय अधिकारी बोडला अजीत ओगरे, रक्षित निरीक्षक ख्रिष्ट नरगिस तिग्गा बघेल, मुख्य लिपिक विरेन्द्र सिंह तारन, उप निरीक्षक पूजा चौबे स्टेनो युवराज आसटकर एंव कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने धरदबोचा

पायनियर संवाददाता ‹ कबीरधाम
www.dailypioneer.com



जिले के चौकी पोड़ी थाना बोड़ला के अपराध क्रमांक 43/21 धारा 379 भादवि के प्रार्थी हेमंत वर्मा पिता रामा उम्र 36वर्ष साकिन उसलापुर चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम के द्वारा चौकी पोड़ी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 26.फर 2021 को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 2994 प्लेटिना अपने घर के सामने खड़े किया था जिसे रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट दर्ज कराया गया जिस पर चौकी पोड़ी थाना बोड़ला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी संदीप चौबे के द्वारा वरिष्ठ अधिकारीगण पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अति पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक अजीत ओगरे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में चोरी के अपराधों को लगातार पकड़कर चौकी पोड़ी में प्रभावी कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों की टीम गठित कर उक्त घटना की संपूर्ण जानकारी देकर पता तलाश हेतू अलग-अलग टीम के अलग-अलग स्थानों में रवाना किया गया दौरान विवेचना के पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपी पता तलास करने पर विश्वसनीय मुखबीर से सुचना मिला की उक्त मोटर सायकल को आरोपी तुकेश्वर साहू पिता पुरुषोत्तम उम्र 19 साल एवं शशिकांत साहू साकिन बघहर्रा चौकी पोड़ी जिला कबीरधाम का होना बताया जिससे पुलिस टीम द्वारा पुछताछ करने पर अपना अपना जुर्म स्वीकार करने पर चोरी गये मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# नागरिकों में कोविड टीकाकरण की हुई शुरूआत, 373 नागरिकों को लगे टीके

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान में सोमवार से 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों तथा 45 से 59 वर्ष के आयु वर्ग के ऐसे व्यक्ति जो गंभीर बीमारी से पीड़ित है उनके टीकाकरण की शुरूआत हुई। सोमवार से टीका लगवाने रायगढ़ शहर के साथ आसपास के लोग वैक्सीनेशन केन्द्र पहुंचे। टीकाकृत लोगों ने अपने अनुभव बांटते हुए कहा कि टीका लगवाने से किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं हुआ। नागरिकों के लिए टीकाकरण हेतु नियत की गई श्रेणी के सभी व्यक्तियों को यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए। सोमवार को नागरिकों के टीकाकरण के प्रथम दिन 60 वर्ष से अधिक उम्र के 337 तथा 45 वर्ष से अधिक गंभीर बीमारी से पीड़ित 36 व्यक्ति सहित कुल 373 लोगों को टीके लगे। रायगढ़ के बैकुण्ठपुर निवासी अशोक मिश्रा ने बताया कि टीकाकरण की जानकारी मिलने पर वे सोमवार को टीका लगवाने पहुंचे। टीकाकरण के पश्चात उन्हें किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं दिखा। इसी प्रकार तारापुर गांव की पुनाबाई अपने पति के साथ टीका लगवाने मेडिकल कालेज पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी ने 60 वर्ष से अधिक व्यक्तियों के टीकाकरण प्रारंभ होने की जानकारी दी जिसके पश्चात वे यहां आयीं हैं तथा 28 दिन बाद टीके का दूसरा डोज लगवाने आएंगी।

**व्हाटसअप से भी हो सकेगा टीकाकरण के लिए पंजीयन-** टीकाकरण के लिए व्हाटसअप के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए टीकाकरण करवाने वाले व्यक्ति का नाम, उम्र, जन्म तिथि, मोबाईल नंबर, पहचान पत्र का प्रकार तथा उसका क्रमांक एवं टीकाकरण शासकीय केन्द्र में करवाना चाहते है अथवा निजी अस्पताल में यह जानकारी इसी क्रम में व्हाटसअप मोबाइल नंबर 76479-21157 में भेज सकते हैं। 45 वर्ष से अधिक उम्र के गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति जो इस प्रकार पंजीयन करवाना चाहते है उन्हें उपरोक्त जानकारी के साथ चिकित्सक द्वारा उनकी बीमारी के संबंध में जारी प्रमाण-पत्र की फोटो भी उक्त व्हाटसअप नंबर पर भेजनी होगी। इन सब जानकारी के आधार पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण के लिए संबंधित व्यक्ति का पंजीकरण किया जाएगा।

### टीका लगाने लाना होगा फोटो पहचान पत्र

टीकाकरण के लिए व्यक्ति को अपने साथ फोटो पहचान पत्र लाना होगा। जिनमें आधार कार्ड, वोटर आई डी कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड तथा फोटो युक्त पेंशन पत्र में से कोई एक पहचान पत्र लाना होगा। 45 वर्ष से अधिक गंभीर बीमारियों से ग्रस्त व्यक्ति यों को टीकाकरण के लिए उक्त पहचान पत्रों के साथ पंजीकृत चिकित्सक द्वारा प्रमाणित किया हुआ संबंधित बीमारी का प्रमाण पत्र भी लाना होगा। जिसके आधार पर टीकाकरण किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### बुलंदियों को छूते हुए रविंद्र भारती के बच्चे



**मुंगेली।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविंद्र भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर से स्काउट गाइड में राज्यपाल पुरस्कृत हेतु आठ छात्र छात्राये चयनित हुए है जिसमे अरविंद कुमार 12 वी, अंजू रानी 12 वी, सचिन चंद्राकर 12 वी, दयानंद चंद्राकर 12 वी, टामन कुमार 12 वी, कुमारी प्रीति खांडे 12 वी, इकबाल 12 वी, कुमारी साक्षी ठाकुर 10वी, है, यह गर्व का विषय है की आप सब विलक्षणता का परिचय देते हुए राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित हुए इस प्रकार आप घर, परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किये इसलिए आप सबको विद्यालय परिवार की ओर से अशेष शुभकामनाये व बहुत-बहुत बधाई दी है ।

### प्रधान पाठक रामाधार बरेठ निलंबित

**रायगढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुरेकेला विकासखण्ड खरसिया के प्रधान पाठक रामाधार बरेठ के द्वारा 25 फरवरी को शराब पीकर नशे की हालत में विद्यालय आकर प्राचार्य, उपस्थित गणमान्य नागरिकों से अभद्र व्यवहार, धमकी देने एवं अध्यापन कार्य को बाधित किया गया। उनका इस प्रकार का कृत्य छ.ग.सिविल सेवा आचरण नियम के तहत दण्डनीय है। जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के प्रस्ताव पत्र के आधार पर शिक्षा संभाग बिलासपुर के संयुक्त संचालक ने प्रधान पाठक रामाधार बरेठ को उनके ऐसे कृत्य के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खरसिया निर्धारित किया गया है।

## छात्रा धारणा अग्रवाल ने टोहिलाडीह में ग्रामवासियों को दिया परामर्श



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती विकासखंड से लगे समीपस्थ ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द के आश्रित ग्राम तोहीलाडीह मे शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ,रायपुर के विधिक विभाग में अध्यनरत छात्रा धारणा अग्रवाल आत्मज अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच ,पंच सहित ग्रामवासी ने अपनी सहभागिता निभाई,धारणा अग्रवाल ने उपस्तिथ ग्रामवासियों को आत्म निर्भर भारत (वोकल फॉर लोकल), डिजिटल इंडिया,महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत प्रकाश डाला ,उन्होंने आगे बताया कि केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आम जनता एवं बीपीएल परिवारों को राशन कार्ड ,एवं अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करा रही है ,ग्रामवासियों द्वारा पूछे प्रश्नों का निराकरण करते हुए कोरोना काल के दरमियान विशेष सावधानी बरतने पर जोर देते हुए कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग , सेने टीजर एवं मास्क का प्रयोग करने से कोरोना जैसी महामारी बीमारी से लड़ जा सकता है ,उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को मास्क वितरण किया । सरपंच ने अपने उद्बोधन में इसे अच्छी पहल बताते हुए धारणा अग्रवाल को बधाई देते हुए प्रमाण पत्र वितरित करते हुए आभार प्रकट किया,इस अवसर पर सरपंच शिव कुमार चौहान , पंच ललेंद्र सिंह सिदार ,अमृत लाल जायसवाल ,सेतुराम चौहान ,रेशमलाल सिदार ,शिव चौहान ,छबिराम ,रेशम बाई सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के समस्त हितग्राहियों का 31 मार्च तक बनाये जाएंगे आयुष्मान कार्ड

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस. एल्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत आपके द्वार आयुष्मान अभियान की जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना और डॉ. खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना के एसईसीसी तथा उपलब्ध राशन कार्ड के आधार पर पात्रतानुसार हितग्राहियों को वर्ष में 50 हजार एवं 5 लाख रूपये तक की चिकित्सा हेतु सहायता प्रदान की जा रही है। इस हेतु कलेक्टर श्री एल्मा ने समस्त पात्र हितग्राहियों को 31 मार्च तक आयुष्मान कार्ड जारी करने के निर्देष दिये। उन्होने पात्र हितग्राहियों को च्वाईस सेंटरो के माध्यम से प्लास्टिक (पीवीसी) आयुष्मान कार्ड जारी करने के निर्देष दिये। इस हेतु उन्होने पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड जारी करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देष दिये। इसके अलावा उन्होंने प्रेसवार्ता सहित अन्य माध्यमों से भी व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देष दिये। इस संबंध में उन्होने कोविड-19 के संबंध में राज्य और केंद्र सरकार द्वारा जारी दिषा-निर्देषों का अनिवार्य पालन करने के भी निर्देश दिये।

## जिले के 771 स्कूल और 967 आंगनबाड़ी में होगी रर्निग वॉटर की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की चतुर्थ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि बच्चों को स्कूलो में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जिले के 771 स्कूल और 967 आंगनबाडी केंद्रो में रर्निग वॉटर की व्यवस्था होगी। इस संबंध में कलेक्टर एल्मा ने चिन्हाकित 771 स्कूल और 967 आंगनबाडी केंद्रो में 31 मार्च तक रर्निग वॉटर की व्यवस्था करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होने कार्य योजना की स्वीकृति और टेन्डर की संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येंक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस हेतु उन्होने उच्य गुणवत्ता के पंप और पाईप क्रय करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उच्य गुणवत्ता के पंप और पाइप क्रय करने की मूल्यांकन हेतु उप समिति गठित करने के भी निदेश दिये। उप समिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता के अलावा जल संसाधन विभाग के कार्य पालन अभियंता और जिला कोषालय अधिकारी को शामिल करने के निदेष दिये। बैठक में उन्होने निर्माण एंजेसी, कार्य आदेष जारी और निर्माण समिति आदि के संबंध में भी आवष्यक निर्देष दिये।

उन्होने जल जीवन मिषन द्वारा जारी नियमों का भी पालन करने के निर्देश दिये। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता संजीव बृजपुरिया ने कार्य योजना की स्वीकृति, कार्य आदेश, निविदा आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित ब्यास, वनमण्डलाधिकारी रामअवतार दुबे, जल संसाधन विभाग के कार्य पालन अभियंता सलीम, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महादेव तेदंवे, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कश्यप सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## 20 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

सरिया पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम छेवारीपाली में अवैध शराब संग्रहण की सूचना पर दबिश देते हुए एक ग्रामीण के पास से 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को थाना सरिया पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर ग्राम छेवारीपाली के अक्षय कुमार यादव को अवैध रूप से



महुआ शराब बिक्री करने की सूचना पर शराब रेड कार्रवाई कर पकड़ा। इस कार्रवाई के लिए थाना से प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, आरक्षक खिरेन्द्र जलतारे, सत्यम मंडलोई, रामजी सारथी, महिला आरक्षक झटकडांति सिदार रवाना हुए थे। आरोपी को दादरपाली की ओर से पैदल लेकर आते हुए छेवारीपाली बस्ती के आम रास्ता में 20 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 20 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब किमती 4000 रूपए के साथ पकड़ा गया।

## पत्रकारों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार की अहम घोषणा : अमित गौतम

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में 2021 का बजट प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने पत्रकारों को दी जाने वाली सहायता राशि 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया है । पहले यह राशि 50 हजार थी जिसे बढ़ाकर 2 लाख किया गया था लेकिन अब मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के प्रति सहृदयता दिखाते हुए उस राशि को 5 लाख कर दिया है, मुख्यमंत्री कि घोषणा से प्रदेश के पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है वही प्रदेश के सबसे बड़े संगठन छ.ग. जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश संरक्षक सर्वश्री एनआरके पिल्लई, अनिल साखरे, आरबी वर्मा, अश्वनी पटनायक, रहमान अली, एस के मिश्रा, उदय मिश्रा,प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम,प्रदेश महासचिव सेवकदास दीवान,अनिल गर्ग, राधेश्याम महंत,प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आचार्य, घनश्याम शर्मा,अर्जुन झा, जितेंद्र नामदेव,निरंजन दास महंत,तिलका साहू,ललित ठाकुर,श्रीमती कमलेश सारस्वत, जयेश ठाकुर, संजय राजपूत, सुशील तिवारी सहित सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है, साथ ही जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन की शक्ति इकाई के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, कन्हैया गोयल, अजय अग्रवाल, जिलाध्यक्ष राजू शर्मा जांजगीर, धनेश्वर साहू जैजैपुर, रवि गोयल, मंगतूराम अग्रवाल शिवरीनारायण सहित अन्य साथियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रशंसनीय बजट : अभिषेक

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



अभिषेक स्वर्णकार प्रदेश प्रवक्ता छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने छ.ग. सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आय के स्त्रोतो में कमी और केंद्र द्वारा राज्य के हिस्सों में कमी के बावजूद यह बेहतर वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक संतुलन और छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के संकल्प की स्पष्ट छाप दिखाने वाला जन कल्याकारी बजट है और गढ़बो नवा छत्तीसगढ की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है। अभिषेक स्वर्णकार ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पत्रकारों की दुर्घटना जन्य आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान कर चौथे स्तम्भ के प्रति अपना सकारात्मक व मानवीय दृष्टिकोण दिखाया है। इसी प्रकार स्वच्छता दीदियों के मानदेय में 1 हजार रूपये की वृद्धि कर 5 हजार से 6 हजार किया जो उनको आर्थिक सम्बल प्रदान करेगा। साथ ही नगरीय निकायों को राहत देने के लिये अधोसंरचना विकास के लिये 482 करोड तथा जल आर्वधन योजना के लिये 120 करोड का प्रावधान रखा गया है तथा अमृत मिशन योजना के लिये 220 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है। कौशल्या मातृत्व योजना के तहत दूसरी बच्ची होने पर 5 हजार रूपये का प्रावधान किया गया है। अभिषेक स्वर्णकार ने बजट में प्रतिक्रया व्यक्त करते हुये कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जो चालू वित्त वर्ष में 52 नए खोले गए हैं उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रस्तावित बजट 2021-22 में 119 नए (स्वामी आत्मानंद) अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का प्रावधान किया गया है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिये, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ सिंचाई के लिए बड़े बांध सहित वर्तमान सिंचाई परियोजनाओं व प्रशासनिक सुविधा बढ़ाने के लिए 11 नई तहसीलों और 5 नए अनुविभागों का प्रावधान बजट में किया गया है। शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, हाट बाजार क्लीनिक, सरकारी पैथोलॉजी लैब सहित छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण के लिए संग्रहालय, छत्तीसगढ़ी कला और संस्कृति के विकास और छत्तीसगढ़िया कलाकारों को प्रोत्साहन देने का प्रावधान भी बजट प्रस्ताव में रखा गया है। बस्तर टाइगर के नाम से सुदूर बस्तर के युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती के नये अवसर के साथ ही नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में भी बेहतर परिणाम मिलेंगे। किसान न्याय योजना के लिये 5703 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। साथ-साथ भूमिहीन कृषि श्रमिकों के लिये नवीन न्याय योजना की शुरूआत की जा रही है।

## भाजपा महिला मोर्चा की रायपुर जिला इकाई की कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत के निर्देशानुसार एवम भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिलाध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी की सहमति से रायपुर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा संतोष साहू ने 01 मार्च को महिला मोर्चा के रायपुर जिला पदाधिकारी व कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है, जो निम्नानुसार है,अध्यक्ष - सीमा संतोष साहू , उपाध्यक्ष- कामिनी देवांगन, पद्मा चन्द्राकर, मिनी पाण्डे, महामंत्री- वन्दना मुखर्जी, स्वप्निल मिश्रा, मंत्री- सविता साहू, संगीता जैन, मनोरमा हनोतिया, कोषाध्यक्ष- सुनिता नागरानी, सह.कोषाध्यक्ष- पिंकी कुरैशी, कार्यालय मंत्री- नीतू सोनी, तिलेश्वरी धुरंधर, प्रीती अग्रवाल, प्रचार-प्रसार मंत्री- गीता रेड्डी, माया शर्मा, सुषमा पंकज निर्मलकर, मीडिया प्रभारी- सीमा सिंग, सुमन यादव , श्रीमती करूणा तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी उर्मिला शर्मा , श्रीमती मिली बैनजी, स्वाती शर्मा, जिला कार्यकारिणी - गीता ठाकुर, सरोज पान्डे, सरस्वती वर्मा, कुन्ती साहू, वीणा वर्मा, योगेश्वरी साहू, लक्ष्मी प्रजापती, वनिता भण्डाकर संताषी सोनी, पल्लवी भोषले, नगीना शेख, सन्ध्या दिनेश शर्मा, लता सुनील चौधरी,विशेष आंमत्रित सदस्य - मुरली नायडू, किरण देवांगन, मोनिका, शारदा गोस्वामी, नजमा खॉन, शीलू राजपुत, गायत्री देवांगन, सुजाता सेन, रंभा चौधरी, फराह नाज, पिंकी निहाल, श्रीमती अनुशुईया देवांगन, मोनिका साहू,साथ ही रायपुर जिले के अंतर्गत महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष- रंजनी शेंडे - तेलीबांधा मंडल, ललिता यादव-फाफाडीह, रेणुका शुक्ला-जवाहर नगर, मीना सेन- शंकर नगर, सुमन सिंह- दीनदयाल मंडल, अनिता पंडित-तात्यापारा , निशा स्वर्णकार-गुढियारी, गायत्री नवरंगे -माना मण्डल, उर्मिला देवागन -बिरंगाव, सरोज साहू -भनपुरी, अर्चना शर्मा -रायपुर ग्रामीण, विद्या साहू -सिविल लाइन, सुमन मुथा - सदर बाजार, गौरी यदु -पुरानी बस्ती, प्रीति अग्रवाल रायपुर को महिला मोर्चा रायपुर जिले का कार्यालय मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## पेज 1 के शेष...

### देश के पर्यटन नक्शे पर महत्वपूर्ण धार्मिक ...

स्थलों में सरकार के साथ-साथ समाज को भी मिल कर सुविधाओं के विकास के लिए योगदान दिया जाना चाहिए। छत्तीगसढ़ के पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में पर्यटन स्थलों के विकास के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। डोंगरगढ़ में लगभग साढ़े नौ एकड़ भूमि में पर्यटन विकास के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने प्रशाद योजना में डोंगरगढ़ को शामिल करने के लिए केन्द्रीय मंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन नीति बनायी गई है। मुख्यमंत्री अपने जिलों के प्रवास के दौरान रात्रि विश्राम पर्यटन स्थलों के मोटल और रिसार्ट में करते है, ताकि लोगों को पर्यटन स्थल पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी हो सके। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रशाद योजना के अंतर्गत तीर्थ स्थलों में अधोसंरचना विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर सहित चन्द्रगिरी और प्रज्ञागिरी तीर्थ के लिए प्रसिद्ध है। प्रशाद योजना से इस क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं बनेगी। पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी. ने स्वागत भाषण दिया। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की प्रबंध संचालक श्रीमती रानू साहू ने आभार प्रकट किया। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की 'प्रशाद' योजना के तहत स्वीकृत इस परियोजना में 43.33 करोड़ रूपए की लागत से डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर की पहाड़ी और प्रज्ञा गिरी पहाड़ी पर विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही साढ़े नौ एकड़ भूमि पर पिलग्रिम फैसिलिटेशन सेंटर के निर्माण किया जाएगा। श्रीयंत्र के आकार में निर्मित होने वाले यह भवन पूरे प्रोजेक्ट का विशेष आकर्षण होगा। इस निर्माण के अलावा मां बम्बलेश्वरी देवी मंदिर की पहाड़ी पर सीढ़ियों का जीर्णोद्धार, रेलिंग, शेड, पेयजल सुविधा, पगोडा, सोलर प्रकाशीकरण, पार्किंग, सी.सी.टी.व्ही., तालाब का सौन्दर्यीकरण, बॉयो टॉयलेट, मेडिकल रूम और साईनेज बनाया जाएगा। प्रज्ञागिरी पहाड़ी पर ध्यान केंद्र, कैफेटेरिया, सीढ़ियों का जीर्णोद्धार, पेयजल, सोलर प्रकाशीकरण, साइनेज की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सुविधाओं के विकास से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल, विधायक खुज्जी छन्नी साहू, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, नगर पालिका डोंगरगढ़ अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, इंडिया टूरिजम मुंबई के सहायक संचालक जगदीप ठोंबरे, वरिष्ठ पर्यटन अधिकारी इशरत आलम, कलेक्टर राजनांदगांव टोपेश्वर वर्मा, माँ बम्लेश्वरी देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल, प्रज्ञागिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद खांडेकर, दोनों ट्रस्टों के पदाधिकारी, अनेक जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सीडब्लूसी व महिला बाल विकास की टीम को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



सीडब्लूसी एवम महिला व बाल विकास की संयुक्त ने यूपी के मथुरा से ढाई साल के बच्चे को रेस्क्यू कर लायी है। प्रशासनिक मदद से बच्चे को सकुशल पाने से उसकी माँ बेहद खुश है। बताया जा रहा है कि बच्चे को रखे आरोपियों ने टीम पर हमला करने का प्रयास भी किया था। रायगढ़ के घरघोड़ा क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग युवती को घर मे काम करने के बहाने से बहला फुसला कर एक युवक ने उसके साथ शारीरिक सबंध बनाया और पत्नी की तरह उसे रखने लगा। इधर जब युवती गर्भवती हुई तो उसे यूपी के मथुरा में ले जाकर राकेश शर्मा के पास 30 हजार में बेच दिया था। मथुरा में उसे बन्दी बना कर रखा गया था और उसे प्रताड़ित भी किया जाता रहा। इस बीच युवती ने बच्चे को जन्म दिया तो उसे बच्चे से भी मिलने नही दिया जाता था। किसी तरह युवती वहां से भाग कर रायगढ़ वापस आई। यहाँ जनवरी 2020 में उसने अपने बच्चे को लाने व आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस एवं चाइल्ड लाइन से गुहार लगाई। चूंकि पहले यूपी की सीडब्ल्यूसी भंग थी और उसके बाद लॉक डाउन लग गया था लिहाजा कार्रवाई अधर में लटक गई थी। सोमवार को टीम ने मथुरा से रेस्क्यू कर रायगढ़ लाया है। महिला ने बताया कि अपने बच्चे को पाकर महिला बहुत खुश है। 2013 में घरघोड़ा में एक व्यक्ति से प्रेम संबंध था इसी दौरान पेट में 3 महीने का बच्चा भी था, बाद में उसने डरा धमका कर एक व्यक्ति के साथ आगरा में शादी करा दिया उस व्यक्ति ने भी मथुरा में बेच दिया। कुछ दिन बाद मेरा बच्चा भी हुआ थोड़े दिनों के बाद उस पुरुष की मृत्यु हो गई जिसके बाद उसके परिवार वालों ने मुझे प्रताड़ित करने लगे और मेरा बच्चा भी मुझसे छीन लिया किसी तरह बचकर मैं रायगढ़ पहुंची और पुलिस और महिला बाल विकास में शिकायत की और बच्चे को लाया गया है। आरोपियों को जल्द पकड़ उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इधर महिला एवं बाल विकास अधिकारियों का कहना है कि एक महिला की शिकायत मिली थी जिसमें उसने बताया कि मथुरा में उसका बच्चा उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने जबरजस्ती बच्चे को रख लिया है उमरे पूरे मामले की जांच के बाद पता चला कि महिला को दो से तीन बार अन्य पुरुषों को बेचा गया था इसी दौरान उसकी एक बच्चा भी हो गया मथुरा से बच्चे को लाया गया है मथुरा में स्थानीय और परिवार वालों के भारी विरोध के बाद बच्चे को सुरक्षित रायगढ़ लाया गया है और महिला को सुपुर्द किया गया है। महिला के शिकायत के अनुसार आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी। महिला के कथन के अनुसार पूरा मामला मानव तस्करी से संबंधित है इसलिए इसमें पुलिस की भी मदद ली जाएगी और संबंधित लोगों पर कार्यवाही किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ का कार्यशाला आयोजित



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के द्वारा मुंगेली जिले के कलेक्ट्रेट गार्डन में कार्यकारिणी विस्तार सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में एनपीएस की विसंगतियों पर विस्तृत चर्चा हुई साथ ही आने वाले भविश्य के लिए पुरानी पेंशन बहाली की आवश्यकता पर गंभीरता से मंथन हुआ जिला मुंगेली के समस्त विभागों के कर्मचारियों में किस तरह से पुरानी पेंशन बहाली के प्रति जागरूकता फैलाई जाए, इस पर उपस्थित एनपीएस कर्मचारियों ने अपने अपने विचार रखे। संजय कुमार साहू को सर्वसम्मति से कार्यकारी जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया साथ ही विजेन्द्र कुमार नार्गव को जिला आईटी सेल का प्रभार दिया गया। उक्त बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष सरिता सिंह प्रांतीय सचिव मनहरण कुर्रे प्रांतीय सह सचिव आशा कँवर प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी इंद्रकांत सौलखे एवं अन्य एनपीएस कर्मचारी ने अपनी सहभागिता निभाई।

# प्रदेश में ऋण माफी के नाम पर फर्जीवाड़ा कर किसानों से हो रहा छलावा : लता उसेंडी

- उच्चस्तरीय जांच हेतु न्यायिक जांच समिति बिठाने की रखी मांग

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने स्थानीय विश्राम गृह में प्रेस वार्ता आयोजित कर प्रदेश में कर्जमाफी के नाम पर किसानों के साथ हो रहे धोखे से अवगत करवाते हुए सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए है । उन्होंने कहा कि किसानों के माध्यम से एक मामला प्रकाश में आया है, जिसमे किसान द्वारा ऋणमाफी से पहले ही जमा की गई राशि सरकार ने ले ली है । प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम एक तरफ तो ढिंढोरा पीटते फिरते है, कि किसानों का कर्ज माफ हुआ है किंतु धरातल पर सत्यता कुछ और ही बयां कर रही है। अन्नदाता से छलावे का जीता जागता उदाहरण कोंडागांव जिले के ग्राम चिलपुटी से प्रकाश में आया है। किसान सोनसाय - पिता घासिया, ग्राम चिलपुटी जिला कोंडागांव ने लैंप्स के माध्यम से 05जून 2017 को 23 हजार 528 रुपए का कर्ज लिया था, जिसका ब्याज समेत राशि 25 हजार 816 रुपए बकाया निकलती है । इसी बीच उक्त किसान को ऋणमाफी का प्रमाण पत्र 22 फरवरी 2019 को प्राप्त हुआ जिससे उक्त रकम का कर्ज माफ हुआ । किंतु किसान द्वारा 15अक्टूबर 2018 को संबंधित बैंक के लोन खाते मे 15हजार रुपए जमा करवाए गए। सवाल यह उठता है कि अगर किसान ने 15हजार रुपए का भुगतान किया है, तो ऋण की रकम 25हजार 816 रुपए में से 15हजार रुपए की राशि काट कर के कर्जमाफी होनी थी। और अगर उक्त राशि नही काटी गई है तो उसका समायोजन कहा हुआ? यह एक बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा है जो सरकार मे बैठे जिमेदारों द्वारा किया जा रहा है।

कोंडागांव जिले में ऐसे तीन से चार मामले प्रकाश में आए है । जब पी सी सी चीफ मोहन मरकाम के विधानसभा क्षेत्र का यह हाल है तो समूचे प्रदेश में न जाने कितने किसानों के साथ ऐसा छलावा हुआ होगा। एक ओर सरकार प्रदेश के अन्नदाताओं का हक़ मार रही है तो वही दूसरी ओर मुख्यमंत्री, उनके मंत्रीगण और विधायक ढिंढोरा पीटते घूम रहे है, की उन्होंने किसानों का कर्ज माफ किया है। ऐसे गंभीर मामले की स्पष्ट और सही दिशा में न्यायिक जांच समिति के माध्यम से त्वरित जांच होनी चाहिए । यह सरकार की गलत नीतियों और फेल हो चुकी सरकारी मशीनरी का ही नतीजा है जिससे प्रदेश में अराजकता का माहौल बना है । भारतीय जनता पार्टी किसानों के हित में लगातार आंदोलनरत है और अगर ऐसे गंभीर मामले में त्वरित जांच व कार्यवाही नही होती तो हम सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे । प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र ठाकुर, मीनू कोर्राम, संतोष पात्र, रौनक दीवान व अन्य मौजूद रहे।

### कांग्रेस सरकार का आम बजट सर्ववर्ग एवं प्रदेश के विकास के लिए कल्याणकारी : राजेश



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की पहचान एवं संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है,नरवा, गरुवा, घुरवा अउ बाड़ी के तहत ग्रामीण स्तर में कई नई योजनाओं की शुरुआत की गई, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 1 मार्च को प्रस्तुत राज्य के बजट में निश्चित राज्य के विकास की गति को नया पंख मिलेगा,उक्ताशय कि प्रतिक्रिया देते हुए चाम्पा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसग? राज्य में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तीन नये मेडिकल कॉलेजों के लिए बजट में प्रावधान किया गया है, साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में अधोसंरचना के विकास, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलियां के निर्माण, अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के लिए 119 नये अंग्रेजी स्कूल खोलने और उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए 10 नवीन महाविद्यालय खोलने की घोषणा से छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से बढ़ता हुआ राज्य बनेगा।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत व्हालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला के माकडी थाना परिसर में 01मार्च 2021 पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत साहू तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोण्डागांव कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 01मार्च 2021 को थाना प्रभारी निरीक्षक सोनसिंह सोरी एवं स्टाफ के द्वारा व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम धारली, कोसाहरदुली, बागबेड़ा, इंगरा, उलेरा, ठेमगांव, चरकई, केरावाही, हीरापुर, पीढ़ापाल, अरंगुला, ओण्डरी व माकड़ी की टीम ने भाग लिया। जनपद पंचायत माकड़ी अध्यक्षा मोतीबाई नेताम, उपाध्यक्ष गौतम साहू, सरपंच माकड़ी हेमलाल वट्टी, एवं वरिष्ठ नागरिक बिरस साहू, रामकुमार कश्यप, चंदन साहू, संजू पोयाम, चिंतराम नायक एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित हुए। ग्राम बागबेड़ा और चरकई की टीम फाईनल में पहुंची, प्रथम स्थान पर ग्राम बागबेड़ा की टीम एवं द्वितीय स्थान पर ग्राम चरकई की टीम रही। फाईनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा, चंदन साहू व चिंताराम नायक द्वारा निर्णायक भूमिका निभायी गयी । थाना प्रभारी माकडी निरीक्षक सोनसिंह सोरी द्वारा विजयी टीम को प्रथम पुरस्कार 5001 / - रू व शील्ड तथा द्वितीय पुरस्कार 2500 / - रू व शिल्ड एवं खिलाड़ियों को मेडल से पुरस्कृत कर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनायें दी गयी, व्हालीबॉल प्रतियोगिता थाना माकड़ी में पहली बार कराया गया, जिससे उपस्थित खिलाड़ी प्रसन्न नजर आये एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों के द्वारा सराहना किया गया।

# पारंपरिक चोलनार करसाड़ मेला देखने उमड़ा जनसैलाब

- कुटुंब मण्डावी परिवार के न्योते पर सैकड़ों देवी देवता के परिवार हुए मेले में शामिल
- बुधवार ढोल बाजे के साथ नाच गाकर पारंपरिक रीति रिवाज से देवी देवता का करेंगे विदाई

रामकृष्णा बैरागी ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड कुआकोंडा के ग्राम चोलनार में मंगलवार को चोलनार करसाड़ (मेला) का आयोजन किया गया।दो दिन तक चलने वाले मंढाई में कुटुम्ब मण्डावी परिवार के न्योता पर क्षेत्र के सैकड़ों देवी देवता के परिवार शामिल हुए।श्यामगिरी से पेन कुन्देल गंगो पुजारी नंदू थलापति देवा हिरोली से पेन छिछोड उर्रा, पुजारी बुगुर मांझी, थलापति छन्नू चोलनार से पेन अंदालकोसा, पुजारी पंजामी, थलापति पंजामी पुजारी मड़कामीरास से पेन हिड़मा राज, पुजारी लकको , थलापति जोगा, मदाड़ि से पेन भूम हिडिया, पुजारी छोटू, थलापति मंगल,लोहा गांव से पेन पाट हूंगी, पुजारी लखमा, थलापति लखमा , तमोड़ी से पेन इदउरा, पुजारी लखमा, थलापति लखमा , गुमियापाल से पेन जाड़ कुमला पुजारी पांडू, थलापति मल्ला, धुरली से पेन हिर्स हूंगा, पुजारी चैतू, थलापति चैतू , बेंगुर से पेन पाल बामन, पुजारी, जयराम, थलापति जयराम अनालपेनो के साथ ग्राम प्रमुख शामिल हुए जिसे देखने जनसैलाब उमड़े।करसाड़ समिति के अध्यक्ष पंजमी मंडावी उपाध्यक्ष भीमा मण्डावी सचिव कोसा मण्डावी सरपंच भीमा छोटू मण्डावी कर अनुसार बुधवार ढोल बाजे के साथ नाच गाकर पारंपरिक रीति रिवाज से देवी देवता का विदाई करके मेले का समापन करेंगे।

# इस मार्च एमटीवी स्प्लिट्सविला एक्स 3 में देखिए प्यार के दो पक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




प्यार क्या है? क्या प्यार अपना जीवनसाथी तलाशने के लिए है या फिर यह एक अवसर लेना है? क्या यह चुलबुली खुशियों में शामिल होना है या फिर एक प्रेमपूर्ण जिंदगी पाना है? यह सदियों पुराना प्रश्न सदैव किसी न किसी रूप में हमारी जिंदगियों में प्रवेश कर जाता है। चाहे आप किसी भी टाईप के क्यों न हों, एमटीवी स्प्लिट्सविला में में एक बार फिर प्यार की सरगर्मी है!

प्यार, संबंधों और बीच की हर चीज की धारणाओं को परिभाषित करते हुए सबसे अलग ट्विस्ट के साथ भारत का नंबर 1 यूथ एंटरटेनमेंट चैनल, एमटीवी अपने मार्की डेटिंग रियल्टी शो, एमटीवी स्प्लिट्सविला एक्स3 को-पॉवर्ड बाय फिलिप्स हेयर केयर, मैनफोर्स, डेनवर डियोड्रंट्स एवं ओएनएन पोलोज़ एंड टीज़ के 13वें एडिशन के साथ वापस आ गया है। 6 मार्च से हर शनिवार शाम 7 बजे प्रसारित होने वाला यह नया सीज़न पहली बार 'प्यार के दो पक्षों' को दिखाकर रोमांस, एडवेंचर, पैशन आदि का तड़का प्रस्तुत करेगा। पूवर आईलैंड्स, केरला के स्थानीय लोगों के बीच सही वादियां और सही वातावरण में फिल्माया गया, एमटीवी स्प्लिट्सविला में 9 लड़के और 12 लड़कियां प्यार की खोज में एक नहीं, बल्कि दो अलग अलग विलाः सिल्वर और गोल्ड में अपने सफर पर निकलेंगे। सिल्वर विला में प्रतियोगी सभी लेबल फाड़कर किसी भी प्रतिबद्धता या ''टैग'' के दायरे के बाहर संबंध तलाशेंगे, गोल्ड विला सुनिश्चित करेगा कि प्रतिबद्धता सबसे प्रमुख है! एक जगह प्यार शरारती होगा, तो दूसरी जगह यह शिष्ट होगा। लेकिन क्या ऐसा है? आपको पता चले, उससे पहले ही स्थितियां बदल जाएंगी। विला में बदलते परिवेश के साथ प्यार के समीकरण भी बदल जाएंगे और प्रतियोगियों को अंत तक अपनी जगह बचाने के लिए संघर्ष करना होगा।

## नवापाली में चल रहे जुए पर पुलिस की दबिश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



मुखबिर की सूचना पर चक्रधर नगर पुलिस ने सोमवार की दोपहर ग्राम नवापाली में चल रहे जुए के फड़ पर दबिश देते हुए आधे दर्जन जुआरियों को पकड़ा। उनके पास से 9 हजार 500 की नगद रकम जब्त की गई है। पुलिस ने मौके से 7 बाइक भी जब्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर पुलिस ने सोमवार की शाम करीब चार बजे मुखबिर सूचना पर ग्राम नवापाली में बंजारी मंदिर के पास नदी किनारे जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसमें जुआरियान विनोद कुमार सिदार पिता घुरऊ राम सिदार उम्र 28 वर्ष निवासी बोईरदादर नवापाली, चौन सिंह चौहान पिता प्यारीलाल चौहान उम्र 27 वर्ष निवासी कटानी थाना पुसौर, जगमोहन सिदार पिता मुनी सिदार उम्र 50 वर्ष निवासी बोईरडीह नवापाली, जसपाल सिंह पिता साधराम चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी नवापाली, तिलक राम सिदार पिता भंवर सिंह सिदार उम्र 30 वर्ष निवासी नवापाली, सुरेश यादव पिता सीताराम यादव उम्र 30 वर्ष निवासी जिला पंचायत छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ रवि मोटवानी पिता नंदलाल मोटवानी उम्र 39 वर्ष निवासी सिंधी कालोनी पक्की खोली रायगढ जिनके पास एवं फड से जुमला रकम 9,500 रूपये एवं ताश पत्ती तथा सात नग वाहन मोटर सायकल जप्त किया गया है।

## 16 मार्च को एक दिवसीय मेला आयोजित करने मेला प्रबंधन समिति ने जताई सहमति

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में मेला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मेला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा कोरोना महामारी के एक बार फिर देशभर में बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए मेले को एक दिवसीय करने का प्रस्ताव रखा गया साथ ही भीड़ नियंत्रण हेतु हर बार लगने वाले मीना बाजार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर भी रोक लगाने पर विचार किया गया। इस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए 16 मार्च को एक दिवसीय मेला आयोजित करने का निर्णय लिया साथ ही मेले में मीना बाजार एवं चैपाटी स्थल पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को इस वर्ष स्थगित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त मेले के आयोजनों में व्यवस्था, संचालन, प्रबंधन एवं स्वच्छता हेतु भी चर्चा की गई।

## मांडनदी में महिला ने लगाई छलांग, बाल-बाल बची

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारापुर मांडनदी के ऊपर से एक महिला ने छलांग लगा दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पति और पत्नी के बीच में विवाद हुआ विवाद होने के कारण महिला मांडनदी के पुल के ऊपर से छलांग लगा दी। महिला स्थिति अभी ठीक है। कोतरा रोड पेट्रोलिंग एवं 112 के टीम महिला को निकाल कर रायगढ़ मैन हॉस्पिटल 112 के माध्यम से हॉस्पिटल भेजा गया।

# राजकुमार अग्रवाल की स्मृति में विद्यालय की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com



वार्ड क्रमांक 1 के पूर्व पार्षद व समाजसेवी रहे दिवंगत स्व. राजकुमार अग्रवाल की स्मृति में उनके सुपुत्र मनोज अग्रवाल एल्डरमैन नगर पंचायत कुरुद के सौजन्य से मंगलवार को किरण पब्लिक स्कूल कुरुद की प्रतिभाओ के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सुचिता अग्रवाल पार्षद वार्ड क्रमांक 03 थी। अध्यक्षता एल्डरमैन मनोज अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि गोविंद मगर, वनिता मगर, प्राचार्य अंकिता सिंह व समस्त शिक्षकगण थे।

कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानदायिनी मां सरस्वती के पूजन वंदन से हुई। ततपश्चात मंचासीन अतिथियो का स्वागत किया गया। गोविंद मगर ने स्व.राजकुमार अग्रवाल के जनसेवा कार्य को याद करते हुए उनके आजीवन किये गए समाजसेवा कार्य को शत-शत नमन किया। इसी तरह मगर जी ने आगामी बोर्ड व स्थानीय परीक्षाओ के लिए सभी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए मार्गदर्शन व अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की ।

कार्यक्रम की मुख्य कड़ी में मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद सुचिता अग्रवाल के द्वारा पिछले शिक्षण सत्र में 10वी बोर्ड संस्था से प्रथम रही ओजस्वी साहू व 12वी बोर्ड में प्रथम रहे दीपराज पटेल का सम्मान किया गया। इसी तरह कोरोनाकाल के कठिन दौर में सितंबर में हिंदी दिवस पर ऑनलाइन मोड़ में संगोष्ठी कार्यक्रम का सफल संचालन करने वाले हिंदी व्याख्याता मुकेश कश्यप का सम्मान किया गया। साथ ही गांधी जयंती पर हुए ऑनलाइन चित्रकला में प्रथम रही ओजस्वी साहू व निबन्ध स्पर्धा में प्रथम रही तनुश्री सोनकर का सम्मान हुआ। इसके पश्चात कोरोनाकाल मे ऑनलाइन मोड़ पर अध्यापन कराने वाले विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। मनोज अग्रवाल ने कहा कि उनके पापा का हमेशा से ही सपना रहा था कि नगर व अंचल की प्रतिभाओं को मंच देकर उनका उत्साह वर्धन करते रहे और उनमें नई ऊर्जा का संचार कर आशीर्वाद प्रदान करते रहे।उनके गुजरने के बाद मैने उनके अधूरे कार्यो को पूरा करने का बीड़ा उठाया है।आगे भी मेरे द्वारा हर क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित का क्रम जारी रहेगा।

सूचिता अग्रवाल ने कहा कि उनके पापा हमेशा से ही समाज की विकास धारा से जुड़े रहे। वे एक सच्चे जनसेवक व समर्पित राजनीतिज्ञ थे। वे कभी भी सेवाकार्य में पीछे नही हटे।

# किसान-मजदूर सर्ववर्ग के लिए वैश्विक संकट के बाद संकटमोचक बजट : तारिणी नीलम चन्द्राकर

पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत धमतरी कृषि विभाग सभापति तारिणी चंद्राकर ने कहा कि बजट में सरकार ने सरगुजा से बस्तर तक अंतिम क्षेत्र के लोगो को विश्वास में लेते हुए हर वर्ग और हर क्षेत्र का ख्याल रखा है। छत्तीसगढ़ का आधार जो कि कृषि है उक्त क्षेत्र में राजीव गाँधी किसान न्याय योजना हेतु 5703 करोड़ का प्रावधान दिया गया है जिससे हर उपज वाले को उपज का सही दाम मिलेगा। कृषि के ही क्षेत्र में जीवन ज्योति योजना, सुजला योजना और किसानों को बिना ब्याज के अल्पकालीन ऋण योजना मील का पत्थर साबित होगा इससे किसान कर्जमुफ्त रहेंगे और खुशहाल जीवन जियेंगे, कुछ क्षेत्रों में जहाँ पानी कि कमी के कारण फसल कम होता था वहां सिचाई परियोजना हेतु अरपा भैसाझार, केलो, राजीव समोदा व्यपवर्तन और सोंढुर परियोजना स्वीकृत की गई है इससे जमीन का रकबा के साथ फ सल में बहुत बढ़ोतरी होगी किसानी उत्तम श्रेणी में होगी। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवीन कन्या महाविद्यालय खोले जाना है जिससे महिला शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, हेल्थ और मेडिकल के क्षेत्र में मेडिकल छात्रों को राहत पहुचेगा, हाट बाजार क्लीनिक होने से सप्ताह में हर गांव में गरीब मजदूर वर्ग को निशुल्क चिकित्सा कि सुविधा मिलेगी, छत्तीसगढ़ कला शिल्प को इतना विकसित किया जा रहा है कि अन्य राज्यों से हमें कला शिल्प वनोपज कि आवश्यकता ही नही होगी एक छत के नीचे सी मार्ट स्टोर में सभी व्यंजन सहित छत्तीसगढ़ी कला शिल्प, कृषि वनोपज के सभी समान उपलब्ध रहेंगे। उत्पादन और रोजगार में बढ़ावा होगा, सभी व्यक्तियों के विचार हर खबर को जनमानस तक पहुंचाने वाले हमारे पत्रकार साथियों के लिए भी हमारी सरकार ने आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को पाँच लाख सहायतार्थ योजना लागु किया गया है। यह बजट सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है, संकट से उबरने में यह बजट छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग को संतुष्टि प्रदान करेगा।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

-: आम-सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित एम.आई.जी. योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन/भूखण्ड क्रमांक **एम.आई.जी.-26 सेक्टर-4** में **श्रीमती अल्का शर्मा पति मेजर श्री नलिन शर्मा** को भाड़ाक्रय/स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार यह आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **06.07.2010** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया है।

आबंटी उक्त भवन को विक्रय हेतु दिनांक **23.02.2021** को निष्पादित इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन/भूखण्ड **श्रीमती माधुरी भारद्वाज पति श्री टुमन लाल भारद्वाज** के नाम से निष्पादित कर विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार, रायपुर

-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 264/2019-20
वार्ड का नाम-शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 21 वार्ड स्थित भवन / भूमि उदया सोसायटी क्र. 14-8 सेक्टर-3 जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती एम.पी. मिश्रा S/o बी.पी. मिश्रा** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सूरज कुमार यदु S/o गेंदलाल साहू** के रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार, रायपुर

-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 262/2019-20
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.1 वार्ड स्थित भवन / भूमि R-445 जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती ओमप्रकाश साहू पिता स्व. रामजी साहू** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मंजू गटकरी पति मनोज गटकरी** के रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार, रायपुर

-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 265/2019-20
वार्ड का नाम-शहीद भगत सिंह वार्ड क्र.-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 21 वार्ड स्थित भवन / भूमि **भूखण्ड क्र.-12** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती फार्चुन बिल्डकॉन भागीदार संस्थान राजीव अग्रवाल) अमीत/बिमल** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मो. समीम उद्दीन S/o मो. अजीज** के रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार, रायपुर

-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 261/2019-20
वार्ड का नाम-पं. जवाहरलाल नेहरू (2)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहलाल नेहरू वार्ड क्र. 21 वार्ड स्थित भवन / भूमि **EWS 137 फेस-1** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती उपासना गोंधलेकर पति योगेश गोंदलेकर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती रेशमीलता सिंह पति राजेश कुमार सिंह** के रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

- बजट को लेकर प्रतिक्रियाएं - संस्कारधानी को कुछ न मिलने से लोगों में निराशा

# बजट सरकार की नई गाथा गढ़ेगा-कांग्रेस, संस्कारधानी को बदलापुर बनाया जा रहा-भाजपा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को लेकर मिली जुली प्रतिक्रियाएं आ रहीं हैं। हालांकि बजट में राजनांदगांव को कुछ नया न मिल पाने से संस्कारधानी में निराशा है। हर बार की तरह इस बार भी यहां उद्योग से जुड़ा कोई निर्णय नहीं लिया गया। इससे इतर कांग्रेसी नेता बजट की प्रशंसा पर कसीदे पढ़े जा रहे। किसानों को ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण कि उपलब्धता, स्कूलों के उन्नयन, निजी चिकित्सा महाविद्यालय का शासन द्वारा अधिग्रहण जैसी कई योजनाओं को लेकर कांग्रेसियों ने सरकार की तारीफ की है।

दूसरी ओर भाजपाई प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के साथ ही कई मुद्दों पर सरकार को घेर रहे हैं। शराबबंदी को लेकर सरकार की चुप्पी लोगों का चुभ रही है। इस मसले पर सरकार की नीतियों को धोखा करार दिया जा रहा है। धान में समर्थन मूल्य को लेकर भी बजट को कोसा जा रहा है। वनांचल के नेता भी इस बजट में खुद को अपेक्षित बता रहे हैं। भाजपाई कांग्रेस सरकार के इस बजट को बदलापुर की राजनीति भी करार दे रहे हैं।

## अर्थहीन, योजनाविहीन बजट - मधुसूदन यादव

जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्तुत बजट को अर्थहीन एवं योजनविहीन तरीके से बनाया बजट कहा है। यादव ने कहा कि सरकार पौनी पसारी योजना का ग्रामिनिकरण करके इंडस्ट्रियल पार्क खोलने की योजना पूरी तहह से फ्लॉप होना है क्योंकि पौनी पसरी योजना ही असफल हो गई है तो उसका विस्तार का हश्र क्या होगा वो पहले से दिख रहा है। इसी तरह प्राधिकरणों के इस्टैब्लिशमेंट में जितनी राशि खर्च होगी उतना तो उस विभाग में विकास कार्य के लिए बजट ही नही एलाट किया गया है। सफेद हाथी की श्रृंखला खड़ा करना इस सरकार की आदत हो गई है। केंद्र के द्वारा भेजी गई राशि से नरवा घुरवा का क्रियान्वयन करके झूठी वाहवाही लेना ही बजट की असफलता को दर्शाता है। यह बजट ना तो वित्तीय व्यवस्था, ना ही सामाजिक व्यवस्था और ना ही गरीब वर्गों के विकास के लिए है बस भटकाव और उलझाव से भरा हुआ बजट है। इसको कांग्रेसी भी नही समझ पा रहे है।



## सरकार ने राजधर्म निभाया : रुपेश दुबे

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत बजट जनता के प्रति अपने दायित्व को पूरा करते हुए राजधर्म निभाने वाला बजट है। इस बजट में छग के सर्वहारा वर्ग के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, आवागमन सहित पत्रकार भाइयों के साथ अकस्मात दुर्घटना में उनके परिजनों को 5 लाख रूपये देने का जो प्रावधान किया है, वह सरकार की लोकतंत्र के चौथे स्तंभ से जुड़े परिवार के प्रति सकारात्मक सोच का परिणाम है। बोर्डिंग स्कूल, 18 छात्रावास, नई सिंचाई परियोजनाएं, किसानों को बिना ब्याज ऋण का प्रावधान कर मुख्यमंत्री ने यह साबित किया है कि सत्ता सुख भोगने के लिए नहीं जनता के प्रति अपने कर्तव्य निभाने के लिए होता है और सरकार का कर्तव्य बोध इस बजट से साफ है, इसलिए यह बजट राजधर्म निभाने वाला बजट है।



## छत्तीसगढ़ के युवाओं को धोखा दिया है : आलोक श्रोती

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य आलोक श्रोती ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पेश बजट को अबतक का सबसे निराशाजनक और युवाओ को हतोत्साहित करने वाला बताया है । छत्तीसगढ़ के 10 लाख बेरोजगारों को 2500 रु प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन बजट में बेरोजगारी भत्ते, स्वरोजगार, कौशल विकास का जिक्र तक नहीं है। आलोक श्रोती ने आगे कहा कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली प्रदेश की सरकार नें छत्तीसगढ़ के युवाओं को धोखा दिया है और बीते दो वर्षों का बेरोजगारी भत्ता जो लगभग छः हजार करोड़ से अधिक है, कि राशि दबाकर बैठी है ।



## कोई विजन है और ना ही कोई डिसिजन : नम्रता सिंह



मोहला की जनपद सदस्य नम्रता सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने आज विधानसभा में बजट के नाम पर मात्र आंकड़ों का भ्रमजाल पेश किया गया है। झूठ के कच्चे धागों से बुने इस निराशाजनक बजट के ताने-बाने में ना तो कोई विजन है और ना ही कोई डिसिजन। नम्रता सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का फोकस विकास पर नहीं, बल्कि हमारी भाजपा सरकार की योजनाओं को अपने नाम कर जनता को गुमराह करने पर है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र को भी पूरी तरह से भूल चुकी है। यही कारण है कि इस बजट में ऐसी कोई नीति नहीं है जिससे प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं व व्यापारियों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सपने ठोस रूप से साकार हो सके तथा निम्न व मध्यम वर्ग का जीवन स्तर बेहतर बन सके। नम्रता सिंह ने कहा कि इस बजट में सरकार ने एक बार फिर महिलाओं से छल किया है। शराबबंदी का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस शराबबंदी की ओर ब?ने के बजाय शराब के व्यापार में 600 करोड रुपए और अधिक कमाने का लक्ष्य निर्धारित कर रही हैं। पिछले वर्षों में महिलाओं के खिलाफ लगातार अनाचार, अपहरण, और हिंसा की घटनाएं बड़ी है। परंतु सरकार ने इस पर कोई बात नहीं की है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के नारे लगाने वाली सरकार के क्रियाकलाप से छत्तीसगढ़ अपराध के नए कीर्तिमान की ओर बढ़ रहा है। एक तरफ कांग्रेस सरकार पुलिस कर्मियों को पदक देने की बात कर रही है दूसरी तरफ कांग्रेस के कार्यकर्ता थानों में घुसकर पुलिसकर्मियों को पीट रहे हैं । कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में किए वादे के महिला स्व सहायता समूह को कर्जा माफ करने के बाद करने के बजाए बजट में जो व्यवस्थाएं रखी गई है वह उठ के मुंह में जीरा साबित होगा छोड़ा जाएगा।

## राजनांदगांव को बदलापुर बनाना चाह रही सरकार : किशुन यदु

नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष किशन यदु ने छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को हतोत्साहित करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि बड़े - बड़े दावे करने वालों के बजट में संस्कारधानी का कोई हिस्सा ही नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने कार्यकाल में जहां राजनांदगांव जिले में बड़ी योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को तरजीह दी। उन्होंने विकास के नए आयाम गढ़े। भूपेश बघेल सरकार जनहित से परे स्वार्थ की राजनीति पर उतारु है और इस बजट के साथ ही उन्होंने इस साबित किया है। नेता प्रतिपक्ष यदु ने कहा कि, पहले ही लगभग आधा दर्जन सरकारी कार्यालयों को दुर्ग ले जाया गया। सीधे तौर पर मौजूदा सरकार राजनांदगांव को बदलापुर बनाना चाह रही है। मौजूदा बजट में कई घोषणाओं के बीच राजनांदगांव को क्या हासिल हुआ अगर मुख्यमंत्री से ये सवाल किया जाए तो वो भी चुप्पी साध लेंगे। कांग्रेसी नेता बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे नए आयाम गढ़ने वाला बता रहे हैं.. वे इस मसले पर क्यूं नहीं बोलते कि जिनके नेता ने खुले तौर पर बीएनसी मिल जैसा उद्योग शुरु करने का दावा किया था वो सरकार बनने के दो साल बाद भी कहां है। सीधे तौर पर यह बजट किसी तरह से हितकारी नहीं दिखता।



## छलावे की सरकार किसी का क्या भला कर सकती है : मोनू बहादुर

जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ईरादों पर संशय है। वे शराबबंदी की बातें करते थे। उन्होंने तो इसे लेकर कई बड़े वायदे-दावे किए थे। निस्संदेह इस वायदे से भागते हुए उन्होंने राज्य की महिलाओं के साथ छल किया है जिनके बूते वे आज सरकार पर बैठे है। बेरोजगारों को दिए जाने वाले 25 सौ के भत्ते पर मुख्यमंत्री कुछ नहीं कहते। बिजली बिल की समस्या जस की तस बनी हुई है। हाफ बिजली बिल के वायदे के विपरित लोगों को इससे राहत नहीं मिल पा रही है। किसानों को खेत में सिंचाई के लिए भी बिजली बिल पर कोई रियायत नहीं मिल रही है। अलबत्ता दूसरों तरीकों से उन्हें लूटा जा रहा है। हजारों-लाख रुपए तक के बिजली बिल किसानों को थमाए जा रहे हैं।



भाजयुमो अध्यक्ष मोनू ने कहा कि निः संदेह यह छलावे की सरकार है। प्रदेश इन छल करने वाले नेताओं से ठगा गया है। कसमे-वायदे तोड़कर अपना स्वार्थ सिद्ध करने में तुली यह सरकार आज कर ही क्या पा रही है। प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े हैं। सत्तापक्ष के लोग थानों में घुसकर सिपाही से मारपीट जैसे घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। इन सबके बीच सरकार क्या कर रही है.. महज स्वार्थ की राजनीति।

मोनू ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केंद्र के अनुदान और केंद्र की योजनाओं ने प्रदेश को संभाला हुआ है। वरना छलावे की सरकार किसी का क्या भला कर सकती है। किसानों को अब भी 25 सौ रुपए का समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। शराबबंदी की ओर सरकार का ध्यान है ही नहीं। शराबबंदी की जगह राज्य शराब की मंडी बन चुका है। हर वर्ग इस सरकार से ठगा जा रहा है।

## बेहद निराशाजनक बजट : तरुण लहरवानी

भारतीय जनता पार्टी के शहर अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने छत्तीसगढ़ की काँग्रेस सरकार के बजट को बेहद निराशाजनक बताते हुए कहा की बजट मे छोटे व्यापारियों के लिए कोई कोई राहत नहीं है, इसके अलावा काँग्रेस ने अपने घोषणा पत्र मे जो वादे किए थे जिसमे 60 वर्ष से अधिक आयु वाले किसान भाइयों के लिए पेंशन की घोषणा, महिलाओं के लिए वुमेन सेल ,दैनिक मजदूर वर्ग के लिए सम्मानजनक आय ,तथा के शिक्षित बेरोजगारों के लिए 2500 रु के भत्ते की घोषणा नहीं की गयी। छतीसगढ़ में कोरोना से हुई मौत से प्रभावित परिवारों को के लिए कोई पैकेज नहीं दिया गया है राजनंदगांव जिले के लिए यह बजट जीरो है कुल मिलकर इस बजट मे की घोषणाओ को देख कर लगता है कि काँग्रेस सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओ को अपनी योजना बताने का प्रयास किया है यह बजट छतीसगढ़ के विकास को रोकने वाला बजट है।



## क्षेत्र को उपेक्षित किया जाना निराशाजनक : अरुण यादव

चिल्हाटी क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता अरुण यादव ने भूपेश सरकार के बजट को नाकाफी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार हमें 15 साल पीछे न ले जाए। गंभीर मसलों पर बात करने से बचने वाले इस सरकार के प्रतिनिधि किसी भी मसले पर गंभीर नहीं लगते। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र को उपेक्षित किया जाना निराशाजनक है। वनांचल को भी कुछ नहीं दिया गया। सरकार उस जिले के साथ कैसे भेदभाव कर सकती है जहां से उसके 4 विधायक हैं। जिले के कांग्रेसी विधायकों को भी इसके लिए दोष देना गलत नहीं होगा कि वे अपनी सरकार में ही अपने ही क्षेत्र के लिए उपलब्धियां नहीं जुटा पा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि जिले के लिए कुछ न मिल पाना जिले के लिए दुर्भाग्य का विषय है। मौजूदा सरकार की यह भेदभावपूर्ण नीति कतई लोगों के हित में नहीं है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की बात करने वाली यह सरकार दरअसल, छलबो सब्बो ल जैसी मानसिकता के साथ आगे बढ़ रही है। शराबबंदी जैसे आवश्यक विषय पर तो यह सरकार अब कुछ बोलने से भी बचती है।

## गांव गरीब मजदूर किसान को सिर्फ सपना दिखाने वाला बजट : कमल सोनी

भाजपा नेता कमल सोनी ने बजट को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का तीसरा बजट सिर्फ गांव गरीब किसानों को सपना दिखाने वाले बजट है। जिस गांव गरीब किसानों को विकास और रोजगार का सपना दिखाकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को आगामी विधानसभा सभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के गांव गरीब किसान उनको सबक सिखाते हुए कुर्सी से बेदखल करके पुनः भाजपा को सरकार बनाने का मौका देगा। जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी व युवा नेता कमल सोनी ने कहा है भाजपा की 15 साल की विकास व कांग्रेस की कुछ सालों का विकास छत्तीसगढ़ की आम जनता समझ चुके हैं। कांग्रेस की कथनी और करनी में कितना अंतर है, बहुत जल्दी व कम समय में ही समझ गए हैं। सोनी ने आगे बताया कि राजनांदगांव जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में गांव से लेकर शहर तक पूरी विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, कांग्रेसियों 15 साल के विकास कार्य को अपना बता कर उद्घाटन व सिर्फ फीता काटने का ही काम कर रहे हैं, जैसे कि राजनांदगांव शहर में अमृत मिशन के तहत शहरों में पेयजल विस्तार के लिए गली मोहल्लों में नल पाइप बिछाए जा रहे हैं, तथा कुछ वार्डों में पानी टंकी का भी निर्माण किए जा रहे हैं, मोहरा जल यंत्र में जितने भी विकास कार्य व नया निर्माण हुआ है, यह सब भाजपा का देन है। कांग्रेस सरकार अपनी ही योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं कर पा रही है। इसलिए छत्तीसगढ़ का बजट गांव गरीब किसान सभी वर्गों के हित में नही है।



## इस बजट में सभी वर्ग का ध्यान रखा गया : श्रुति शुक्ला

जिला महिला कांग्रेस ग्रामीण प्रवक्ता श्रुति शुक्ला ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार का यह तीसरा बजट है और इस बजट में सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस रहा। राज्य का इस बार का बजट 97,106 हजार करोड़ का है तथा इस बजट में स्त्री पुरुष बच्चे बेरोजगार किसान मजदूर सभी वर्गों को इस बजट से लाभान्वित होने का अवसर मिलेगा। सबसे अच्छी बात की इस बजट में रोजगार के नए अवसर लोगों को प्राप्त होंगे।



# बजट को कोविड दौर में कांग्रेस ने बताया संजीवनी

- भाजपा ने कहा वैक्सिन का जिक्र ना होना शर्मनाक
- राज्य के बजट पर प्रमुख नेताओं की गौर-ए-नजर

रज्जा राणा < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के 2021-22 के लिए बजट प्रावधान को लेकर सत्तापक्ष कांग्रेस व विपक्ष भाजपा के नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने बजट को कोविड दौर के आधार पर संजीवनी निरूपित किया है। भाजपा ने बजट में वैक्सीन का जिक्र तक नही होने को सरकार की मदहोशी करार दिया है। डोंगरगांव विधानसभा के प्रथम पंक्ति के प्रभावशाली नामों की बजट पर बानगी देखिये।

### बजट में भूपेश का सब्जबाग : गांधी

जिला भाजपा महामंत्री दिनेश गांधी ने बजट को भूपेश बघेल का सब्जबाग करार दिया है। नवयुवकों को बेरोजगारी भत्ता, किसानों का दो साल का बोनस, कर्मचारियों से किये वादे, महिला उत्थान के लिए कुछ नही है। श्रीगांधी ने कहा कि दो दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री ने कहा था कि हम आमजनता को निःशुल्क कोरोना वैक्सिन लगायेगें, लेकिन इसके लिए भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भूपेश सरकार ने एक बार फिर अपने राजनीतिक चरित्र के अनुरूप छलावों का दस्तावेज प्रस्तुत कर जिम्मेदारियों से पलायन करने की मानसिकता का परिचय दिया है।



### नए बोर्ड से समाजों को दिशा : टिकेश

मुख्यमंत्री द्वारा बजट में प्रावधान को ऐतिहासिक बताते हुए डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि मत्स्य पालन को कृषि के समान दर्जा मिलने से स्वरोजगार सृजित होगा। परंपरागत ग्रामीण व्यवसायिक कौशल को पुनर्जीवित करने तेलघानी, चर्म शिल्पकार, लौह शिल्पकार एवं रजककार विकास बोर्ड से सर्वसमाज को राज्यस्तर में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा।



### धरसा के रास्ते गाँवों को दिशा : सुयश

जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने कहा है कि पत्रकारों को दुर्घटना जन्य आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को 5 लाख की सहायता। किसानों को खेतो तक आवागमन सुविधा हेतु मुख्यमंत्री धरसा विकास योजना। श्रीराम वनगमन पर्यटन परिसर के लिए 30 करोड़ का प्रावधान अतुलनीय है। उपरोक्त प्रावधान से नीजि क्षेत्र से भी सार्वभौम में लीन बिरादरी, सनातन धर्म तथा गांव के स्थानीय संसाधन को सहेजने का संकल्प परिलक्षित होता है।



### जलप्रदाय योजना अमृत समान : हीरा

नपंअध्यक्ष हीरा निषाद ने कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना के अंतर्गत 119 नये अंग्रेजी स्कूल। 7 नवीन महाविद्यालय तथा 3 कन्या महाविद्यालय की स्थापना। 14 महाविद्यालयों में स्नातक तथा 15 महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ। 6 नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण। 2 नवीन आईटीआई की स्थापना। नगरीय क्षेत्रों में नई जल प्रदाय योजनाओं के लिए 45 करो? का प्रावधान स्वागतेय है।



### महिला व युवाओं का अपमान : जागृति

भाजपानेत्री व जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने केंद्र पर आश्रित अधोसंरचना कार्यों का बजट पेश किया है। राज्य की कला व संस्कृति को ढाल बना कर जनता से खिलवाड़ करती आ रही है। सरकार शराबबंदी व महिला सुरक्षा पर सोच भी नही पाई। बजट में युवाओं की रोजगारपरक भावनाओं को पारंपरिक खेल बना कर रख दिए।



### स्थानीय बाजार को बढ़ावा : मदन

नदियों के किनारे खेतों को सिंचाई की सुविधा के लिए विद्युत लाईन के विस्तार के लिए प्रावधान। शहरों में पौनी पसारी योजना के समान ग्रामीण क्षेत्रों में रूरल इण्डस्ट्रियल पार्क की स्थापना से स्थानीय बाजार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनीक योजना हेतु 13 करोड़ का प्रावधान करना प्रशंसनीय है। 4 बोर्ड के गठन समाजों के लिए ऐतिहासिक कदम है।



### श्रीराम वनगमन के लिए बजट : ललित

नपं उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राम वनगमन पथ व परिसर हेतु पहल कर राजनैतिक क्षेत्र के लिए नया मापदंड तय किया है। नए तहसील व अनुभाग राज्य को नई दिशा देंगे। स्वच्छता दीदियों के मानदेय को 5,000 से बढ़ाकर 6,000 किया जायेगा। बस्तर टाईगर फोर्स के गठन से राज्य की सुरक्षा व शांति व्यवस्था की चिंता की है।



### किसानों के लिए दूरदृष्टि : रोहित सोनकर

किसाननेता रोहित सोनकर ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना हेतु 5,703 करोड़ का प्रावधान। किसानों को बिना ब्याज का 5,900 करोड़ का अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य। गोधन न्याय योजना हेतु 175 करोड़ का प्रावधान। एडीबी फेस-3 परियोजना में 825 किमी लंबाई की 24 स?कों के लिए 940 करोड़ का प्रावधान स्वागतेय है।



### किश्त में भुगतान शर्मनाक : दाऊ

किसाननेता जनपद सदस्य दाऊ अजय वैष्णव ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि बार बार न्याय योजना की रट सरकार की साजिश है। किसानों को धान के भुगतान राशि के लिए तड़पाने के समान है। किसानों को एकमुश्त भुगतान नही कर पाना शर्मनाक है। अधिकारी कर्मचारी का जीना दुश्वार हो गया। पूरा प्रदेश गौठान के साथ नरवा गरवा घुरवा बाड़ी की वास्तविकता से वाकिफ हो चूका है।



# संयुक्त मोर्चा का 13 मार्च को राजधानी में प्रदर्शन

- राष्ट्रीय अध्यक्ष के अगुवाई में शासन पर लेंगे मोर्चा
- प्रदेशभर से 6 लाख कर्मचारी शामिल करने लक्ष्य

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राजधानी में 13 मार्च को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा केंद्र व राज्य को घेरने जा रही है। राजधानी रायपुर स्थित बूढ़ातालाब धरना स्थल में पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के बैनर तले धरना प्रदर्शन का आयोजन होने जा रहा है। धरना प्रदर्शन के पश्चात विशाल रैली निकाल कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को प्रदेश में मजबूत करने की कवायद की जा रही है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने दैनिक पायनियर को बताया कि धरना प्रदर्शन में राष्टीय अध्यक्ष बीपी रावत भाग लेकर राष्टीय स्तर में पुरानी पेंशन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालेंगे। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, विष्णु शर्मा ने बताया कि प्रदेश के सभी विभागों के लगभग 6 लाख अधिकारी कर्मचारी इस प्रदर्शन में भाग लेंगे। संयुक्त मोर्चा ने बताया है कि सेवा निवृत्त होने के पश्चात नही के समान पेंशन प्राप्त होता है, जिससे बुढ़ापे में जीवनयापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में शासन नई पेंशन योजना जैसी कुप्रथा को समाप्त करते हुए पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल कर 6 लाख अधिकारी कर्मचारी से न्याय करे।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक-**

20210209220014/20210209220014

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 अ सन-2020-2021
बरनारा कला प.ह.न. 00027 (499/4(0.3600 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार : राम बाई पटेल
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राम बाई पटेल आ. भुखू जाति मरार निवासी ग्राम चिद्दो तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के नाम पर ग्राम बरनाराकला प.ह.नं. 27 में कृषि भूमि ख.नं. 499/4 रकबा 0.360 हे. स्थित है। जिसके राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम त्रुटिवश रामकुंवर आ. भुखू जाति मरार निवासी ग्राम चिद्दो दर्ज हो गया है जबकि आवेदिका का वास्तविक नाम रामबाई पटेल है। रामकुंवर एवं राम बाई पटेल दोनों एक ही व्यक्ति हैं। अतः उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में अपना नाम रामकुंवर उर्फ राम बाई दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.03.2021 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.02.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक-**

20210109230077/20210109230077

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-ब-121 सन-2020-2021
बेलगांव प.ह.न. 00016 (हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार : रामचंद्र सोनवानी
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचंद सोनवानी आ. मनसुखदास जाति सतनामी निवासी ग्राम बेलगांव द्वारा अपने पिता मनसुखदास आ. बिसाल जाति सतनामी की मृत्यु दिनांक 23.12.2019 को ग्राम खुड़मुड़ी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में हो जाने से तथा भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण आवेदक अपने पिता की मृत्युतिथि दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। प्रकरण दर्ज किया जावे। ग्राम एवं समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन कराया जावें।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15.03.2021 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.02.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. 11 अ/6/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार ध्रुव आ. मनीराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम वार्ड नं. 04 रेलवे कॉलोनी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अनावेदिका श्रीमती वर्षा पति उमेश तोड़कर जाति गोंड़ निवासी ग्राम वार्ड नं. 19 हीरापुर श्री राम चौक टाटीबंध रायपुर के स्वामित्व व हक की भूमि ग्राम चौथना स्थित भूमि ख.नं. 84/2 रकबा 19 हे. भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 05.10.2019 को आवेदक द्वारा क्रय किया गया है। उक्त भूमि से अनावेदिका का नाम विलोपित कर आवेदक अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतू निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15.03.2021 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक-**

20210209220043/20210209220043

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 सन-2020-2021
बछेराभाठा प.ह.नं. 00026 (251/1(44.5250हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार : दिलीप सिंह
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप सिंह आ. दौवाराम जाति राऊत निवासी ग्राम बछेराभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम बछेराभाठा में ख.नं. 251/1 क्षेत्रफल 0.020 डिसमील भूमि स्थित है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि पर अनावेदिका सेवती बाई, संतोषी दोनों आ. दिलीप सिंह का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। 1. प्रकरण शीर्ष अ/6 में दर्ज किया जावे। 2. प्रकरण में ग्राम में ईश्तहार का प्रकाशन कराया जावें। 3. उक्त संबध में प्रकरण के संचलनियता पर तर्क प्रस्तुत करें।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08.03.2021 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.02.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**

20210209020069/20210209020069

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 सन-2020-2021
छुरियाकला (प.ह.नं. 00020), कुमर्राछुरिया (प.ह.नं. 00012),
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-मनीष कुमार जैन
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार जैन पिता मंगलचंद जैन जाति मारवाडी निवासी ग्राम-छुरियाकला, तहसील - छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम कुमर्राछुरिया प.ह.नं. 12 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खसरा नं. (रकबा) 16 (2.5290हे.) व ग्राम छुरियाकला प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खसरा नं. (रकबा) 22 (0.8020हे.), 28 (0.2020हे.) 30 (0.0400 हे.), 371 (0.2830हे.) आवेदक के पिता मंगलचंद जैन आ. लक्ष्मीलाल जाति मारवाड़ी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उक्त भूमि को आवेदक के पिता मंगलचंद जैन आ. लक्ष्मीलाल जाति मारवाड़ी द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 10.10.2020 को पब्लिक नोटरी द्वारा प्रमाणित किया जाकर वसीयतनामा निष्पादित किया गया है, वसीयतकर्ता मंगलचंद जैन की मृत्यु दिनांक 07.12.2020 को होने के फलस्वरूप पब्लिक नोटरी द्वारा प्रमाणित वसीयतनामा 10.10.2020 के आधार पर उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में वसीयतकर्ता मंगलचंद जैन आ. लक्ष्मीलाल जाति मारवाड़ी का नाम विलोपित कर अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है. आवेदन पत्र के समर्थन में पब्लिक नोटरी द्वारा प्रमाणित वसीयतनामा दिनांक 10.10.2020 की छायाप्रति, बी-1, व मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश किया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 10.03.2021 को स्वयं वकील/ आम मुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.02.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
शिवकुमार कंवर
तहसीलदार, छुरिया

## क्विक न्यूज

### लोगों से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** चकरभाठा पुलिस को मोबाईल से सूचना मिला कि अज्जू वर्मा एवं सूरज नेताम चकरभाठा पशु चिकित्साल के पास आने जाने वाले लोगों से मारपीट कर रहा है सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल के निर्देश पर टीम गठित कर तुरन्त घटनास्थल पहुंचे जहाँ अज्जू वर्मा एवं सूरज नेताम दोनो मिलकर मुकेश सूर्यवंशी से शराब पीने के लिये पैसा दो नही तो जान से मार देगे कहकर धमकी देते हुये गमछा से गला मे लपेटकर हाथ मुक्का तथा ईटा से मारपीट कर रहा था जिसे मौके तत्काल थाना लाकर आरोपियों के विरूध्द अपराध 294,506,323,327,417,34 भादवि के तहत् कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सुखनंदन पटेल, सउनि एच.आर.वर्मा, प्र.आर. 89 दीपक किण्डो, आर. क. 444 विकास राठौर, आर. 907 मिथलेश 970 हरेन्द्र राजपूत साहू, का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# चाकू की नोक पर ट्रक लूट और क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

■ **मौका पाकर देते थे घटना को अंजाम**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



27.02.2021 को प्रार्थी अपनी मोटर सायकल मे विरेंद के साथ मेला से वापस आ रहे थे की रात्रि करीबन 11:30 बजे सरसेनी और सकर्रा के बीच हाईवा मे बैठे 3 अज्ञात लडके प्रार्थी के मोटर सायकल के सामने हाईवा को टिकाकर रोक दिया और उतरकर प्रार्थी से पैसा निकालो नही तो जान से मार डालेंगे बोलने लगे नही देने पर प्रार्थी और विरेंन्द को 2 लडके हाइवा मे बिठाया और एक लडके ने रामस्वरुप को मोटर सायकल मे बैठा कर सकर्रा ले गए विरेंद का मोबाईल छीन लिये और पैसा का मांग करने लगे प्रार्थी द्वारा हमारे पास पैसा नही है बोलने पर तीनो लडके बेल्ट से मारने लगे और वही पर बंधक बनाकर रखा था और घर से पैसा मंगाने पर प्रार्थिया ने अपने परिजनो को बुलवाया तब प्रार्थी का पिता मौके पर पहुचा जो 3000 हजार रुपये लेकर आया था पैसा को लडको को दे दिया फिर भी आरोपी और पैसा मांगने लगे पैसा न देने पर बेल्ट हाथ मुक्का ,डंड मे मारपीट करने लगे और चाकू निकाल कर मारने लगे जिससे प्रार्थी के चेहरे पर सिर के पीछे मे चोट आयी और विरेंद्र को बेल्ट से मारने पर सिर में चोट आयी प्रार्थी और उसका साथी डरकर वहा से भाग गये और प्रार्थी का मोटर सायकल वही पर छुट जाने से मोटर सायकल को भी तोडफोड़ कर फेक दिये। जिसकी सूचना थाने में मिलने से घटना के संबंध मे वरीष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल को अवगत कराया गया दिये गये निर्देश पर अति.पुलिस अक्षीक्षक उमेश कश्यप शहर अति.पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजय धूव एवमं नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा सुनील डेविड एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन स्नेहिल साहू के कुशल मार्ग निर्देशन पर बिलासपुर पुलिस ने अलग-अलग टीमे बनाकर आरोपी की पता साजी में जुट गये बताये हुलिए के अनुशार टीमो ने अलग अलग स्थानो पर आरोपियो की पतासाजी प्रारंभ की गई प्रार्थी के बताए अनुसार आरोपियो द्वारा शराब का शेवन किया गया था जिसके कारण मे अधिक नशे मे थे इसी आधार पर आरोपियों की उपस्थिति घटनास्थल के आसपास होने की संभावना भी पतासाही के दौरान घटना में प्रयुक्त हाइवा ग्राम सकर्रा मे दुर्घटना होने का बात पता चली मौके पर उक्त वाहन को बरामद किया गया जो की दिनांक 25.02.2021 के रात्रि थाना सकरी क्षेत्रांतर्गत लूट किया गया था उक्त आरोपियो की तलाश की गई जिसके लिये ग्रामीणो का सहयोग लिया गया जिन्होने महत्वपूर्ण जानकारिया पुलिस को दी घटना कारित किये आरोपियो के हुलिए एवं घटनाये के आधार पर ग्राम सकरी के एक व्यक्ति के यहा सकरी व पिछले 02-03 दिन मे नशा किए हुए घुमने की बात पता चली जिसके आधार पर सकरा मे दबिस दिया गया जो एक साथ मे आरोपी जितेन्द सूर्यवंशी मिला जिसके साथ राकेश धूव व एक नाबालिक मिला जिससे पुछताछ करने पर स्वमं को निर्दोस होना बताया परंतु गवाहो के समक्ष तलाशी लेने पर लूट से छिना गया मोबाईल व पैसा तथा चाकूनूमा हथियार बरामद किया गया पुनः पुछताछ में आरोपियो ने जुर्म स्वीकार किया ट्रक लूटने की घटना को भी स्वीकार किये तथा घटना का मास्टर माईड 15 वर्षिय नबालिक था जिसे नशे के लत के चलते उनके पिता ने भी उसे घर से अलग कर दिया था नाबालिक विशाखापटनम मे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर रहा था परंतु नशे की लत के कारण लूट मारपीट जैसे गंभीर घटना को अंजाम देने लगे अपने व्यक्तिगत प्रमाण का उपयोग कर पुराने राकेश धूव से और जितेन्द्र सुर्यवंशी से दौरती की और लूटपात का प्लान बनाकर घटना को अंजाम दिया आरोपियो को पुलिस ने सूचना पर फास्ट रियेक्शन करते हुये रात में ही 4 5 बजे के आसपास गिरफ्त मे ले लिया गया था सकरी ट्रक लूट मे मामले मे भी लगातार पुलिस केस केक करने मे लगी थी इस दौरान क्षेत्र में लगे सभी सीसीटव्ही कैमरो का अवलोकन कर लिया गया था जिससे यह स्पष्ट हो चूका था कि ट्रक लूट के बाद क्षेत्र से बाहर नही गई थी टीम सक्रिय होना के कारण है उक्त आरोपी पकड़ मे आ सके।

## अवैध गांजा तस्करी करने वाला गिरफ्तार, 3 किलो गांजा जप्त



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दुपहिया वाहन में गांजा लेकर जा रहे थे पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति अपने अपने मोटर सायकल हीरो होण्डा नम्बर सीजी 10 ई.ए. 2729 एवमं बाजाज प्लेटिना सीजी 28 ई 8404 मे अवैध रुप से अपने कब्जे मे गांजा रखकर मुंगेली से बिलासपुर की ओर बिकी करने के लिये ले जा रहा है घटना के संबंध में सीनियर अधिकारी पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल को अवगत कराया गया दिये गये निर्देश पर अति.पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजय धूव एवमं नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा सुनील डेविड के कुशल मार्ग निर्देशन पर हिर्री पुलिस ने मामले के सम्बन्ध मे सम्पूर्ण पुछताछ की गयी। जिसमे दोनो ने गांजा मुगेली से लाकर बिलासपुर मे बेचने की योजना को अंजाम देना बताया साथ ही उक्त गांजा मुंगेली से खरीदारी करने की बात कही है संबधित संदेही के मोबाईल नंबर के आधार पर आगे की कडी की तलाश की जा रही है उक्त संबध मे आरोपियो को गिरफ्तार करने मे थाना हिर्री पुलिस अधिकारी कर्मचारी का योगदान रहा जिस पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपियो को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

**आरोपी-** खिलेश्वर साहू पिता विसौहा राम साहू उम्र 40 वर्ष निवासी बैजना थानापथरिया जिला मुंगेली। रामनाथ साहू पिता राम सिह साहू उम्र 24 वर्ष निवासी मनोहरपुर जिलामुंगेली हाल मुकाम यदुनंदन नगर दादू साहू का मकान बिलासपुर।

# कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, अधिकारियों को वर्मी कम्पोस्ट खाद की मार्केटिंग पर जोर देने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को वर्मीकम्पोस्ट खाद की मार्केटिंग पर जोर देने कहा। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे जैविक खाद के अधिकतम विक्रय से उन्हें मेहनत का वाजिब दाम मिल पाएगा। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का मैदानी स्तर पर सुचारू क्रियान्वयन करने कहा। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के उपसंचालक को निर्देश दिए कि कार्ययोजना बनाकर वर्मीकम्पोस्ट खाद की अधिकतम बिक्री सुनिश्चित करें। आर.ई.ओ को इसके लिए सतत प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि खाद के व्यवस्थित रूप से पैकेट तैयार कर समिति तक पहुंचाएं। कलेक्टर ने कोरोना वैक्सीनेशन की भी समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 01 मार्च से आम लोगों के लिए भी वैक्सीनेशन शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर ने जिले में कराए जा रहे कोविड वैक्सीनेशन के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए मितानिनों एवं सचिवों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को प्रेरित करने कहा। कोविड वैक्सीनेशन से संबंधित जानकारी का अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए जिससे अधिकतम लोगों तक जानकारी पहुंच सके। कलेक्टर ने हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को सकरी, बेलगहना, रतनपुर तहसील कार्यालय का प्राक्कलन जल्द बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट, लोक सेवा गांरटी एवं टीएल के लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर बी.एस.उइके, अपर कलेक्टर सुश्री नुपूर राशि पन्ना, वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेरीश एस, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## नकली उत्पादों के संग्रहण व बिक्री सूचना पर रायगढ़ के बनवारी लाल की दुकान पर दबिश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सोमवार को सिटी कोतवाली रायगढ़ अन्तर्गत विष्णु भगवान मंदिर रोड रायगढ़ स्थित बनवारी लाल' की दुकान पर रेकिट बेंकिजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के नकली उत्पाद के संग्रहण एवं बिक्री की सूचना पर कंपनी के रिजनल मैनेजर के साथ टी.आई. कोतवाली मनीष नागर व उनकी टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया । इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रिकेट बेंकिजर इंण्डिया प्रा. लि. कंपनी के रिजनल मैनेजर देबाबत्रा विश्वास निवासी दम दम कोलकाता बताये कि बेमु प्च्् ैवसनजपवदे च्तपण् स्जक द्वारा इन्हें जांच के लिये अधिकृत किया गया है । इन्हें जानकारी मिली थी कि बनवारी लाल विष्णु भगवान मंदिर रोड रायगढ़ के दुकानदार जानबूझकर कंपनी के नकली उत्पादो के स्टाकिंग वितरण निर्माण में स्वयं को शामिल कर कंपनी की बौद्धिक संपदा का उल्लघंन कर रहे हैं साथ ही इन नकली उत्पदों का निर्माण ध् स्टाक कर बिक्री और वितरण के लिए रखा जा रहा है। रेड कार्यवाही में दुकान से स्प्रवस कम्पनी की 5 लीटर, 200उस, 500एमएल, 975एमएल ब्वसपद कम्पनी की 5 लीटर, डॉक्टर हार्पिक की 5 लीटर, 650एमएल, टममज छपींत 2 ट्यूब, टममज भ्पत तमउवअंस की करीब 200 बॉटल' तथा इन्हीं कम्पनी की 1-1 ऑरिजनल बॉटल की जप्ती की गई है। कम्पनी के रिजनल मैनेजर के लिखित आवेदन पर थाना कोतवाली में दुकान के संचालक के विरूद्ध अप.क्र. 295/2021 धारा कापीराइट अधिनियम 1957 की धारा 63 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# सरकार के बजट में रजक कल्याण बोर्ड का गठन शामिल, विधानसभा में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

■ **रजक महोत्सव में मुख्यमंत्री का करेंगे अभिनंदन**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

धोबी समाज की बहुप्रतीक्षित मांग विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट में रजक कल्याण बोर्ड के गठन को भी शामिल किया है, सरकार के इस निर्णय से धोबी समाज में हर्ष की लहर है, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष खनिज विकास निगम बोर्ड के अध्यक्ष गिरीश देवांगन के द्वारा प्रदेश अध्यक्षसूरज निर्मलकर के पास जैसे ही खबर आई उन्होंने समाज के व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दिया फिर क्या था सोशल मीडिया में बधाई संदेश चलने लगे और सरकार की प्रशंसा होती गई समाज के कार्यवाहक युवा अध्यक्ष अंबे बघमार एवं प्रवक्ता अमन निर्मलकर के



अनुसार नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में होने वाले इस वर्ष का रजक महोत्सव दोगुने उत्साह के साथ करेंगे, क्योंकि मुख्यमंत्री के द्वारा डीएम एफ मद से स्वीकृत 1000000 रुपए की लागत से समाज के अध्ययन रत्न बेटियों के लिए छात्रावास भवन का निर्माण तेजी से हो रहा है, उसका उद्घाटन भी करवाया जाएगा गौरतलब रहे 13 जनवरी 2019 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द पहुंचे थे जहां पर रजक कल्याण बोर्ड के गठन की मांग समाज के द्वारा की गई थी जो आज पूरा होता दिखाई पड़ रहा है सारा गांव में एकत्र हुए समाज जनों को संबोधित करते हुए चार राज् नव पार के अध्यक्ष चोवा राम रजक ने कहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के सभी तबकों को साथ लेकर गठन किया है और हर मंच पर इस बहुप्रतीक्षित मांग के लिए आवाज बुलंद की जिसका परिणाम सबके सामने हैं। प्रदेश युवा उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बरेठ के द्वारा सभी युवा धोबी भाइयो को बधाई दी गयी व मीडिया,प्रेस से के भाइयो का भी धन्यवाद किया जिन्होंने समय समय पर इस मुद्दे को सरकार के सामने रखा।

## जगह-जगह पाइप लाइन बिछाने खोदे गड्ढों के दंश को झेलने को मुंगेलीवासी मजबूर

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला बनने के लगभग 9 सालों के बाद भी जिला अपने समीपस्थ जिले का अनुसरण नहीं छोड पाया है, बिलासपुर के तर्ज पर जगह -जगह गडढों के चलते मुंगेली भी इन दिनों गड्ढों के शहर के नाम से प्रचलित हो चला है, जगह जगह पाइप लाइन बिछाने खोदे गये गड्ढों के दंश को झेलने को मजबूर नजर आ रहा है। नई जल आवर्धन योजना के तहत शहर के अंदर हाल ही में बनाई गई मजबूत सड़कों पर पाइप लाइन बिछाने के लिए अव्यवस्थित एवं मनमाने ढ़ंग से खोदाई की जा रही है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों में आक्रोश बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने एक स्थान पर पहले खोदाई कर पाइप लाइन बिछाने के बाद समतल करने पश्चात दूसरी ओर खोदाई किए जाने की बात कही है। जिससे दुकानदारों एवं नागरिकों को परेशानी न हो। नगर में पेयजल को सुव्यवस्थित करने के लिए शासन ने नई जल आवर्धन योजना की स्वीकृति दी है। जल आवर्धन योजना के अंतर्गत अव्यवस्थित ढ़ंग से पाइप लाइन के लिए खोदे जा रहे गड्ढ़े को लेकर नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों में आक्रोश बना हुआ है। नागरिकों का कहना है कि पिछली बार की जल आवर्धन योजना के लिए शहर की सड़कों को खोदकर पाइप लाइन तो बिछा दिया गया। किंतु उस पर आज तक पानी नहीं आ पाया है। कुछ स्थानों पर आज तक खोदे गये गड्ढ़े पर सीमेंटीकरण नहीं होने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में पुनः करोड़ों रूपए की लागत से पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें हाल में बने मजबूत सड़कों को अव्यवस्थित ढ़ंग से अलग-अलग स्थानों पर खोदाई की जा रही है। जिससे आसपास के दुकानदारों एवं नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खोदे गये सड़क के मटेरियल को ट्रेक्टर-ट्राली में बेचे जाने की शिकायते आ रही है। नगर में पाइप लाइन बिछाने हेतु लाये गये पाइप को किसी व्यक्ति के नवागढ़ रोड स्थित निजी जमीन पर पिछले 1 साल से डम्प किए जाने की शिकायत की है। उन्होने नगर पालिका अधिकारियों से इस संबंध में कार्यवाही किए जाने की मांग की है। नये जल आवर्धन योजना अंतर्गत दाऊपारा शमशान घाट में पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। जिसे लेकर नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों में आक्रोश बना हुआ है।

**नगरवासी हुए शमशान घाट का पानी पीने मजबूर** - शमशान घाट से आये हुए पानी को लोग अपने रसोई एवं पूजा घरों के लिए कैसे उपयोग करेंगे। पाइप लाइन हेतु अव्यवस्थित ढ़ंग से किए जा रहे कार्यो को लेकर नगर पालिका के वरिष्ठ पार्षद अरविंद वैष्णव का कहना है कि नगर में पाइप लाइन बिछाने हेतु अव्यवस्थित ढ़ंग से सड़कों को खोदे जा रहे है। इस संबंध में न ही नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी लेने पर उन्हे भी किसी प्रकार की जानकारी नही है बताया जाता है। नए जल आवर्धन योजना में किए जा रहे कार्यो को लेकर नागरिकों की परेशानियों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

**कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक**

# अजाज और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को 31 मार्च तक प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और निराकरण के संबंध में संबंधितों को सख्त निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि कोविड -19 वैष्विक महामारी के संक्रमण से बचाव एवं सुरक्षा के लिए जन जागरूकता आवष्यक है। इस संबंध में उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दिये। इस अवसर पर उन्होने प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को किये गये टीकाकरण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और छूटे हुए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित अवधि में टीकाकरण कराने के आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि आज 1 मार्च से वरिष्ठ नागरिको (60 वर्ष से अधिक व्यक्तियों) और चिन्हाकित 20 बीमारियों स्थितियों से ग्रसित 45 से 59 वर्ष के को-मार्विड व्यक्तियों को टीकाकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है।

चिन्हाकित स्वास्थ्य केंद्रो में टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होने टीकाकरण हेतु समस्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए



टीकाकरण कराने के निर्देष दिये। इस संबंध में उन्होने टीकाकरण के लिए प्रत्येक घर का सर्वे करने हेतु कार्य योजना बनाने और संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर एल्मा ने अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए जारी जाति, निवास एवं आमदनी प्रमाण पत्र की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कहा कि इन वर्गो के विद्यार्थियों के लिए 31 मार्च तक जाति, निवास एवं आमदनी प्रमाण पत्र बनाये जाएंगे। इस हेतु उन्होने जिला षिक्षा अधिकारी, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त और राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवष्यक और सख्त निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर एल्मा ने आगामी मानसून में पौधा रोपण की तैयारी संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होने नर्सरी तैयार करने में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करने के निर्देष दिये। ताकि गोठानों से जुड़े स्व सहायता समूहो को प्रोत्साहन मिल सके। बैठक में उन्होने राज्य शासन के महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत नरवा उपचार हेतु ऑनलाईन प्रषिक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर एल्मा ने गोठान से संबंधित एक्टिविटी के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और सभी एक्टिविटी को गोठान परिसर में ही सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने उपार्जन केंद्रो में भण्डारित धान की सुरक्षा आदि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इसी तरह उन्होने वन अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त पट्टा धारकों का भूईया पोर्टल में एंट्री की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देष दिये।

## प्रेस क्लब शक्ति की बैठक में सदस्यता विस्तार पर दिया गया जोर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती प्रेस क्लब शक्ति द्वारा 2 मार्च को स्थानीय शासकीय विश्राम गृह में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आने वाले दिनों में शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के सदस्यता विस्तार के संबंध में विशेष रूप से जोर देते हुए निर्णय लिया गया कि शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के संगठन में शहरी क्षेत्र तथा आसपास ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को भी शामिल किया जाएगा एवं बैठक के दौरान क्लब की वार्षिक सदस्यता शुल्क राशि तथा छत्तीसगढ़ शासन से शहरी क्षेत्र में पत्रकारों के लिए शासकीय आवासीय भूमि रियायती दरों पर आवंटन हेतु पहल करने, शहर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगवाने, शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के माध्यम से जनहित एवं रचनात्मक कार्य करने, आने वाले दिनों में होली मिलन समारोह का आयोजन करने, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत द्वारा पूर्व में प्रेस क्लब भवन के लिए स्वीकृत 05 लाख रुपये की राशि हेतु स्थल चयन कर शीघ्र ही उपरोक्त कार्य के लिए सकारात्मक प्रयास करने, सहित अनेकों निर्णय लिए गए, तथा शहर के रेलवे स्टेशन में अंडरग्राउंड ब्रिज के लिए पुनः जनप्रतिनिधियों से मांग करने का भी निर्णय लिया गया, तथा बैठक के दौरान विगत वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष संमस्तरेज पप्पू खान द्वारा प्रस्तुत किया गया, एवं बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने आय-व्यय का अनुमोदन किया, साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में शक्ति प्रेस क्लब शक्ति छत्तीसगढ़ शासन से निरंतर पत्रकार हितों के लिए पहल कर कार्य करेगी। बैठक में प्रमुख रूप से शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के संरक्षक राजकुमार दरयानी, श्यामसुंदर अग्रवाल, शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के अध्यक्ष ईश्वर लोधी, सचिव कन्हैया गोयल, उपाध्यक्ष रामनारायण गौतम, सह सचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संमस्तरेज पप्पू खान, शकील अहमद, रंजन सिन्हा, उत्तम अग्रवाल, मोहन देवांगन, रिजवान खान,संतोष सोनी लाला, सहित अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पशु चिकित्सालय में लगी आग, जान बची, माल स्वाहा, फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दहकते हुए आग को काबू किया

## शार्टसर्किट से लगी आग में, एक लाख 25 हज़ार से ज्यादा सीरिंज, जलकर खाक

पायनियर संवाददाता < जशपुर
www.dailypioneer.com





मंगलवार की सुबह मनोरा विकासखंड के पशु चिकित्सालय में आग लगने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आनन फानन में प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा और फिर रेसक्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। मंगलवार सुबह 10.45 के करीब मनोरा विकासखंड के पशु चिकित्सालय में आग लग गयी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी बिल्डिंग आग की चपेट में आ गयी। दरअसल पशुविभाग के स्टॉप जिस स्थान पर बैठकर काम कर रहे थे। दूसरी बिल्डिंग से फटने की आवाज आती है। जब जाकर देखा तो सेकेंड भर में पूरी तरह आग तब्दील हो गई। मौके पर प्रशासन का दल पहुंच गया और फिर आग पर काबू पाने के लिए फायरब्रिगेड को बुलाया गया। आग इतनी तेज थी कि उसपर काबू पाने के लिए फायरब्रिगेड को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी, तकरीबन 1.00 घन्टे तक उसपर काबू पाने के लिए फायरब्रिगेड की टीम लगी रही, तक जाकर दहकती आग पर काबू पाया गया। फायरब्रिगेड की टीम के द्वारा धीरे - धीरे आग को जैसे काबू पाया तो बिल्डिंग के अन्दर प्रवेश होने की कोशिश करता गया। जब बिल्डिंग के अंदर प्रवेश किया तो एक रूम को छोड़कर बाकी सभी रूम सुरक्षित थी। और जिस रूम में आग लगी थी उसपर ही सिरिंज थी।

### आगजनी की चपेट में एक लाख से ज्यादा माल जलकर खाक

पशुविभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सीरिंज, एक लाख 25 हजार के लगभग नुकसान बताया है। लेकिन अभी तक पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से यह पता नहीं चल पाया है कि नुकसान कितना का हुआ है। जिस रुम में सीरिंज रखा गया था उस रूम के लगभग सभी सीरिंज जलकर खाक हो गई है। जानकारी प्राप्त यह भी हुई है कि कुछ मेडिसिन भी था उस बिल्डिंग में लेकिन अभी तक जानकारी नही मिली है। जिस तरह से आगजनी की चपेट में बिल्डिंग को लपेटा था लग था कि चारों दिशाओं में बिल्डिंग आग की तब्दील में है। लेकिन ऐसा कुछ नही हुआ है और बाकी रूम में रखा समान सुरक्षित हैं।

### धनाराम बघेल की बची जान

प्राप्त जानकारी के अनुसार पशुपालन विभाग की इस बिल्डिंग में धनाराम बघेल रात में सोते भी हैं। आगजनी की यह घटना दिन में होने की वजह से उनकी जान बच गयी। सूत्रों का कहना है कि यह वारदात अगर रात को हुई होती तो इसमें जनहानि भी हो सकती थी। लेकिन दिन में यह वारदात हुई हैं जिसके कारण जान बच गई।

पशुविभाग के पंकज ने बताया कि एक लाख 25 हजार के लगभग सीरिंज जलकर खाक हो गई है। बाकी चीजें सुरक्षित है।
**-डॉ पंकज साय,** पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ

# गुणवत्तायुक्त सड़क ही कांग्रेस सरकार का चेहरा होगा इससे नहीं किया जाएगा कोई भी समझौता–यूडी मिंज



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

## 13 बिंदुओं पर जारी हिदायत पत्र



सड़क की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठाने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में पहचान बना चुके कुनकुरी विधायक व संसदीय सचिव यूडी मिंज ने पीडब्लूडी पत्थलगांव डिवीजन के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को पत्र लिखकर बंदरचुंआ से दोकड़ा होते हुए फरसाबहार तक 21 किलो मीटर प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य के संबंध में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की सख्त हिदातय दी है। उन्होंने अपने पत्र में सड़क निर्माण के दौरान ध्यान दिए जाने वाले तकनीकी पहलुओं पर जोर दिया है। उन्होंने अपने पत्र के संबंध में पायनियर से चर्चा करते हुए बताया कि प्रदेश की कांग्रेस नीत भूपेश बघेल सरकार सड़कों को लेकर चिंतित और गंभीर है। मुख्यमंत्री ने इस बात को स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की बदहाल सड़कों को ठीक करना हमारी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़क ही कांग्रेस सरकार का चेहरा होगा। इससे किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक यूडी मिंज ने 13 बिंदुओं पर पत्र लिखकर पत्थलगांव ईई को कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़क निर्माण में उपयोग किए जाने वाले खनिज की गुणवत्ता की जांच मशीन स्थापित करने के साथ ही खनिज की रॉयल्टी, खनिज लाने के वैध स्त्रोतों के संबंध में जानकारी रखने की बात कही है।

सड़क की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी पहले से सतर्क रहें और जनता के पैसों से बन रही सड़कों पर विशेष ध्यान दें।
**यूडी मिंज,** विधायक कुनकुरी

# बजट –कांग्रेसी उपलब्धि गिना रहे, भाजपाई नाराज़

**छुरिया।** छत्तीसगढ़ सरकार का बजट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 मार्च को पटल पर रखा। उन्होंने कई नई घोषणाएं कि तो कुछ पुराने वायदे इस बजट से नदारद रहे। इसके लेकर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। अंचल के नेताओं ने इसे लेकर अपनी अपनी बातें सामने रखी है। एक ओर कांग्रेसी बजट की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं तो दूसरी ओर भाजपाई इस बजट से अंचल को न होने वाले फायदे, और भुलाए गए वायदों को लेकर कई आरोप लगा रहे हैं।

**बजट से छत्तीसगढ़ वासियों के साथ छलावा : पूर्व मंत्री भाटिया**

पूर्व मंत्री राजिंदरपाल सिंह भाटिया ने बजट पर प्रति या दी। उन्होंने कहा कि



किसानों के नाम पर नौटंकी करके घड़ियाली आंसू बहाने वाली इस प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए कोई राहत और उनके जीवन स्तर को उच्च स्तर पर ले जाने वाली महत्वकांक्षी योजना का कहीं जि नहीं है। इस बजट में किसान मजदूर युवा महिला बेरोजगार शासकीय सेवक किसी के लिए भी कुछ नहीं है। यह बजट छत्तीसगढ़ के धरातल पर कोई परिवर्तन नहीं ला सकता गरीबों का हक छीना गया है। उनके पक्के मकान छत व घर का सपना छीन लिया गया। इस बजट में नए रोजगार के सृजन की कोई व्यवस्था नही की गई है। इस बजट में अपने चुनावी घोषणा पत्र को दरकिनार कर बुजुर्ग किसान को 1500 पेंशन, विधवा महिला को 1000 पेंशन, युवाओं को 2500 प्रतिमाह देने की बात कह कर प्रदेश के लाखों युवाओं के साथ धोखा किया गया। कही पर भी इन सब चीजों का बजट में प्रावधान नही है। यह बजट राज्य को पीछे धकेलने वाला बजट है।

**आप जनता को निराश करने वाला बजट-रविन्द्र वैष्णव**

मंडल भाजपा अध्यक्ष रविंद्र वैष्णव ने कहा कि आम जनता और युवाओं इस बजट में अपने को ठगा सा महसूस कर रहे खास बात यह कि इस बजट में



खुज्जी विधान सभा के लिए कुछ भी नहीं हमारे क्षेत् की उपेक्षा की गई है, कुछ ठोस व खास बात बजट में नहीं है सरकार के बजट में घोषणा पत्र के वादों का कही पे उल्लेख नहीं यह इस सत्र का बजट निराश जनक रहा।

**'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़'' के संकल्प को पूरा करने वाला बजटः चुम्मन साहू**

**छुरिया।** जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव व जनपद सदस्य छुरिया चुम्मन साहू ने छ.ग. सरकार के बजट



पर कहा कि यह बेहतर वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक संतुलन और छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के संकल्प की स्पष्ट छाप दिखाने वाला जन कल्याकारी बजट है और गढ़बो नवा छत्तीसगढ की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है। जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव व जनपद सदस्य छुरिया चुम्मन साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा पत्रकारों की दुर्घटना जन्य आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान कर चौथे स्तम्भ के प्रति अपना सकारात्मक व मानवीय दृष्टिकोण दिखाया है। इसी प्रकार स्वच्छता दीदीयों के मानदेय में 1 हजार रूपये की वृद्धि कर 5 हजार से 6 हजार कर उनको आर्थिक सम्बल प्रदान किया गया है। साथ ही नगरीय निकायों को राहत देने के लिये अधोसंरचना विकास के लिये 482 करोड तथा जल आर्वधन योजना के लिये 120 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

## मुख्यमंत्री ने सरोजनी नायडू की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश की प्रथम महिला राज्यपाल और सुप्रसिद्ध कवयित्री सरोजिनी नायडू की पुण्यतिथि 2 मार्च पर नमन किया है।बघेल ने कहा है कि नायडू ने अपनी लेखनी और विद्वत्ता से अपनी अलग पहचान बनाई। उन्हें भारत कोकिला के नाम से विश्व भर में जाना जाता है। महिलाओं की जागरूकता की दिशा में भी उन्होंने कई काम किए। बघेल ने कहा कि नायडू के जीवन मूल्य हमें सही मार्गदर्शन देते रहेंगे।

## अब तक 58.62 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए 92 लाख मीट्रिक टन धान में से अब तक 58 लाख 62 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। इसमें 40 लाख 82 हजार 397 मीट्रिक टन धान का उठाव मिलरों द्वारा एवं 17 लाख 69 हजार 288 मीट्रिक टन धान का संग्रहण केन्द्रों में भण्डारण शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिलरों को 01 मार्च तक 42 लाख 7 हजार 897 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी किया गया है। राज्य के 2 हजार 210 मिलरों द्वारा धान का उठाव उपार्जन केन्द्रों से किया जा रहा है।

## रेरा में पंजीयन के बिना भू–खण्ड क्रय–विक्रय करने वाले बिल्डर पर एक लाख का जुर्माना लगाया


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा धमतरी जिले के कुरूद स्थित रियल एस्टेट प्रोजेक्ट श्रीराम टाउन 'एफ.बी.टाउन' द्वारा रेरा में बिना पंजीयन के प्रोजेक्ट का विज्ञापन प्रचार-प्रसार और भू-खण्ड क्रय-विक्रय करने के कारण एक लाख रूपए की शास्ति अधिरोपित किया गया है। साथ ही श्रीराम टाउन 'एफ.बी.टाउन' कुरूद द्वारा जब तक छत्तीसगढ़ रेरा में पंजीयन नहीं किया जाता है तब तक ग्राम चर्रा, पटवारी हल्का नम्बर 38 स्थित भूमि खसरा नम्बर -385, 361, 405, 355, 356/1, 357/1, 357/2, 358, 359/1, 359/2, 360, 376, 377, 333/2, 352/2, 373/2, 374/2, 375/2, 378/2 के विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर धमतरी एवं जिला पंजीयक को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है। धमतरी जिले के कुरूद के प्रमोटर- संजय ओस्तवाल, कादर हुसैन, पता-हिंगनघाट, जिला-वर्धा, महाराष्ट्र एवं प्रशांत चन्द्राकर, पता-श्रीराम टाउन, तहसील ऑफिस के सामने, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी के द्वारा विकसित किया गया है। भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 9 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार रेरा में पंजीयन किये बिना किसी भी प्रमोटर व भू-संपदा अभिकर्ता द्वारा किसी भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में यथास्थित, भू-खण्ड, अपार्टमेंट या भवन आदि को किसी भी रीति में विज्ञापित विपणित, बुक, विक्रय या विक्रय करने की प्रस्थापना अथवा क्रय के लिए व्यक्तियों को आमंत्रित नहीं किया जा सकता है। उक्त प्रमोटर एवं अभिकर्ता द्वारा रेरा के उपरोक्त प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए रेरा में पंजीयन किए बिना ही प्रोजेक्ट का विज्ञापन, प्रचार-प्रसार, भूखण्ड क्रय-विक्रय किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा संज्ञान लेकर उक्त प्रोजेक्ट ''श्रीराम टाउन'' (एफ.बी.टाउन) के प्रमोटर एवं अभिकर्ता के विरूद्ध प्रकरण क्रमांक - 2019-00833 संधारित किया गया। प्रकरण में विधिवत् सुनवाई करने के फलस्वरूप प्रोजेक्ट के प्रमोटर्स संजय ओस्तवाल एवं कादर हुसैन को उक्त कृत्य भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 3 का उल्लंघन करना पाए जाने के कारण धारा-59 के तहत् राशि 1,00,000/- रूपए शास्ति अधिरोपित किया गया।

## अविनाश ग्रुप का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हंगामा बुकिंग आफॅर

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह विशेष दिन अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं का सम्मान करने और उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाने का दिन है, इस महत्वपूर्ण दिवस पर अविनाश ग्रुप महिलाओं को विशेष उपहार देने जा रहा है। जिसके अंतर्गत महिलाओं के लिए शानदार ऑफर की पेशकश की है जिसमें महिलाओं द्वारा 1 मार्च से 8 मार्च अविनाश ग्रुप में प्रॉपर्टी खरीदने पर प्लॉटिंग प्रोजेक्ट में एक्टीवा फ्री व अपार्टमेन्ट और बग्लों की बुकिंग पर ए.सी. फ्री का ऑफर दिया जा रहा है। इस सन्दर्भ में अविनाश ग्रुप के प्रबंध संचालक आनंद सिंघानिया ने बताया अविनाश ग्रुप में हर वर्ग के लिए, हर बजट के अनुसार शहर के हर दिशा में प्लॉट, फ्लैट व बंगलो उपलब्ध है, यह ऑफर रायपुर, नया रायपुर, भिलाई, कुम्हारी, जगदलपुर, बिलासपुर में अविनाश ग्रुप की सभी प्रॉपर्टीज के लिए उपलब्ध है। इस अवसर पर एमडी आनंद सिंघानिया ने महिला दिवस के बारे में अपने विचार व्यक्त किये, उनके अनुसार नारियों में अपरिमित शक्ति और क्षमताएँ विद्यमान हैं। व्यवहारिक जगत के सभी क्षेत्रों में उन्होंने कीर्तिमान स्थापित किये हैं। अपने अदभुत साहस, अथक परिश्रम तथा दूरदर्शी बुद्धिमत्ता के आधार पर विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहीं हैं। मानवीय संवेदना, करुणा, वात्सल्य जैसे भावों से परिपूर्ण अनेक नारियों ने युगनिर्माण में अपना योगदान दिया है, वर्तमान दौर में महिलाएं खेल, सेना, शिक्षा, विज्ञान जैसे क्षेत्र में अपना पराक्रम दिखा रही है। साथ ही महिलाएं कॉर्पोरेट जगत में सामान योगदान दे रही है। इसका उदाहरण स्वयं अविनाश ग्रुपहै, ग्रुप के हर विभाग में महिलायें न की कार्यरत है बल्कि पूरी लगन से मेहनत कर ग्रुप को आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है व नई नई कीर्तिमान स्थापित कर रही है और उनके इस जज्बे को अविनाश ग्रुप सलाम करता है।

## अजय चंद्राकर ने साढ़े 55 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई

**कुरुद।** कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत कराई है। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2021 में कुरूद विधानसभा क्षेत्र को लोक निर्माण विभाग से साढ़े 55 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाकर एक बार फिर कुरुद क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रसर रखने का प्रयास किया है। बजट भाषण पत्र छग 2021 एवं विधायक निवास कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला धमतरी के खैरा से मोगरा मार्ग का निर्माण- लम्बाई 2.50 किमी कार्य के लिए 525 लाख रुपये, नवागांव ( थुहा ) से सोनपुर मार्ग का निर्माण लम्बाई 1.5 किमी के लिए 525 लाख रुपये, भाठागांव से भखारा मार्ग का चौड़ीकरण कार्य, लम्बाई 10.6 किमी के लिए 525 लाख रुपये, सिर्री, फुसेरा, करगा, चटौद मुख्य जिला मार्ग का चौड़ीकरण कार्य ,



लम्बाई 9.30 किमी के लिए 525 लाख रुपये, कल्हे, अवरी, सेमरा, आमदी, धमतरी मुख्य जिला मार्ग से सेमरा खारून पुल ( हाई लेवल ब्रिज ) तक मार्ग का निर्माण , लम्बाई 1.20 किमी के लिए 525 लाख रुपये। इसी प्रकार कुरूद, चर्रा, कातलबोड़, नवागांव मार्ग का चौड़ीकरण कार्य, लम्बाई 8.80 किमी के लिए 1320 लाख रुपये। सिर्री- खर्रा, दर्रा, पटेवा मार्ग का चौडीकरण कार्य, लम्बाई 5.80 किमी के लिए 525 लाख रुपये, गाड़ाडीह, परखंदा, गुदगुदा, सिरसिदा, नारी मार्ग का चौडीकरण मार्ग लम्बाई 12.70 किमी 525 लाख रुपये, मेघा से खैरझिटी मार्ग का चौड़ीकरण कार्य, लम्बाई 3.50 किमी के लिए 525 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। इस प्रकार उन्होंने कुल साढ़े 55 करोड़ रुपये की कार्य बजट में शामिल करवाया है।

## छत्तीसगढ़ी जनजीवन को हाइट देने वाला बजट : तपन

**कुरुद।** छ ग सरकार के बजट 2021 की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए नगर पंचायत कुरुद के प्रथम नागरिक तपन चन्द्राकर ने इस बजट को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की किसानो, मजदूरों, महिलाओं एवं बुजुर्गों हेतु अनेको जतन के उपाय करते हुए



जनकल्याणकारी बजट प्रस्तुत किया है। कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु प्रस्तुत भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना बताते हुए कहा कि इस बजट में सर्वप्रथम राजीव गांधी किसान न्याय योजना को शामिल कर किसानों को सच्चा सम्मान प्रदान किया है। साथ ही गरीब मजदूरों के हितों की खातिर श्रम योजनाओं को और बेहतर बनाते हुए, नगरीय सफाईकर्मियों को भी 1000 रु की वृद्धि प्रदान की है। जो निश्चय ही प्रसंशनीय है। माताओ को द्वितीय कन्या संतान प्राप्ति पर 5000 रू प्रोत्साहन राशि देकर उन्हें मातृत्व सम्मान दिया है। बुजुर्गो हेतु नवीन वृद्ध पुनर्वास केन्द्रों की योजना से प्रदेशभर के बुजुर्गों को सम्मनजनक आश्रय स्थल उपलब्ध कराने की जनसेवा से युक्त योजनाओं को बजट में शामिल किया है। चन्द्राकर ने आगे कहा किभूपेश सरकार द्वारा दलगत राजनीति से ऊपर उठ समूचे छत्तीसगढ़ का विकास चाहने वाली सरकार है। बजट सत्र 2021-22 में कुरुद विधानसभा के खैरा से मोंगरा मार्ग निर्माण 2.50 किमी. अनुमानित राशि 525.00 लाख रुपए, नवागांव से सोनपुर मार्ग निर्माण 1.5 किमी. अनु. राशि 525.00 लाख रुपए, भांठागांव से भखारा 10.6 किमी सड़क चौड़ीकरण अनु. राशि 525.00 लाख रुपए, सिर्री-फुसर,करगा-चटोद मार्ग 9.30 किमी. चौड़ीकरण अनु. राशि 525.00 लाख रुपए, कल्हे-अवरी, सेमरा-आमदी खारुन पुल तक 1.20 किमी. मार्ग निर्माण अनु. राशि 525.00 लाख रुपए, कुरुद से कातलबोड-नवागांव 8.80 किमी. सड़क चौड़ीकरण अनु. राशि 1320.00 लाख रुपए, सिर्री-खर्रा, पटेवा 5.80 सड़क चौड़ीकरण अनु. राशि 525.00 लाख रुपए मंजूर किए।

## 60 वर्ष से अधिक उम्र एवं 45 से 59 वर्ष के मध्य को-मार्बिड अधिकारी, कर्मचारियों का सूची उपलब्ध कराने कलेक्टर के निर्देश

# कलेक्टर महोबे ने जिले में कोविड–19 टीकाकरण कार्य सुव्यवस्थित संचालित करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण महत्वपूर्ण कार्य है, जिले में कोविड-19 टीकाकरण कार्य सुव्यवस्थित रूप से संचालित करें। महोबे मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने जिले के वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों) व चिन्हांकित बीस बीमारियों से ग्रसित 45 वर्ष से 59 वर्ष के मध्य को-मार्बिड व्यक्तियों का कोविड-19 टीकारण की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण कार्य के सुव्यवस्थित संचालन में सभी विभागों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि 1 मार्च 2021 से वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों) व चिन्हांकित बीस बीमारियों से ग्रसित 45 वर्ष से 59 वर्ष के मध्य को-मार्बिड व्यक्तियों का कोविड-19 टीकाकरण जिला चिकित्सालय बालोद व स्वास्थ्य संचय अस्पताल बालोद में प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को टीकाकरण सत्र स्थल पर आधार कार्ड, इलेक्ट्राल फोटो, आईडेन्टिटी कार्ड (ईपीक), पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर कार्ड, पेंशन दस्तावेज(फोटो सहित) में से एक पहचान पत्र साथ लाना आवश्यक है। जिसके माध्यम से हितग्राही की पहचान की जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि बताया कि 45 से 59 वर्ष के मध्य वाले को-मार्बिड हितग्राहियों को एमसीआई रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के द्वारा निर्धारित प्रारूप (भारत शासन द्वारा जारी गाइडेंस नोट फॉर कोविन 2.0 में संलग्न प्रपत्र ) में जारी प्रमाण पत्र को कोविन 2.0 में अद्यतन करना होगा अथवा प्रमाण पत्र की हार्ड कापी टीकाकरण स्थल पर उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों के पंजीकरण हेतु तीन प्रक्रियाए हैं।

**सत्र स्थल पर पंजीकरणः** हितग्राही कोविड टीकाकरण सत्र स्थल पर जाकर वॉक इन रजिस्ट्रेशन कर कोविड-19 टीकाकरण करा सकते हैं। फैसेलिटेटेड को हार्ड पंजीकरण-जिलों द्वारा लक्षित हितग्राहियों को मितानिन, एएनएम, नगरीय निकाय, पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधि व महिला स्वसहायता समूह द्वारा सत्र स्थल पर मोबीलाईज किया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण पश्चात् समस्त हितग्राहियों को कोविन 2.0 पर डिजिटल क्यू.आर. कोड आधारित प्रोविजनल/फाईनल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जावेगा। यह प्रमाण पत्र एसएमएस द्वारा प्राप्त लिंक से भी डाउन लोड किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शासकीय अस्पतालो में कोविड-19 टीकाकरण बिना किसी शुल्क के किया जाएगा, परन्तु निजी अस्पतालों में अधिकतम राशि 100 रूपए सर्विस शुल्क तथा 150 रूपए वैक्सीन हेतु अर्थात इस प्रकार कुल राशि 250 रूपए प्रति हितग्राही प्रति डोज लिया जाएगा। यह शुल्क हितग्राही द्वारा देय होगा। उन्होंने बताया कि बालोद जिले में छह पीएमजेएवाय इम्पैनल्ड निजी अस्पतालों (शहीद अस्पताल, पुष्पा अस्पताल, संजीवनी अस्पताल, ज्योति अस्पताल विकासखण्ड डौण्डी तथा स्वास्थ्य संचय अस्पताल व सागर अस्पताल विकासखण्ड बालोद) में कोविड टीकाकरण सत्र आयोजन की सहमति दी गई है।

**अधिकारी, कर्मचारियों का सूची उपलब्ध कराने निर्देशः** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के सर्व विभाग प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यरत ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों जो 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं एवं ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जो 45 वर्ष से 59 वर्ष के मध्य में हैं व चिन्हांकित 20 बीमारियों से ग्रसित है, उनकी सूची संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उपलब्ध कराए तथा उक्त सूची की एक प्रति कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रदाय करना सुनिश्चित करें।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403